


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन पर संकट : पर्यावरण में घुलता प्लास्टिक कचरा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 35, अंक 126, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 1 जून 2025


**आज का मौसम** 40.4° अधिकतम तापमान | 25.6° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 :05

देश में बढ़ा कोरोना ...12




## आईपीएस राजीव कृष्ण बने उप्र के नए डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नियुक्ति का आदेश जारी, प्रशांत कुमार को नहीं मिला सेवा विस्तार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के निदेशक व उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष, 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उनका कार्यभार डीजीपी पद पर स्थायी नियुक्ति होने तक रहेगा।

शनिवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से इस आशय का निर्देश जारी हुआ। कार्यवाहक डीजीपी रहे प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार न देते हुए राज्य सरकार ने यह फैसला लिया। राजीव कृष्ण को 11 वरिष्ठ



आईपीएस अफसरों को 'सुपरसीड' करते हुए डीजीपी की जिम्मेदारी दी गई। मूल रूप से गौतमबुद्धनगर के निवासी राजीव इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन से इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्हें दो बार राष्ट्रपति का गैलेंट्री अवार्ड भी मिल चुका है।

## जम्मू-कश्मीर सहित छह राज्यों में हुआ मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार के निर्देश पर उत्तर-पश्चिमी सीमावर्ती राज्यों में 'आपरेशन शील्ड' के तहत वायु हमलों से बचाव के लिए छद्म अभ्यास (मॉक ड्रिल) किए गए।

- हवाई हमलों से बचाव का किया गया अभ्यास

केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में अलग अलग स्थानों में हुए इस अभ्यास में सिविल डिफेन्स और विभिन्न सरकारी एजेंसियों ने जनभागीदारी के साथ हवाई हमले से बचाव के प्रदर्शन किए। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में अमर सिंह निवास में मॉक ड्रिल हुआ। उधर राजस्थान में जयपुर में मॉक ड्रिल के दौरान घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और वाहनों की लाइटें बंद कर नागरिकों ने इस प्रयास में विशेष सहयोग दिया। हरियाणा में 22 जिलों में मॉक ड्रिल किया गया।

## ओपल को मिस वर्ल्ड का ताज

हैदराबाद, एजेंसी

- थाईलैंड की सुंदरी ने 108 प्रतिभागियों को पछाड़ा, भारत की नंदिनी गुप्ता शीर्ष आठ में पहुंचने से पहले हुई बाहर

थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंग श्री को शनिवार को मिस वर्ल्ड 2025 के ग्रैंड फिनाले के बाद 72वीं मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया। इथियोपिया की हासेट डेरेजे एडमसु को उपविजेता घोषित किया गया। भारत की प्रतिभागी नंदिनी गुप्ता शीर्ष 8 में पहुंचने से पहले ही प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।


नंदिनी गुप्ता

आयोजकों के अनुसार, तेलंगाना में एक महीने तक उद्देश्यपूर्ण गतिविधियों, सांस्कृतिक मिलन और उद्देश्य-संचालित गतिविधियों के जीवंत कार्यक्रमों के बाद, दुनिया भर से पहुंचीं 108 प्रतिभागियों ने विश्व सौंदर्य प्रतियोगिता में मिस वर्ल्ड का ताज जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा की। विजेता ओपल, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की छात्रा हैं। उन्हें मनोविज्ञान और मानव विज्ञान में रुचि है और वह राजदूत बनना चाहती हैं। उन्होंने स्तन कैंसर के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों के लिए स्वयंसेवी के तौर पर काम किया है। मिस वर्ल्ड वेबसाइट के अनुसार, ओपल को उकेलेले (वाद्य यंत्र) बजाने में भी महारत हासिल है। उनके पास सोलह बिल्लियां और पांच कुत्ते हैं। मिस वर्ल्ड की अध्यक्ष जूलिया मोर्ले सीबीई ने जूरी का नेतृत्व किया और 72वीं मिस वर्ल्ड की विजेता की घोषणा की। अभिनेता सोनू सूद को प्रतिष्ठित मिस वर्ल्ड मानवतावादी पुरस्कार दिया गया।

## एक नजर

### प्रख्यात वन्यजीव संरक्षक वाल्मीक थापर का निधन

**नई दिल्ली।** देश के सबसे प्रख्यात वन्यजीव संरक्षणवादियों और लेखकों में से एक वाल्मीक थापर का शनिवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। नई दिल्ली में 1952 में जन्मे थापर ने अपना जीवन खासकर राजस्थान के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में बाघों के अध्ययन और संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने 1988 में 'रणथंभौर फाउंडेशन' की सह-स्थापना की जो समुदाय-आधारित संरक्षण प्रयासों पर केंद्रित एक गैर-सरकारी संगठन है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उनके निधन को एक बड़ी क्षति बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि आज का रणथंभौर खास तौर पर उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून का प्रमाण है।

### आय से अधिक संपत्ति में अभियंता गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार के एक वरिष्ठ अभियंता को उनकी सेवानिवृति के दिन आय से अधिक संपत्ति के आरोप में गिरफ्तार किया गया। राज्य सतर्कता विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि अभियंता से जुड़े परिसरों पर तलाशी के दौरान 2.56 करोड़ रुपये की नकदी बरामद होने और कई अचल संपत्तियों की जानकारी मिलने के एक दिन बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सारंगी शनिवार को 34 वर्षों की सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले थे।

### पहलवान गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय स्तर के पहलवान से हथियार तस्कर बने 32 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस ने बताया कि सोनू लंगड़ा उर्फ पहलवान एक सड़क दुर्घटना में अपना पैर गंवाने के बाद अपराधियों को अवैध हथियार की आपूर्ति करने लगा था, करीब आठ साल तक फरार रहने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। सोनू लंगड़ा को 29 मई को उत्तर प्रदेश के बागपत में उसके पैतृक गांव से पकड़ा गया।

### मुकदमे पर रोक की लालू की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें नौकरी के बदले जमीन घोटाले में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी।

# आतंकवादियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी, यही उनका काल बना

## प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को फिर चेताया, अब छद्म युद्ध नहीं चलेगा

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दो टूक कहा कि भारत अब आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि अब उन्हें (आतंकवादियों को) घर में घुसकर मारा जाएगा और अगर उधर से गोली चली तो जवाब गोले से दिया जाएगा।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में मोदी ने सिंदूर को वीरता का प्रतीक करार दिया और पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को देश के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे सफल आतंकवाद विरोधी अभियान बताया। कहा कि आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, यही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।



कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज लहराते प्रधान मंत्री मोदी, मप्र के सीएम मोहन यादव।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध नहीं चलेगा, अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अब भारत का एक-एक नागरिक कह रहा है, 140 करोड़ देशवासियों की बुलंद आवाज कह रही है कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो मानकर चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या किए जाने की घटना के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किए गए।

### पहलगाम में हमारी संस्कृति पर हुआ था प्रहार

मोदी ने कहा कि भारत संस्कृति और परंपराओं का देश है और सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है। राम भक्ति में लीन हनुमान जी भी सिंदूर लगाते हैं। हम शक्ति पूजा में सिंदूर चढ़ाते हैं। यह सिंदूर वीरता का प्रतीक बन गया है। सिंदूर हिंदू महिलाओं की वैवाहिक स्थिति का प्रतीक है और 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद सैन्य ऑपरेशन के नाम के रूप में इसका इस्तेमाल जोरदार तरीके से हुआ। मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। सबसे बड़ी बात आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, ये चुनौती ही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।

## देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकीलों के लिए नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग का किया उद्घाटन

**अमृत विचार :** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सीजेआई) भूषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 680 करोड़ से वकीलों के लिए बने चैंबर्स और मल्टीलेवल वाहन पार्किंग भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्र, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली, दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, यूपी के एडवोकेट जनरल अजय कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।


सीजेआई को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री योगी।

### वादकारी का भी बड़ा महत्वः योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का महत्व भी उतना ही है। कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग तभी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग हो। मल्टीलेवल पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स के एक्सटेंशन के लिए भी जल्द धनराशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ से देश-विदेश के 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अभिभूत होकर गए। इसमें बड़ी भूमिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय की भी थी।

### पॉवरफुल मुख्यमंत्री हैं योगी : गवई

सीजेआई ने कहा कि अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। योगी जी तो पॉवरफुल मुख्यमंत्री हैं ही।

## खाई में पलटी कार, छह बरातियों की मौत

- बरात में शामिल होने के बाद देर रात घर लौट रहे थे सभी

संवाददाता, हरदोई/शाहाबाद/पाली

**अमृत विचार :** जिले में एक सड़क हादसे में दूल्हे के दो चचेरे भाइयों और बहनोई समेत छह लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच बरातियों को लखनऊ के हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। हादसा मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर हुआ। सूचना पर डीएम अनुनय झा, एसपी नीरज कुमार जादौन मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

पाली थाने के मोहल्ला पटियानीम निवासी नीरज पुत्र रामसेवक की बरात शुक्रवार को मझिला थाने के कुसुमा गांव गई थी। वहां द्वारचार के बाद खाना-पीना हुआ। उसके बाद दूल्हे के दो चचेरे भाई जितेंद्र (25), आकाश (22), जितेंद्र का पांच वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ, पाली थाने के किलकिली मजरा बेझा निवासी बहनोई जौहरी (35), पटियानीम निवासी रिश्तेदार उदयवीर (20) के अलावा अमन, प्रवीण, प्रवीण का भाई नीरज उर्फ निन्नू, रंजीत और नरेंद्र वापस गांव जाने को तैयार हुए। बरात के साथ गई आर्टिगा कार से ड्राइवर 30 वर्षीय रामू राठौर उर्फ अरुण कुमार निवासी भगवंतपुर पाली के साथ देर रात लौट रहे थे। शनिवार की भोर करीब चार बजे कार मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर खाईं में पलट गई। जिसमें ड्राइवर राजू उर्फ अरुण के साथ जितेंद्र, आकाश, सिद्धार्थ व जौहरी की मौके पर मौत हो गई। जबकि उदयवीर, अमन, प्रवीण, नीरज उर्फ निन्नू, रंजीत और नरेंद्र घायल हो गए, सभी को मेडिकल कॉलेज से लखनऊ के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उदयवीर ने भी दम तोड़ दिया।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक, दिए सहायता के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के लिए शोक संवेदनाएं प्रेषित कीं। साथ ही जिले के अधिकारियों को तत्काल अस्पताल पहुंच कर घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए। घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## कर्नाटक में तंबाकू खरीदने की उम्र बढ़ाकर 21 वर्ष की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने एक कानून अधिसूचित किया है, जिसके तहत हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाया गया है और तंबाकू उत्पाद खरीदने की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष की गई है। उल्लंघन के लिए जुर्माने में बढ़ोतरी की गई है। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद विधेयक, 2024 को 23 मई को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद 30 मई को अधिसूचना जारी की गई। तंबाकू उत्पादों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अधिनियम में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू उत्पादों का इस्तेमाल नहीं करेगा।

## नफरती भाषण मामले में विधायक अब्बास अंसारी को दो साल की सजा

मऊ, एजेंसी



- सुभासपा विधायक की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आई

मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक और पूर्व बाहुबली राजनेता मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने नफरत भरे भाषण (हेट स्पीच) के मामले में दोषी करार देते हुए शनिवार को दो साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही अंसारी की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आ गई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मऊ सदर सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने तीन मार्च 2022 को पहाड़पुर मैदान में एक जनसभा के दौरान मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद सबक सिखाने की धमकी दी थी। बचाव पक्ष के वकील दारोगा सिंह ने बताया कि इस मामले में अंसारी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विशेष एमपी/एमएलए अदालत के न्यायाधीश केपी. सिंह ने सुनवाई के बाद शनिवार को अब्बास अंसारी को दोषी ठहराया और धारा 189 तथा 153-ए के तहत दो-दो साल, धारा 506 के तहत एक साल और धारा 171-एफ के तहत छह महीने की सजा सुनाई। दो हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है।

विशेष अदालत के इस आदेश को अब सत्र अदालत में चुनौती दी जाएगी। फिलहाल, अब्बास अंसारी को अस्थायी जमानत मिल गयी है। इस मामले में अब्बास के साथी मंसूर अंसारी को भी सजा सुनाई गई है जबकि छोटे भाई उमर अंसारी को बरी कर दिया है।

## बारिश से पूर्वोत्तर में तबाही, 22 की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में समय से पहले आया मानसून पूर्वोत्तर में जमकर तबाही मचा रहा है। बीते तीन दिनों में पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ में 22 लोगों की मौत हो गई जबकि हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। घर गिरने से बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं।

अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण कई जिलों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पूर्वी कामेंग जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 13 के बाना-सेप्पा खंड पर शुक्रवार देर रात भूस्खलन के कारण एक वाहन के सड़क से बह जाने से दो परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। निचला सुबनसिरी जिले में एक अन्य घटना में जीरो-कामले मार्ग पर पाइन ग्रूव क्षेत्र के निकट एक खेत में भूस्खलन होने से दो मजदूरों की मौत हो गई। ऊपरी सुबनसिरी में सिगिन नदी के उफान पर आने से दापोरिजो में बाढ़ से व्यापक क्षति हुई है।



- बाढ़ आने और घर गिरने से पांच राज्यों में हजारों परिवार प्रभावित

वहीं, असम में पिछले 24 घंटों में हुए भूस्खलन में आठ लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण छह जिलों में बाढ़ आ गई है जिससे 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मिजोरम में शनिवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मकान ढहने से म्यांमा के तीन शरणार्थियों समेत चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस मानसून में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

मणिपुर में भी कुछ इलाकों में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई है। नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। त्रिपुरा में भी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति है। वहीं, कर्नाटक मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार राज्य में अप्रैल से अब तक बारिश जनित घटनाओं के कारण 71 लोगों की मौत हुई है।

## भारत ने आतंक के खिलाफ खींची नई लक्ष्मण रेखा

सिंगापुर, एजेंसी

- सीडीएस जनरल चौहान बोले-उम्मीद है कि शत्रु को सबक मिला होगा

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवाद के खिलाफ एक नई लक्ष्मण रेखा खींची है और उम्मीद है कि इस सैन्य कार्रवाई से हमारे शत्रु को कुछ सबक मिला होगा। यहां शांगरी-ला डायलॉग से जुड़े कार्यक्रम के दौरान, हालिया ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान संबंधों में रणनीतिक स्थिरता से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीडीएस ने कहा कि ताली दोनों हाथों से बजती है, उम्मीद है कि वे इसे समझेंगे।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद, सात मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमले किए गए थे। पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले किए थे। संघर्ष विराम पर सहमति बनने के बाद 10 मई को हमले रोक दिए गए थे। सैन्य संघर्ष से मिली सीख के बारे में पूछे जाने पर जनरल चौहान ने कहा कि हम 300 किलोमीटर तक की हवाई सुरक्षा को सटीकता के साथ भेदने में सक्षम थे।

जनरल चौहान और विभिन्न देशों के कई अन्य रक्षा प्रमुखों या प्रतिनिधियों ने एशिया के एक प्रमुख शिखर सम्मेलन शांगरी-ला डायलॉग के एक भाग के रूप में आयोजित भविष्य की चुनौतियों के लिए रक्षा नवाचार संसाधान विषय पर सेमिनार के दौरान कई सवालों के जवाब दिए, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर और इसके निहितार्थ से जुड़े सवाल भी शामिल थे।



### छह विमानों को गिराने का पाकिस्तानी दावा गलत

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष में विमान के नुकसान के बाद, भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया और पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया। उन्होंने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के इस्लामाबाद के दावे को भी सरासर गलत बताया। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिए एक साक्षात्कार में चौहान ने कहा कि प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद भारत ने पाकिस्तान में सटीक हमले किए। सीडीएस ने नुकसान का ब्योरा देने से इनकार कर दिया। सीडीएस ने कहा कि मुझे लगता है कि लड़ाकू विमान का गिरना महत्वपूर्ण बात नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे।

## एक नजर

### पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड ऑडियो टूर की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए योगी सरकार एक और परियोजना शुरू करने जा रही है। इसके तहत पर्यटन विभाग 100 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर पोर्टल और सामग्री विकसित कर रहा है। पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर, जो पर्यटकों को पांच से सात मिनट की ऑडियो कहानियों के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख स्थानों की जानकारी देगा। ये ऑडियो टूर 10 क्षेत्रीय भाषाओं (हिंदी, बंगला, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, अंग्रेजी, कन्नड़, ओडिया और मलयालम) तथा पांच अंतरराष्ट्रीय भाषाओं (फ्रेंच, स्पेनिश, जर्मन, जापानी और मंदारिन) में उपलब्ध होंगे। ये ऑडियो कहानियां ऐतिहासिक और सांस्कृतिक तथ्यों को जीवंत करेंगी, जिसमें बैकग्राउंड म्यूजिक और परिवेश ध्वनियां शामिल होंगी।

### इको पर्यटन की थीम पर 22 जिलों में लगेंगे साइनेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड राज्य के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का गंतव्य स्थल बनाने जा रहा है। इसके लिए लगभग 9.72 करोड़ रुपये से 22 जिलों में साइनेज लगाए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को बताया कि इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गंतव्य स्थल के आसपास पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रहा है। बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व, दुधवा नेशनल पार्क, किशनपुर वाइल्डलाइफ सेंचुरी और कतर्नियाघाट वाइल्डलाइफ सेंचुरी आदि प्रमुख स्थलों पर आने के लिए लखनऊ और दिल्ली सेंटर प्वाइंट है। यहां से गंतव्य स्थलों को जाने वाले प्रमुख मार्गों पर साइनेज लगाए जाएंगे। साइनेज में नजदीकी गंतव्य स्थल की दूरी के साथ-साथ वहां के प्रमुख आकर्षणों को भी दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह दो अलग-अलग परियोजनाओं में लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गौतमबुद्ध नगर आदि जिलों में साइनेजेज लगाए जाएंगे।

### अपर निदेशक के पद पर पदोन्नत हुए भानु प्रकाश राम

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में तैनात संयुक्त निदेशक भानु प्रकाश राम पदोन्नति देकर अपर निदेशक उद्यान मुख्यालय लखनऊ के पद पर नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार की ओर से शनिवार को इस सिलसिले में आदेश जारी किये गए। वह अभी तक औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र बस्ती में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात थे। भानु प्रकाश राम डॉ. विजय बहादुर द्विवेदी का स्थान लेंगे, जो शनिवार के सेवानिवृत्त हो गए।

### राजभवन में आज से शुरू होगा योगाभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजभवन में 1 जून से योगाभ्यास कार्यक्रम शुरू होगा। 20 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम में रोजाना एक हजार प्रतिभागी शामिल होंगे। 21 जून को भव्य योग कार्यक्रम आयोजित होगा। योगाभ्यास कार्यक्रम में विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि, राजभवन कर्मी आदि शामिल होंगे।

# नए डीजीपी बीहड़ में तोड़ चुके हैं अपहर्ताओं की कमर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई अधिकारी थे डीजीपी बनने की दौड़ में, राजीव कृष्ण ने सबको पीछे छोड़ा

**अमृत विचार :** प्रदेश के नये कार्यवाहक डीजीपी बनाये गए राजीव कृष्ण वर्ष 2004 में आगरा में एसएसपी के तौर पर अपनी कार्यशैली के कारण काफी चर्चा में रह चुके हैं। उन्होंने उस समय पर आगरा में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था। साथ ही, बीहड़ में सक्रिय अपहरण गिरोहों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की थी। नये भूमिका में अपनी नियुक्ति के दौरान उन्होंने दौड़ में शामिल कई अफसरों को पीछे छोड़ दिया।

20 जून 1969 को जन्मे राजीव कृष्ण मूल रूप गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की पढ़ाई की। स्नातक के बाद उन्होंने 1991 में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की और आईपीएस अफसर के रूप में चयनित हुए। उनकी पत्नी मीनाक्षी सिंह वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी हैं और लखनऊ स्थित आयकर विभाग के मुख्यालय में तैनात हैं। डीजीपी की दौड़ में राजीव कृष्ण के अलावा 1990 बैच के आईपीएस बीके मौर्य समेत कई अधिकारी दौड़ में थे, पर उन्हें सफलता नहीं मिली।


लखनऊ : शनिवार को कार्यवाहक डीजीपी का कार्यभार ग्रहण करने के बाद सेवानिवृत्त कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार से हाथ मिलाते राजीव कृष्ण।

राजीव कृष्ण मथुरा, इटावा, आगरा, नोएडा और लखनऊ में एसपी/एसएसपी जैसे चुनौतीपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह यूपी एटीएस (एंटी टेरर स्क्वाड) के संस्थापक प्रमुख थे। इसके अलावा, उन्होंने बीएसएफ में आईजी ऑपरेशंस के रूप में कार्य किया। उनकी सेवानिवृत्ति में चार वर्ष और एक माह का समय बाकी है, जिसकी वजह से वह प्रदेश के स्थाई डीजीपी भी बन सकते हैं।

# डबल इंजन मिलकर एक अधिकारी नहीं चुन सकते : अखिलेश यादव

- नए डीजीपी पर सपा प्रमुख की टिप्पणी

**अमृत विचार, लखनऊ :** 1991 बैच के आईपीएस राजीव कृष्ण को प्रदेश का नया डीजीपी बनाए जाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार शाम को लिखा कि प्रदेश को एक और कार्यवाहक डीजीपी मिल गया है। जब 'डबल इंजन' मिलकर एक अधिकारी नहीं चुन सकते तो भला देश-प्रदेश क्या चलाएंगे।

सपा अध्यक्ष ने बिना नाम लिए प्रशांत कुमार को इंगित करते हुए लिखा कि आज जाते-जाते वो जरूर सोच रहे होंगे कि उन्हें क्या मिला, जो हर गलत को सही साबित करते रहे। यदि व्यक्ति की जगह संविधान और विधान के प्रति निष्ठावान रहते तो कम-से-कम अपनी निगाह में तो सम्मान पाते। अब देखना ये है कि वो जो जंजाल पूरे प्रदेश में बुनकर गये हैं, नये वाले उससे मुक्त होकर निष्पक्ष रूप से न्याय कर पाते हैं या फिर उसी जाल के मायाजाल में फंसकर ये भी सियासत का शिकार होकर रह जाते हैं।

# आउटसोर्स सेवा निगम बनाने में आड़े आ रहे श्रम कानून

## 60 साल में सेवानिवृत्ति तय होते ही संबंधित कार्मिक समान पद-समान वेतन के होंगे हकदार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- न्याय विभाग देख रहा कानूनी पक्ष, फिर तय होंगे नियम और अंतर्नियम

**अमृत विचार :** आउटसोर्स सेवा निगम के तय किए गए मसौदे में अब श्रम कानून आड़े आ रहा है। न्याय विभाग को आपत्ति है कि जब चयन बोर्डों के मुखिया डीएम से लेकर प्रमुख सचिव होंगे और सभी को नए मानदेय पर 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर जारी होगा तो समान पद-समान वेतन की मांग श्रम अदालतों से लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक उठेगी। ऐसे में अब न्याय विभाग कानूनी अड़चनों का समाधान करते कानूनविदों से नए नियम और अंतर्नियम तय कर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले फरवरी माह के विधानसभा सत्र में आउटसोर्स कार्मिकों की पीड़ा गिनाकर उन्हें शोषण से मुक्ति दिलाने की घोषणा की थी। इसके लिए आउटसोर्स सेवा निगम बनाने का एलान करते हुए न्यूनतम वेतन, सेवा-सुरक्षा और हर माह की पांच तारीख तक कार्मिक के बैंक खाते में वेतन देने का संकल्प लिया था। किसी आउटसोर्स को नौकरी से न निकालने और 60 साल की उम्र में सरकारी कर्मचारी की भांति सेवानिवृत्ति देने जैसे एलान से लाखों कर्मचारी तीन माह से निगम के गठन का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इसे लेकर 25 अप्रैल को मुख्य सचिव समेत आउटसोर्स सेवा निगम का सीमा नियम (मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन) और अंतर्नियम (आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन) बनाने की जिम्मेदारी निभा रहे सचिवालय प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, कार्मिक विभाग, न्याय विभाग और श्रम विभाग के एसीएस या प्रमुख सचिव के साथ बैठक की थी। इसके बाद दो कैबिनेट बैठक हो चुकी है, मगर आउटसोर्स सेवा निगम का प्रस्ताव अभी तक कानूनी जामा पहनाने के लिए सामने नहीं आ पाया है।

सूत्र बताते हैं कि कंपनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत गैर लाभकारी उद्देश्यों वाले इस निगम के गठन समेत निदेशक मंडल तय करने के साथ उसके कार्य-अधिकार, कर्तव्य, नियमावली यानि सीमा नियम और अंतर्नियम के प्रावधान और इसी अनुरूप शासन, निदेशालय, नगर निगम, स्थानीय निकाय, सरकारी संस्थाएं, सरकार से अनुदानित संस्थाओं, मंडल और जिला स्तर बनीं समितियों के जरिए नियमानुसार चार श्रेणी के कुल 93 विभागों में नियुक्तियों के लिए तैयार मसौदा में श्रम कानून आड़े आ रहा है।

### कार्यरत 11 लाख संविदा कार्मिकों को एलआईपी देने पर पेंच

सरकारी विभागों और संस्थाओं में कार्यरत करीब 11 लाख संविदा कार्मिक कहीं 11 माह तो कहीं अधिकतम तीन साल के लिए एग्रीमेंट पर कार्यरत हैं। अब निगम सभी को नए मानदेय पर 60 साल उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर (एलआईपी) और निगम की ओर से आईडी कार्ड चयन समिति के अध्यक्ष को भेजने और उनके डिजिटल हस्ताक्षर से संबंधित कार्मिक को देने में न्याय विभाग कानून विदों से राय के बाद सहमत नहीं है। तर्क दिया जा रहा है कि आउटसोर्स एजेंसी को बाहर करते ही नए नियमों पर नियुक्त कर्मी सरकारी विभाग में स्थाई कर्मी का दावेदार तो होगा ही, वह समान पद पर समान वेतन का दावा भी श्रम न्यायालयों से लेकर हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कर सकता है।

### ऐसे सामने आ सकता नया प्रस्ताव

शासन के शीर्ष अधिकारी बताते है कि तीन पक्षीय समझौते के तहत विभाग, निगम व आउटसोर्सिंग एजेंसी के बीच समन्वित रूप से सभी प्रक्रियाएं संचालित होंगी। पारदर्शी चयन प्रक्रिया, जेम पोर्टल से एजेंसियों का चयन, मेरिट आधारित भर्ती, आधुनिक तकनीकों का प्रयोग, ईपीएफ/ईएसआई की समयबद्ध जमा व निगरानी और आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित होगा। किसी भी कर्मचारी को सेवा प्रदाता एजेंसी द्वारा तब तक सेवा से नहीं हटाया जाए, जब तक कि सम्बंधित विभाग के सक्षम अधिकारी की संस्तुति न हो। प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सभी कार्मिकों के बैंक खाते में पूरा पारिश्रमिक जमा हो जाए। साथ ही, ईपीएफ व ईएसआई की राशि भी समय से जमा हो। निगम का गठन करते हुए स्पष्ट प्रावधान हो कि नियमों के उल्लंघन पर एजेंसियों पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबार, पेनाल्टी व वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### समान वेतन ही नहीं, स्थायी की भी होगी मांग : कानूनविद

हाईकोर्ट में श्रम मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी सिंह कहते हैं कि आउटसोर्स सेवा निगम सरकार के द्वारा बनाया गया और शासन के शीर्ष अधिकारियों की ओर संचालित होगा। नियुक्तियां भी वही प्राधिकारी करेंगे, जो सरकारी नियुक्तियां करते हैं, ऐसे में पदों की जो श्रेणियां तय की गई हैं, उन्हीं पदों पर पहले सरकारी कार्मिक भी है। ऐसे में एक ही पद पर दो तरह का वेतन-भत्ता और सुविधाएं क्यों? जब सरकार के पास 60 साल के सेवानिवृत्ति तक पद रिक्त है तो संबंधित व्यक्ति अंशकालिक और संविदा जैसे वेतन का हकदार क्यों होगा। अभी तक सरकार की ओर से तर्क दिए जाते थे कि तय समयावधि के लिए ही जगह खाली था, इसलिए रखा गया।

### सरकारी अस्पतालों में योग दिवस मनाने की तैयारी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर योगी सरकार प्रदेश के समस्त छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों में कार्यक्रम आयोजित कराएगी। स्थानीय गणमान्य व्यक्ति को योग एंबेस्डर बनाया जाएगा, ताकि सभी आयु वर्ष के ज्यादा से ज्यादा लोग योगाभ्यास कर स्वस्थ्य रहें। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर विभाग के मुखिया ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) व प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों (सीएमएस) को अभी से तैयारी व प्रचार-प्रसार में जुट जाने को कहा है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने शनिवार को बताया कि इस वर्ष की थीम है, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग। उन्होंने कहा कि योग दिवस का उद्देश्य जनसमुदाय को योग अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करना है। समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर नियमित योग सत्र संचालित किए जाने की व्यवस्था है।

# निवेश परियोजनाओं की निगरानी करेगी विशेष टीम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इन्वेस्ट यूपी की विशेष टीम निवेश परियोजनाओं की निगरानी करेगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन्वेस्ट यूपी को टीम के गठन का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव शनिवार को लोकभवन में प्रदेश में औद्योगिक विकास को तेज करने व निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए उच्चस्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान लंबे समय से लंबित कई निवेश परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई।


लोकभवन में उच्चस्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

- मुख्य सचिव ने इन्वेस्ट यूपी को टीम का गठन करने के दिए निर्देश

मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि लंबित परियोजनाओं को तय समय सीमा में निस्तारित किया जाए। उन्होंने आंतरिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने व नियामकीय ढांचे का पालन करते हुए निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित निवेश योजनाओं को जल्द से जल्द धरातल पर लाने के लिए प्रक्रियात्मक देरी को समाप्त किया जाना चाहिए। बैठक का संचालन इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने किया। बैठक में पर्यटन, एमएसएमई, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, उद्यान, डेयरी, पशुपालन, शिक्षा, गन्ना विकास, यूपीसीडा, यूपीईडा, इन्वेस्ट यूपी और विकास प्राधिकरणों के वरिष्ठ अधिकारी भौतिक व वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

### उद्योग संगठनों से बनाएं सतत संवाद

मुख्य सचिव ने कहा कि उद्योग संगठनों व संबंधित हितधारकों से सतत संवाद के माध्यम से नीतियों में सुधार व निवेशकों के लिए प्रोत्साहन योजनाओं को और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों और विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे नियमों की अनावश्यक व्याख्या से बचें और सक्रियता से समाधान निकालें। उन्होंने उत्तर प्रदेश को निवेश का सर्वश्रेष्ठ गंतव्य बनाने के लिए रणनीतियों में समन्वय पर जोर दिया। बैठक में शिक्षा, हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक्स और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में प्रक्रियागत बाधाओं के चलते लंबित परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

# ऊर्जा निगमों में नहीं हो सकेगा आउटसोर्स कर्मियों का उत्पीड़न

## समय पर मिलेगा निर्धारित वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों में अब आउटसोर्स कर्मियों का उत्पीड़न नहीं हो सकेगा। कर्मियों को समय पर निर्धारित वेतन मिल सकेगा। अब आउटसोर्स कंपनियों को सारा विवरण पोर्टल पर डालना होगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने विभागीय पोर्टल पर आउटसोर्स कर्मियों का विवरण 'अपलोड' करना अनिवार्य कर दिया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने शनिवार को समीक्षा बैठक में इसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये।

पारदर्शिता की दृष्टि से पोर्टल पर इन कर्मियों का आवश्यक विवरण ईपीएफ, ईएसआई, मोबाइल नंबर, फोटो, तकनीकी-शैक्षिक योग्यता आदि पोर्टल पर 'अपलोड' करना आवश्यक है। इस पोर्टल के माध्यम से ही आउटसोर्स कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति आदि भी सत्यापित होगी और वेतन भी इसी आधार पर बनेगा। निर्देश के तहत जिस आउटसोर्स कंपनी का पूरा डाटा इस पोर्टल पर नहीं पड़ेगा, उसे उसके लाभ का भुगतान नहीं किया जाएगा। बैठक में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने सभी वितरण निगमों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आउटसोर्स पोर्टल पर सभी संविदा कर्मियों का डाटा 'अपलोड' कराएं।


शक्ति भवन में बैठक करते उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल।

- आउटसोर्स कंपनियों को कर्मियों का विवरण पोर्टल पर डालना अनिवार्य

# 514 करोड़ से चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे का होगा निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ :** चित्रकूट को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को 18 महीने में 514 करोड़ रुपए से अधिक लागत से बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

यूपीडा की ओर से तैयार कार्ययोजना के अनुसार, यह लिंक एक्सप्रेसवे 15.175 किलोमीटर लंबा होगा तथा इसे मुख्यतः फोरलेन बनाया जाएगा जिसकी विस्तार क्षमता 6 लेन की होगी। यह लिंक एक्सप्रेसवे चित्रकूट की कनेक्टिविटी बढ़ाने में मददगार होगा तथा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से कनेक्ट होगा। इस प्रकार, यह पर्यटकों, तीर्थयात्रियों व स्थानीय यात्रियों के लिए यातायात के उच्च स्तरीय मानक स्थापित करेगा तथा उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा।

# ऑनलाइन किए जाएंगे कार्मिकों के स्थानांतरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के अधीन विभागों में नई प्रक्रिया
- तबादले मानव संपदा पोर्टल के जरिए मेरिट बेस्ड पर होंगे
- पोर्टल पर विकल्प अपलोड करने की अंतिम तिथि 5 जून

**अमृत विचार :** आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के नियंत्रणाधीन विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्मिकों के स्थानांतरण मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से मेरिट बेस्ड ऑनलाइन किये जायेंगे। स्थानांतरण नीति वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत लंबी अवधि से कार्यरत कार्मिकों का स्थानांतरण किया जाएगा।

निदेशक, आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा साधना श्रीवास्तव ने बताया कि लेखा संवर्ग के लेखाकार-सहायक लेखाकार, लेखा परीक्षक संवर्ग के ज्येष्ठ लेखा परीक्षक-लेखा परीक्षक तथा सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के सहायक लेखाधिकारी के पदों पर कार्यरत कर्मियों के स्थानांतरण होने हैं। इसके लिए निदेशालय की वेबसाइट http://upiaad.up.gov.in पर जानकारी उपलब्ध है। मानव संपदा पोर्टल से स्थानांतरण किये जाने के लिए कार्मिकों से पोर्टल पर ऑनलाइन विकल्प प्राप्त किये जाने की तिथि 31 मई से 5 जून तक निर्धारित की गयी है।

उन्होंने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर 10 विकल्प कार्मिकों द्वारा स्वयं भरने होंगे। जिसके बाद उन्हें उनके विकल्प के अनुसार इच्छित जिले में स्थानांतरित किये जाने की संभावना बढ़ जाएगी। मानव संपदा पोर्टल पर भरे गए विकल्प को पोर्टल पर खोले गए जिला कार्यालय से मैच कराकर पोर्टल द्वारा स्वयं स्थानांतरित कर दिया जायेगा। विकल्प मैच न होने पर पोर्टल किसी भी जिला में स्थानांतरण कर देगा।

# 28 लोगों ने आईजीआरएस पोर्टल पर कीं 2114 शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अवैध निर्माण की शिकायत के नाम पर आम जनता का उत्पीड़न

**अमृत विचार :** शहर में अवैध निर्माण की शिकायत के नाम पर आम जनता का उत्पीड़न किया जा रहा है। ऐसे शिकायती गिरोह पर लखनऊ विकास प्राधिकरण शिकंजा कसने जा रहा है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने पिछले एक साल में निर्माण कार्यों के खिलाफ आयी शिकायतों की स्क्रूटनी करायी।




जिसमें 28 लोगों ने ही जनवरी 2024 से 30 मई 2025 के बीच 17 महीनों में निर्माण कार्यों के सम्बंध में 2114 शिकायतें दर्ज करायी हैं। उपाध्यक्ष ने शनिवार को जनहित में आदेश जारी किया है कि अब से निर्माण कार्यों के सम्बंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों पर गहन परीक्षण के बाद ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच में सामने आया कि एक महिला ने 19 मई 2024 से 30 मई 2025 के बीच आईजीआरएस पोर्टल पर अवैध निर्माण की 171 शिकायतें दर्ज करायी हैं। दूसरे नंबर पर एक व्यक्ति ने 168 और तीसरे नंबर पर एक शख्स ने 167 शिकायतें दर्ज करायी हैं। सूची में कुल 28 लोगों के नाम हैं, जो शहर में अलग-अलग जगह चल रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ बारी-बारी शिकायत दर्ज करा रहे हैं।

चिकित्सा | लंबे शोध के बाद टीम ने पाई सफलता

# पीजीआई के चिकित्सकों ने खोजा फैटी लिवर का इलाज

संवाददाता, पीजीआई

- मोटापा, डायबिटीज और खराब जीवनशैली है फैटी लिवर का बड़ा कारण
- डीहाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हर्मोन का स्तर बढ़ाने से कम होगा जोखिम

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के विशेषज्ञों ने लंबे शोध के बाद नॉन एल्कोहलिक लोगों के फैटी लिवर का इलाज खोजा है। शोध के मुताबिक, शरीर में पाए जाने वाले प्राकृतिक डीहाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हार्मोन लोगों के फैटी लिवर के जोखिम को कम करेगा। यह शोध पीजीआई के इंडोक्राइनोलॉजी विभाग के डॉ. रोहित ए. सिन्हा, डॉ. सना रजा और प्रतिमा गुप्ता ने किया है। इस शोध को मॉलिक्यूलर एंड सेल्युलर एंडोक्रिनोलॉजी पत्रिका ने हाल ही में प्रकाशित किया है।


टीम के सदस्यों के साथ डॉ. रोहित।

डॉ.रोहित ने बताया कि आधुनिक दौर में शराब न पीने वाले लोगों में मोटापा, डायबिटीज और खराब जीवन शैली सबसे बड़ा फैटी लीवर का कारण बनता जा रहा है। युवा और बड़ों में यह ज्यादा हो रही है। पीजीआई द्वारा किए गये शोध में यह देखा गया कि इस हार्मोन का स्तर बढ़ाने से लोगों में फैटी लिवर का जोखिम कम किया जा सकता है। हाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हार्मोन लिवर की कोशिकाओं से हानिकारक वसा को हटाने, सूजन कम करने के साथ ही दूसरे नुकसान को रोकता है। यह हार्मोन पुरुष और महिलाओं में सेक्स हार्मोन के उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है। लिहाजा यह शराब न पीने वाले लोगों में फैटी लिवर से बचाने में मददगार साबित होगा। डॉ. रोहित ने बताया कि इस हार्मोन की मात्रा को शरीर में संतुलित कर लोगों में फैटी लिवर को काबू में किया जा सकता है।

# निजीकरण के विरोध में और तेज होगा आंदोलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 87 अभियंताओं को नोटिस के बाद बिजली कर्मियों में बढ़ा गुस्सा

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी आंदोलन और तेज करेंगे। 87 अभियंताओं को नोटिस के बाद बिजली कर्मियों में गुस्सा बढ़ गया है। इस बीच, बिजली कर्मियों ने सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉनर्टन पर कार्रवाई न किये जाने पर मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के पदाधिकारियों ने कहा कि सलाहकार कंपनी ने सितंबर 2024 के टेंडर के सापेक्ष दिसंबर 2024 में 19 महीने के लिए लेखाकारों की भर्ती का विज्ञापन निकाल दिया गया था। यह विज्ञापन दिसंबर 2024 में नौकरी डॉटकॉम के पोर्टल पर निकाला गया था। संघर्ष समिति ने इस विज्ञापन का डॉक्यूमेंट जारी करते हुए कहा कि इसमें कार्य स्थल बरेली, लेसा, सीतापुर, रायबरेली, वाराणसी, आगरा, मथुरा, कानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, केस्को आदि उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण निगमों के सभी वितरण क्षेत्रों का नाम लिखा है। संघर्ष समिति ने प्रबंधन व सलाहकार कंपनी के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया है।

### राजभवन में 'देवी अहिल्याबाई' फिल्म का हुआ प्रसारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजभवन में शनिवार को वीरांगना देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर उनके जीवन पर आधारित फिल्म 'देवी अहिल्याबाई' फिल्म का प्रसारण हुआ। राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने फिल्म देखी। फिल्म में देवी अहिल्याबाई के संघर्षमय जीवन, सामाजिक न्याय के प्रति उनके दृष्टिकोण और महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को अत्यंत प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया। अहिल्याबाई ने न केवल विधवाओं के पुनर्विवाह का समर्थन किया, बल्कि सती प्रथा जैसी कुप्रथा के विरुद्ध भी मजबूत आवाज उठाई। उन्होंने अपने प्रशासन में स्त्रियों को सम्मान और संरक्षण दिया व समाज के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कीं। धार्मिक समरसता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान की पक्षधर देवी अहिल्याबाई ने काशी, गया, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, द्वारका और सोमनाथ जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों का पुनर्निर्माण करवाया। उनका शासन दया, धर्म, पारदर्शिता और जनसेवा पर आधारित था। उनके जरिये स्थापित आदर्श आज भी शासन प्रशासन व समाज के लिए अनुकरणीय है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### अमृत विचार आपके द्वार

अमृत विचार आपके द्वार' की टीम रविवार सुबह 9 बजे फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के श्याम विहार कॉलोनी में राधाकृष्ण मंदिर के पास पहुंचेगी। स्थानीय लोग टीम के समक्ष अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। आपकी समस्याओं को अखबार प्रमुखता से उठाएगा।

### मौसम

कई जगह हल्की बारिश होने की संभावना है।

40.4° अधिकतम तापमान | 25.6° न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- गोमती नगर के विवेक खंड में आधी रोटी हास्य कार्यक्रम– 9:00 बजे।

### एक नजर

#### ममता चौधरी बनीं एडीसीपी मध्य

**अमृत विचार, लखनऊ:** पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने शनिवार को तीन अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। जारी आदेश के मुताबिक ममता रानी चौधरी को एडीसीपी मध्य बनाया है। इसके पूर्व वह बनारस कमिश्नरेट के एडीसीपी महिला अपराध के पद पर तैनात रहीं। वहीं, सीबीसीआईडी कानपुर से लखनऊ आये विनीत कुमार सिंह को एसीपी मलिहाबाद और अंकित कुमार एसीपी यातायात की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### अजय पांडेय बने संगठन मंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ:** बलरामपुर के फार्मासिस्ट अजय कुमार पांडेय अज्जू को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र. का प्रदेश संगठन मंत्री बनाया गया है। डीपीए के अध्यक्ष संदीप बडोला, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा आदि ने अज्जू को बधाई दी है। अजय पांडेय ने कहा कि प्रदेश के सभी संवर्गों के हित में पुरानी पेंशन बहाली, वेतन विसंगति, पदनाम परिवर्तन, आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त कर नियमित पदों को भरने का कार्य कराया जाएगा।



#### मूर्तिकला कार्यशाला का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य संग्रहालय और एलपीएस वृंदावन योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 11 दिवसीय टेराकोटा म्यूरल एवं मूर्ति कला कार्यशाला का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। कार्यशाला में लगभग 30 कलाकारों ने प्रतिभाग किया। इन कलाकारों ने गौतम बुद्ध, शिव महादेव, नायिका, संगीतकार, सांकेतिक चिन्ह और अन्य पारंपरिक दृश्य उकेरे। इन कलाकृतियों की लखनऊ पब्लिक स्कूल में प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर राज्य संग्रहालय की सहायक निदेशक डॉ मीनाक्षी खेमका, डॉ, अनीता चौरसिया, प्रमोद कुमार, परवेज खान और लखनऊ पब्लिक स्कूल के अध्यापक और अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

#### कई इलाकों में बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार लखनऊ:** आरडीएसएस योजना के तहत शहर के कई इलाकों में मेंटीनेंस का काम किया जाएगा। इसके चलते चौपटिया उपकेंद्र के सराय माली खां और कक्कड़ पार्क में रविवार को सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। विकासनगर उपकेंद्र के आरएलबी सेक्टर–14 में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक और फैजुल्लागंज उपकेंद्र के मिल्लत नगर फीडर में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी।



धूप से बचने के लिए दुपट्टा ओढ़कर जाती युवतियां। अमृत विचार

## पारा पहुंचा 40 के पार

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजधानी लखनऊ में शनिवार को सुबह से आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ में धूप निकली रही। दिन में बीच - बीच में 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्वी हवा भी चली। अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.6 डिग्री कम था। मौसम विभाग ने राजधानी में कुछ जगहों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी और पूर्वी हवाओं के इंटरेक्शन के चलते तेज हवा चल सकती है।

# कचरा अब कंचन, वेस्ट से बन रहीं काम की चीजें

## दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने की महापौर सुषमा खर्कवाल की तारीफ

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** कचरे को अब कंचन समझा जाता है। शिवरी प्लांट में कूड़े का निस्तारण किया जा रहा और वेस्ट से काम की चीजें बन रही हैं। लखनऊ नगर निगम में प्रयोग की जा रही तकनीक को जानने विदेश से लोग आ रहे हैं। ये बात शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल का दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कही।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सेवा और समर्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने लखनऊ में स्वच्छता और विकास के क्षेत्र में नगर निगम के कराए जा रहे कार्यों की सराहना की। महापौर की नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में नगर निगम ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। मंत्री ने कहा कि, नगर निगम के साथ शहर के साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी हमारी भी है। सफाई होने के बाद सड़क पर कूड़ा न फेंकें।

कार्यक्रम में नगर निगम के विकास कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। जिसमें दो वर्षों में शहर में हुए बदलावों और महत्वपूर्ण परियोजनाओं को दिखाया गया। इसके अलावा विकास कार्यों पर आधारित एक विशेष पुस्तिका का विमोचन भी अतिथियों ने किया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के प्रेरणादायक भाषण और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का हुआ। कार्यक्रम में पूर्व सांसद कौशल किशोर, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचंद्र सिंह प्रधान, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, पार्षद, अधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महापौर और पार्षदों को नेता नीरज सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने उन्हें बधाई दी।



पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ .दिनेश शर्मा के पैर छूकर आशीर्वाद लेते मंत्री एके शर्मा।



महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ शहर के विकास पर चर्चा करते मंत्री एके शर्मा।

### भाजपा सरकार देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा रही : भूपेंद्र


भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने और संस्कृति की धरोहर को संजोने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने रानी अहिल्याबाई होल्कर, रानी लक्ष्मीबाई और रानी चेन्नम्मा जैसी वीरांगनाओं के योगदान को याद करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और इतिहास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भाजपा सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 हटाने, कॉमन सिविल कोड और राम मंदिर आंदोलन जैसे ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख करते हुए सरकार की नीतियों की सराहना की। प्रदेश अध्यक्ष ने महापौर सुषमा खर्कवाल और सभी पार्षदों को दो वर्ष की सफल कार्ययात्रा के लिए बधाई दी।

### चुनौतियों को अवसर के रूप में लिया : महापौर

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि यह सफलता हम सभी के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। दो वर्ष के कार्यकाल में कई चुनौतियां भी आईं लेकिन इन्हें एक अवसर के रूप में लिया। उन्होंने कहा कि महापौर पद की जिम्मेदारी को जनसेवा मानकर निभाया। उन्होंने आगामी 3 वर्षों में लखनऊ को स्वच्छ, स्मार्ट और सुंदर बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प दिया। महापौर ने शिवरी कूड़ा निस्तारण प्लांट की सफलता, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था, लखनऊ स्मार्ट ऐप और सीसीटीवी निगरानी जैसे विकास कार्यों का उल्लेख किया।

### दो वर्ष के कार्यकाल में विकास कार्य धरातल से दूर : मुकेश

**अमृत विचार, लखनऊ:** कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने महापौर के दो वर्ष के कार्यकाल पूरे होने पर जारी बुकलेट में किए गए कार्यों को धरातल से कोसों दूर बताया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि दो वर्षों में लखनऊ के 110 वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन नहीं हो पा रहा है। जीआईएस सर्वे के नाम पर लखनऊ की जनता की जेब पर डाका डालने और भ्रष्टाचार को बढ़ाव देने का काम किया गया है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने जनता को झूठे सपने दिखाने का काम किया है।



नगर निगम के अधिकारी को सम्मानित करते नगर विकास मंत्री एके शर्मा।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी किए गए सम्मानित

नगर निगम एवं जलकल विभाग के विभिन्न अधिकारियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। प्रदेश के 17 नगर निगम में टैक्स वसूली में लखनऊ नगर निगाम को प्रथम स्थान पर पहुंचाने में योगदान के लिए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह को सम्मानित किया गया। लखनऊ नगर निगम में टैक्स वसूली के लिए जोन 8 के जोनल अधिकारी अजीत राय को प्रथम पुरस्कार, जोन-4 के जोनल अधिकारी संजय यादव को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। जलकल विभाग में सरकारी भवनों से सर्वाधिक टैक्स वसूली के लिए असिस्टेंट अकाउंट ऑफिसर पंकज सोती को प्रथम, अधिशासी अभियंता जलकल जोन-4 विकास शर्मा को द्वितीय पुरस्कार और अधिशासी अभियंता जलकल जोन-1 उत्कर्ष राय को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम के सभी जोनों के पार्षदों को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। मानकनगर वार्ड के पार्षद रंजीत सिंह को उनके उत्कृष्ट और जनसेवा से प्रेरित कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

# लखनऊ से मुंबई चलेगी स्लीपर वंदेभारत एक्सप्रेस

- बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद और आगरा होकर चलेगी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन अब लखनऊ से मुंबई के बीच चलाई जाएगी। रेलवे ने रूट का सर्वे पूरा कर लिया है, जून में टाइम टेबल जारी कर दिया जाएगा। पहली वंदेभारत ट्रेन के वाराणसी से दिल्ली के बीच चलाई गई थी। अब पहली स्लीपर वंदेभारत भी उत्तर प्रदेश से चलाई जाएगी।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि स्लीपर वंदेभारत का रूट तय हो गया है। ट्रेन लखनऊ से चलकर हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली जंक्शन, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन और आगरा होते हुए मुंबई पहुंचेगी। रेलवे सूत्रों के अनुसार ट्रेन के संचालन की तारीख जल्द घोषित की जाएगी।



जुलाई से स्लीपर वंदेभारत एक्सप्रेस को पटरी पर लाने की तैयारी है। अभी लखनऊ या आसपास जिले के लोगों को मुंबई जाने के लिए सीमित ट्रेनों पर निर्भर रहना पड़ता है।

बरेली लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, रामनगर-बांद्रा एक्सप्रेस, लालकुआं-बांद्रा टर्मिनस या काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस ट्रेनों संचालित हैं।इनमें सीट मिलना बड़ी चुनौती होती है। स्लीपर वंदेभारत एक्सप्रेस के आने से यात्रियों को सीट और सफर दोनों की राहत मिलेगी।

### मंडल प्रबंधक ने किया लखनऊ-अयोध्या रेलखंड का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** सालारपुर, अयोध्या कैंट एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशनों की सुविधाओं और संरक्षा मानकों का लिया जायजा। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने शनिवार को मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लखनऊ-अयोध्या रेलखंड पर विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रेलपथ की संरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सालारपुर, अयोध्या कैंट एवं अयोध्या धाम जं. रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए यात्री सुविधाओं, स्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर एवं परिचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक ने विशेष रूप से कर्मचारियों को इस भीषण गर्मी में ट्रैक के रखरखाव को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने एवं मौसमजन्य बदलावों के प्रति सजग रहते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

### नगर निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्यों का कार्यकाल पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** 12 सदस्यीय नगर निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्यों का कार्यकाल 31 मई को समाप्त हो गया। इनमें उपाध्यक्ष भी शामिल हैं। नए सदस्यों को चुनने के लिए अगले हफ्ते सदन की बैठक बुलाई जाएगी। भाजपा से पांच और सपा से एक सदस्य का चुनाव होना है। फिलहाल अधूरी कार्यकारिणी नगर निगम से जुड़े नीतिगत फैसले नहीं ले सकेगी। भाजपा पार्षदों में गिरीश गुप्ता (कार्यकारिणी उपाध्यक्ष), उमेश चन्द्र सनवाल, अनूप कमल सक्सेना, मुकेश सिंह मोंटी, रंजीत सिंह और सपा के सुरेंद्र वाल्मीकि का कार्यकाल पूरा हो गया है।



बैठक में अधिकारी से जानकारी लेतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

## चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने से हटेंगे टॉयलेट और पिंक बूथ

- अव्यवस्थित ठेलों और गुमटियों को भी वेंडिंग जोन में कराया जाएगा शिफ्ट
- यातायात समिति की बैठक में मंडलायुक्त ने दिए अधिकारियों को निर्देश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** चारबाग स्टेशन के सामने टॉयलेट व पिंक बूथ हटाकर रिडिजाइनिंग कराई जाए और इधर-उधर खड़े ठेले व गुमटी वेंडिंग जोन में व्यवस्थित कराई जाएं। टेम्पो व टैक्सी भी निर्धारित पार्किंग स्थान से ही संचालित किए जाएं और ई- रिक्शा का संचालन लॉटरी के बाद जोन वाइज कराया जाए। ये निर्देश शनिवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने यातायात समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए।

मंडलायुक्त अपने कार्यालय में ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनाने के लिए बैठक ले रही थीं। इसमें उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अतिक्रमण चिन्हित करने के बाद हर महीने एक सप्ताह अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाए जाएं। जो भी संस्थाएं खुदाई करने व यूटिलिटी की चीज डालने के बाद सड़क की मरम्मत न करें उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य भवन से लेकर कलेक्ट्रेट परिसर तक सड़कों पर गाड़ियों की पार्किंग न होने दी जाए। पीडब्ल्यूडी फुटपाथ पर तत्काल रैम्प बनवाए, जिससे गाड़ियां रैम्प के माध्यम से फुटपाथ पर पार्क की जा सकें।

उन्होंने कहा कि जरूरत के हिसाब से ब्लैकटॉप बढ़ाने और डिवाइडर बनाने का कार्य प्राथमिकता पर किया जाए। बैठक में पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर, जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर, एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, पीडब्ल्यूडी, आरटीओ व पुलिस विभाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा अध्यक्ष से मांगी पांच लाख रुपये रंगदारी

- सपा नेता ने फोन कर किया गाली-गलौज, फिर धमकाया
- हजरतगंज पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर रही मामले की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को कॉल कर धमकी दी गई। धमकी देने वाले पांच लाख रुपये रंगदारी मांगी। महानगर अध्यक्ष के करीबी ने इस मामले में सपा नेता के खिलाफ हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आलमबाग बड़ा बरहा निवासी यशवेंद्र सिंह भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के करीबी है। यशवेंद्र के मुताबिक वह महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ बर्लिंग्टन से दारूलशफा की तरफ जा रहे थे। इसी बीच एक नंबर से कॉल आई। महानगर अध्यक्ष ने कॉल रिसीव किया। कॉल करने वाले ने खुद का परिचय सपा नेता दीपमणि यादव के रुप में दिया। इसके बाद सपा नेता ने दूसरी तरफ से अचानक से गालियां देनी शुरू कर दी।

जिसका विरोध किया। दीपमणि ने उनसे पांच लाख रुपये लेकर आर्यन रेस्टोरेंट के पास पहुंचने को कहा। बात नहीं मानने पर नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। साथ ही दीपमणि ने इलेक्ट्रानिक चैनल पर महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी के खिलाफ दुष्प्रचार करने की धमकी दी। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक यशवेंद्र सिंह की तहरीर पर शनिवार को आरोपित दीपमणि यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## कोरोना के दो और मरीज मिले

### राजधानी में अब तक चार लोगों में हो चुकी है वायरस की पुष्टि

- सीएमओ ने नहीं की कोरोना के नए मरीज मिलने की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में कोरोना के दो नए संदिग्ध मामले आने की बात सामने आई है, लेकिन सीएमओ, सर्विलांस अधिकारी ने दोनों नए मामले की जानकारी मिलने से अनभिज्ञता जताई है। सीएमओ से संपर्क किया गया तो उन्होंने कोरोना के नए मामले मिलने की बात की पुष्टि नहीं की है।

डालीगंज की बुजुर्ग महिला (68) और गोमती नगर विश्वास खंड के युवक (20) को निजी लैब से कोरोना की पुष्टि की गई है। दोनों लोग होम आइसोलेशन में हैं। किसी की हालत बहुत गंभीर नहीं हैं। दोनों को बुखार, जुकाम की शिकायत थी। तब दोनों का परिवारीजनों ने उनकी जांच करवाई।



सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने दोनों नए मामले की जानकारी से इनकार किया है। वहीं सीएमओ कार्यालय के सर्विलांस अधिकारी डॉ. निशांत निर्वाण और पीआरओ योगेश रघुवंशी ने कॉल रिसीव नहीं की। सीएमओ कार्यालय से किसी ने दोनों मामले की पुष्टि नहीं की है। इसके पहले आशियाना इलाके से एक बुजुर्ग पुरुष और एक 53 साल की महिला में कोरोना की पुष्टि सीएमओ कार्यालय कर कर चुका है।

### अस्पतालों में मॉक ड्रिल

कोरोना मरीजों के मामले बढ़ते देख यूपी और लखनऊ के ज्यादातर सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में शनिवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट की तैयारियों को परखा गया। ऑक्सीजन प्लांट सही चल रहे हैं या नहीं, सभी ने संतुष्टि जताई।

### पोल लगाने गए बिजली कर्मियों को दौड़ाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** ट्रांसफार्मर रखने के विरोध में शनिवार को कानपुर रोड स्थित ओशो नगर में लोगो ने न केवल हंगामा किया बल्कि लाठी-डंडे लेकर बिजली कर्मियों को दौड़ा लिया। अवर अभियंता ने सूचना देकर पुलिस बुला ली। करीब एक घंटे तक चले हंगामे के बाद ट्रांसफार्मर को रखने के लिए पोल को लगाने का काम शुरू हुआ। न्यू आलमबाग उपकेंद्र के ओशोनगर में 250 केवीए के ट्रांसफार्मर को रखने के लिए चबूतरे का निर्माण किया। शनिवार को डबल पोल लगाने का काम शुरू होने से पहले लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और हंगामा करने लगे। इन लोगों ने ने बिजलीकर्मियों को दौड़ा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को शांत कराया।

लापरवाही

अनुरक्षण कार्य में करोड़ों रुपये खर्च के बावजूद परेशानी का सामना कर रहे राजधानी के उपभोक्ता

# जर्जर खंभे और ढीले तारों में फाल्ट से घंटों गुल हो रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पॉवर कॉरपोरेशन ने अनुरक्षण कार्य पर करोड़ो रुपए खर्च कर दिए। किंतु बंगलाबाजार के मुख्य चौराहे से घनी आबादी के बीच जर्जर खंभों पर तार झूल रहे हैं। केबल में फॉल्ट, जंफर जलने और पेटीफ्यूज के कारण घंटों आपूर्ति बाधित रहती है।

जर्जर और ढीले तार थोड़ी सी हवा चलने पर आपूर्ति ठप हो जाती है। कई महीनों से पेड़ की कटाई-छटाई नहीं होने से पेड़ों में करंट तक आ रहा है। इन पेड़ों में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर कई जानवर जान गंवा चुके हैं। लटकते तारों, ट्रांसफार्मर के ईदगिर्द घास और पेड़ो के बीच से गुजरती एबीसी लाइन के संबंध में लोगों ने कई बार शिकायत की लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। मुख्य अभियंता सिस गोमती रजत जुनेजा ने कहा कि सभी तार इंन्सुलेटेड होते है। ऐंसे में सप्लाई के बाधित होने का खतरा कम होता है। फिर भी जहां-जहां खंभों पर तारों का मकड़जाल होगा, हटाने का काम किया जाएगा।



बिजली के तारों में लिपटी बेल। अमृत विचार

### बंगला बाजार सड़क पर फैले जर्जर तार

बंगला बाजार नहरिया से लेकर किला चौराहे तक बीच सड़क पर बिजली के खंभे पर तारों का मकड़जाल लगा हुआ है। बिजली के खंभे के बीच सड़क पर लगे होने के कारण दो पहिया और चार पहिया वाहन के टकराने के कारण आए दिन घंटों सप्लाई बाधित हो रही है। व्यापारियों के अनुसार बीच सड़क पर लगे खंभे के कारण यहां आए दिन जाम लग जाता है। इसको हटाने के लिए बिजली विभाग में कई बार गुहार लगा चुके है, कोई सुनवाई नहीं हुई है।

### लो वोल्टेज से परेशान रहे उपभोक्ता

**अमृत विचार, लखनऊ:** अहिबरनपुर के कर्बला ढाल और मदेयगंज क्षेत्र के लोग शनिवार को लो वोल्टेज की समस्या से परेशान रहे। सुबह 7:30 बजे वोल्टेज लो हो गया। पंप न चलने से पानी की समस्या खड़ी हो गई। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार यहां के ज्यादातर घरों के ऊपर से केबल निकली हैं। इनमें शार्ट सर्किट होने से वोल्टेज लो हो जाता है। कर्बला ढाल निवासी जफर ने बताया कि घर के ऊपर से तार हटाने के लिए कई बार शिकायत कर चुके हैं। 50 मीटर दूर खंभे से कनेक्शन दिए गए हैं। गर्मी में पंखे, कूलर न चलने से लोग बेहाल रहे। एसडीओ अहिबरनपुर ने कहा कि वोल्टेज लो होने की जानकारी नहीं है।

### ज्यादा बिजली खपत वाले 20 हजार उपभोक्ता चिह्नित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मार्च, अप्रैल और मई में लगातार बिजली की ज्यादा खपत करने वाले 20 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को लेसा ने चिह्नित किया है। इन उपभोक्ताओं का लोड बढ़ाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार एसी, कूलर चलने के कारण प्रत्येक उपभोक्ता के यहां 10-15 प्रतिशत का लोड बढ़ जाता है। बीकेटी, अमीनाबाद, सरोजनीनगर, चिनहट, दुबग्गा, चौक, ठाकुरगंज, मोहनलालगंज, रेजीडेंसी, हुसैनगंज डिवीजनों में लोड बढ़ने वाले उपभोक्ताओं की संख्या अधिक है। मुख्य अभियंता सिस गोमती रजत जुनेजा ने बताया कि लोड के बढ़ने से सप्लाई प्रभावित होती है। सही लोड की जानकारी से संसाधनों को जुटाने में काफी मदद मिलती है।

# पर्चा एक रुपये का, दवाएं एक हजार की

## ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में कमीशन के लिए चिकित्सक लिख रहे बाहर की दवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** पर्चे पर लिखी दो दवाएं बाहर के मेडिकल स्टोर से मिलेंगी, ये दवाएं आपके ठीक होने के लिए बहुत जरूरी हैं। अस्पताल से निकलते ही तीसरे नंबर के मेडिकल स्टोर से दवाएं लेनी हैं। कुछ ऐसे ही शब्दों से ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सक मरीजों को सेहत का हवाला देकर बाहर की धड़ल्ले से दवाएं लिख रहे हैं। इससे गरीब वर्ग के मरीज इलाज कराने में असमर्थ हो रहे हैं। दवाएं महंगी होने से कई मरीज इलाज बीच में ही छोड़ने को मजबूर हैं। शनिवार को कई मरीजों ने इसको लेकर अस्पताल प्रशासन से शिकायत की है। जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने सम्बंधित चिकित्सक को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगने की बात कही है।

ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय 200 बेड की क्षमता का अस्पताल है। यहां रोजाना करीब 1500 मरीज ओपीडी में आते हैं। शनिवार को टीबी एंड चेस्ट क्लीनिक के चिकित्सक धड़ल्ले से मरीजों को बाहर की दवाएं लिख रहे थे। पंजीकरण संख्या- 20250062927 पर भी चिकित्सक ने बाहर की दवाएं लिखीं। महिला मरीज के पति ने बताया कि सम्बंधित मेडिकल स्टोर पर जाने पर दवाएं 1050 रुपये की थी। उसके पास इतने पैसे नहीं थे। लिहाजा वह महज दो दिन की ही दवा खरीद सका। उसने सरकारी सिस्टम को कोसते हुए कहा कि जब सरकारी अस्पताल में ही दवाएं नहीं हैं तो गरीब मरीज कहां जाएगा, सरकार को इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए। वहीं, पंजीकरण संख्या- 20250016959 और 20250039792 के पर्चे पर ही चिकित्सक ने बाहर की दवाएं लिखी थीं, जो काफी महंगी होने के कारण मरीजों-तीमारदारों में नाराजगी दिखी।

### कोड वर्ड में लिखी जा रहीं दवाएं

टीबी एंड चेस्ट क्लीनिक के चिकित्सक द्वारा बाहर की दवाएं लिखने में कोड वर्ड का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसे सिर्फ मेडिकल स्टोर कर्मी ही बता सकते हैं कि कौन सी दवा लिखी गई है।

### उप मुख्यमंत्री के निर्देशों का भी नहीं हो रहा पालन

बाहर की दवाएं लिखने की शिकायत मिलने पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गत मंगलवार को बलरामपुर अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस दौरान दो चिकित्सकों के पर्चे पर बाहर की दवाएं लिखने की पुष्टि होने पर उन्हें नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिसके बाद उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी चिकित्सालय के प्रभारियों को बाहर की दवाएं न लिखने को लेकर आदेश जारी किया है। इसके बावजूद चिकित्सक है कि बाहर से दवाएं लिखने का

> चिकित्सक बाहर की दवाएं न लिखे इसको लेकर सभी को सख्त निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को एक चिकित्सक द्वारा बाहर की दवाएं लिखने की शिकायत मिली है। मामले का संज्ञान लेकर सम्बंधित चिकित्सक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। – **डॉ. एसपी सिंह, सीएमएस, ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय**

# बोर्ड हटा, लेकिन नहीं बंद हुआ अस्पताल का संचालन

## स्वास्थ्य विभाग ने फर्जी पाए जाने पर संचालन पर रोक लगाने का किया था दावा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज में स्वास्थ्य विभाग के अफसर जिस अस्पताल को फर्जी बता कर उसके संचलन में रोक लगाने का दावा किया था। उस अस्पताल का सिर्फ बोर्ड ही हटाया जा सका। अस्पताल का संचालन पहले की तरह ही हो रहा है। आरोप है कि कार्रवाई के बजाय जिम्मेदार अफसर उसका पंजीकरण कराने की जुगत में लग गए हैं। जबकि, क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत जुर्माने का प्रावधान है।

ठाकुरगंज स्थित स्टार हॉस्पिटल बेसमेंट में चल रहा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तीन माह पहले अस्पताल पर छापा मारा था। अस्पताल का पंजीकरण न मिलने पर उसके संचालन पर रोक लगाने का दावा किया था। बिना नवीनीकरण संचालित मिले अस्पताल पर जुर्माना तक नहीं लगाया गया था। कुछ दिन बाद इंडिया हॉस्पिटल के नाम से बोर्ड टंग गया था। इस अस्पताल का पंजीकरण उस पते पर नहीं है। मामले की शिकायत हुई तो अस्पताल संचालक ने इंडिया हॉस्पिटल का बोर्ड हटा दिया। अब बिना नाम के अस्पताल का अवैध तरीके से संचालन हो रहा है। आरोप है कि सीएमओ ऑफिस के अफसरों की साठगांठ से अस्पताल का संचालन हो रहा है। अस्पताल संचालक ने पंजीकरण के लिए नए सिरे से आवेदन भी कर रखा है। विभाग के जरिये इस अस्पताल को वैध किए जाने की तैयारी चल रही है।

सीएमओ डॉ. एनबी सिंह के मुताबिक, अवैध तरीके से संचालित अस्पताल संचालन पर रोक लगेगी।



ठाकुरगंज में बेसमेंट में चल रहा अस्पताल। अमृत विचार

# बिना बाईपास सर्जरी खोली जा सकेंगी दिल की बंद नसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिल की बीमारी को लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान में कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें लोहिया संस्थान में कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. सुदर्शन के विजय ने जानकारी देते हुए कहा कि वर्षों से बंद पड़ी दिल की नसों को खोलने के लिए बाईपास सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ेगी। रेट्रोग्रेड विधि से कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कर आसानी से नसों को खोला जा सकता है।

उन्होंने बताया कि दिल की 100 फीसदी बंद नसों को बिना ऑपरेशन खोलना आसान हो गया है। इन नसों में आगे के रास्ते से तार ले जाना संभव नहीं होता है। इन नसों को विपरीत दिशा से दूसरे साइड की दिल की नस पतले चैनल के माध्यम से ब्लड सप्लाई करने लगती है। इन चैनलों के द्वारा तार को बंद नस में ले जाकर उसको पीछे से खोला जाता है। एक सामान्य एंजियोप्लास्टी में जहां 15 मिनट से आधे घंटे का समय लगता है। वहीं रेट्रोग्रेड विधि से एंजियोप्लास्टी में दो से चार घंटे का समय लगता है। इस विधि से एंजियोप्लास्टी के लिए कुछ विशेष कैथेटर व तार की जरूरत होती है। जिसका 70 से 80 हजार रुपये का खर्च आता है।

रेट्रोग्रेड विधि से एंजियोप्लास्टी जापानी हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा विकसित की गयी। इस तकनीक के जटिल होने की वजह से भारत में कुछ चुनिंदा कार्डियोलॉजिस्ट ही इस तकनीक का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि अब तक 40 मरीजों का रेट्रोग्रेड विधि से एंजियोप्लास्टी कर नया जीवन देने में कामयाबी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि कुछ मरीजों को सऊदी अरब व दुबई के डॉक्टरों ने एंजियोग्राफी के बाद सिर्फ बाईपास सर्जरी कराने की सलाह दी गयी थी।



कार्यशाला में जानकारी देते हुए डॉ. सुदर्शन। अमृत विचार

- लोहिया संस्थान में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

# फोड़े के ऑपरेशन के बाद बच्चे की मौत, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दुबग्गा के निजी अस्पताल की घटना, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार :** दुबग्गा के अंधे की चौकी स्थित एक निजी अस्पताल में फोड़े के ऑपरेशन के बाद बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

हरदोई के बेनीगंज निवासी किसान बैजनाथ मौर्या का बेटा प्रांजल (5) के सीने में फोड़ा था। परिजनों ने पहले हरदोई के कोथावां स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से दुबग्गा के न्यू वेदांता हॉस्पिटल रेफर किया गया। परिजनों ने शुक्रवार दोपहर बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया था। ऑपरेशन के एक घंटे के अंदर ही बच्चे की मौत हो गई। मां रूबी ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हंगामा शुरू किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। परिजनों ने हॉस्पिटल संचालक व अन्य डॉक्टरों के खिलाफ लिखित शिकायत की है। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# दबंगों ने युवक को पीटा दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिनहट इलाके में कूलर की हवा को लेकर दबंगों ने युवक को पीट दिया। उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

आदर्श विहार कालोनी हारूनी मस्जिद निवासी जावेद खान पुत्र कादिर खान गुरुवार शाम करीब 8 बजे एमिटी यूनिवर्सिटी के पास रूह बाबा रेस्टोरेंट में बैठा था। तभी वहां पर कुछ और लड़के आकर बैठ गए। कूलर अपनी तरफ घुमा लिया। इसके बाद कूलर की हवा को लेकर बहस करने लगे। कुछ देर बाद वे अपने और साथियों को बुला लाए और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जिससे जावेद के सिर में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद आरोपी दोबारा इलाके में न दिखने की धमकी देकर फरार हो गए। जावेद ने आसपास लड़कों के बारे में पता किया तो अभिजीत और अमन यादव का नाम पता चला।

# शासनादेश के बावजूद भी नहीं हुई पदोन्नति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कई उप आबकारी निरीक्षक बिना पदोन्नति के हो सकते हैं सेवानिवृत्त
- सेवानिवृत्ति की तिथि आ रही नजदीक, विभागीय अफसर उदासीन

**अमृत विचार :** आबकारी विभाग में शासनादेश के बावजूद उप आबकारी निरीक्षकों की निरीक्षक के पद पर पदोन्नति अब तक नहीं हो पाई। जबकी शासनादेश सितंबर 2024 में जारी हो गया था। विभागीय उदासीनता के चलते कई उप आबकारी निरीक्षक बिना पदोन्नति के जुलाई माह में सेवानिवृत्त भी हो सकते हैं।

आबकारी विभाग के उप आबकारी निरीक्षकों का आरोप है कि विभाग के अफसर मुख्य सचिव के आदेश के बाद भी पदोन्नति नहीं कर रहे हैं। जबकि पदोन्नत किये जाने की कई बार मांग भी विभागीय स्तर से की जा चुकी है। उप आबकारी निरीक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शिव कुमार त्यागी और प्रांतीय महामंत्री रवीन्द्र सिंह ने इसको लेकर शासन और विभागीय अफसरों को पत्र भेजकर बताया है कि शासन द्वारा शासनादेश जारी कर विभिन्न पदों को पदोन्नति द्वारा भरे जाने के लिए खाली पदों के सापेक्ष चयन की कार्रवाई करने के लिए कहा था। इसमें वर्ष 2024-25 और 1 जुलाई 2024 से 30 जून, 2025 तक की पदोन्नति से भरी जाने वाली सभी रिक्तियों की गणना कर चयन की कार्यवाही 30 सितंबर, 2024 पूर्ण कर लिये जाने के निर्देश दिये गये थे। लेकिन उसके बाद अभी तक प्रोन्नति नहीं की गई। उन्होंने बताया कि उप आबकारी निरीक्षकों की पदोन्नति न होने से वह जल्द ही सेवानिवृत्त हो जायेंगे, क्योंकि इन कर्मियों का सेवा काल बहुत ही अल्प समय का बचा है।

उन्होंने बताया कि प्रोन्नति वर्ष 2024-25 में आबकारी निरीक्षक पद पर पदोन्नति में विलंब के कारण बिना पदोन्नति का लाभ पाए ही तमाम लोग सेवानिवृत्त हो जायेंगे। उप आबकारी निरीक्षक संघ ने आबकारी निरीक्षकों की पदोन्नति चयन वर्ष 2024-25 में शासनादेश के अनुसार शीघ्र कराने की मांग की है।

> प्रकरण संज्ञान में नहीं था। मामले की जानकारी कर जल्द ही नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। –**आदर्श सिंह, जिला आबकारी आयुक्त**

DIRECT/COUNSELLING ADMISSION OPEN
CITY GROUP OF COLLEGES
(Affiliated to A.K.T.U. & Lucknow University, Approved by PCI, BCI, UPSMF)
LL.B. (3 &5 Years) | LL.M. | D.Pharm. (College Code : 2395) | B.Pharm. (College Code : 939) | B.Com.
B.Com. (H) | B.B.A. | B.C.A. | B.Sc. (Ag.) | M.B.A.
M.C.A. | M.Com. 6306233816, 9369638650
B.Sc. (Nursing) | B.M.L.S. | A.N.M. | G.N.M. | E.T.C.T.
O.T. Tech. 9918985809, 9369638650
CHINHAT | JANKIPURAM | ANSAL | AASHIYANA | BARABANKI

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

REQUIRED
National level institution - District Team Leader/ Coordinator. Prefe- Own Vehicle/ MBA (Sales & marketing)/ MSW. whatsapp CV 7081974868. Salary 5fig
Phone numbers 8004682261/ 9792793660

सूचना
सूच्य हो कि मेरे एल आई सी बीमा पालिसी संख्या 214507863 में मेरा नाम सहवाक दर्ज है , जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम प्रिंस चौधरी है । यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है और मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना और समझा जाता है । **प्रिंस चौधरी उर्फ सहवाक पुत्र सुभाष चंद्र निवासी – पुरवारा परगना – सलोन , तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

सूचना
सूच्य हो कि मेरे एल आई सी बीमा पालिसी संख्या 214946137 में मेरा नाम कौशलेंद्र शाक्य दर्ज है , जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम कमला कांत लिखा है । यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है और मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना और समझा जाता है । **कमलकांत उर्फ कौशलेंद्र शाक्य पुत्र लक्ष्मीकांत निवासी – छतौना मरियानी परगना – सलोन , तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

सूचना
सर्व साधारण सूचित किया जाता है की मेरे हाईस्कूल मे मेरे पिता का नाम के के सिंह ( K K SINGH ) जो की शार्ट नाम मे लिखा है जबकि मेरी इंटमीडिएट की सर्टिफिकेट में तथा अन्य सभी दस्तावेज मे मेरे पिता का नाम कृष्णा कुमार सिंह (KRISHNA KUMAR SINGH ) दर्ज है। दोनों ही नाम एक है । **कर्मवीर सिंह एफ–608 राजाजीपुरम लखनऊ** MO-9369777742

सूचना
सूच्य हो कि मेरे एल आई सी बीमा पालिसी संख्या 214506141 में मेरा नाम दिनेश कुमार दर्ज है , जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम झल्लर लिखा है ।यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है और मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना और समझा जाता है । **झल्लर उर्फ दिनेश कुमार पुत्र शीतल दीन निवासी – दिकपाल का पुरवा मजरे – उसरैना परगना – सलोन , तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

सूचना
मैं शपथी देवेन्द्र कुमार अस्थाना पुत्र रामदेव कटरा ठकुराना औरास का निवासी हूं। मेरा इंडियन बैंक शाखा इनायतपुर बर्रा में देवेन्द्र के नाम से खाता संचालित है। हमारा नाम देवेन्द्र कुमार अस्थाना बैंक में अंकित किया जाए। **शपथी देवेन्द्र कुमार अस्थाना पुत्र रामदेव, निवासी कटरा ठकुराना औरास उन्नाव।**

सूचना
मेरा 10 वर्षीय राष्ट्रीय बचत पत्र जिसका नंबर– 09NA615208 मु.–10,000/–, 01LA725317 मु.–1000/–, 01LA725318 मु.–1000/–, 01LA725319 मु.–1000/–, और 01LA725320 मु.–1000/– पोस्ट आफिस अलीगंज सुलतानपुर में जमा है। जिसमें मेरा नाम GUSARAT FATMA (गुसरत फातमा) दर्ज है जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम अन्जुम बानों है जो आधार कार्ड में दर्ज है। उक्त राष्ट्रीय बचत पत्र में मेरा सही नाम अन्जुम बानों दर्ज किया जाए। **अन्जुम बानों पुत्री असगर अली, निवासी– ग्राम दाउदपुर चौकौंदी, बबुरी पोस्ट अलीगंज बाजार, थाना बन्धुआ कलां, तहसील सदर, जिला– सुलतानपुर**

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2025 session in the following disciplines
• Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
• Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
• Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
• Humanities and Journalism English
• Faculty of Pharmacy
• Faculty of Management
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2025
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025–26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैं:
**कार्य का नाम :** छपरा–औडिहार : ठेकेदार के पीक्यूआरएस के साथ सीटीआर (पी)-16 ट्रैक किमी., आईएसडी के साथ टीआरआर(पी)-17.7 ट्रैक किमी. एवं आईएसडी 5.5 किमी. (कुल 39.20 ट्रैक किमी.), **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2025-66, **अनुमानित लागत (₹)** : 8,64,26,009/-, **बिड सिक्यूरिटी (₹)** : 5,82,100/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 01.07.2025, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 15 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-66 दिनांक 01.07.2025 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.) वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू-93
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–प्रापण निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०–1, ई–प्रापण निविदा संख्या :** उप मु०इं०–नि०–सा०–जीकेपी–01–2025 दिनांकः 23.06.2025, **कार्य का नाम** – खलीलाबाद–बहराईच नई रेलवे लाइन परियोजना के अन्तर्गत खलीलाबाद (सहित)–बांसी (सहित) के मध्य विविध एवं नई रेलवे लाइन से सम्बन्धित कार्य।, अनुमानित निविदा मुल्य : 24,14,85,392.34, बयाना राशि (रू०) : 13,57,400.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : –, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 28 (अट्ठाईस) माह ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि– दिनांक 09.06.2025 ● उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि – दिनांक 23.06.2025 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि – दिनांक 23.06.2025 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
उप मुख्य इन्जी०/ निर्माण/सामान्य गोरखपुर
मुजाधि/डब्ल्यू – 91
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली'' ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है :-
**निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण : 07-2025-कालोनी, कार्य का नाम-** (ए) सी.से. इं./वि./उत्तरी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विभिन्न कॉलोनियों की पुरानी ओवरहेड एल.टी. लाइनों का बदलाव। (बी) ''गोरखपुर-सतर्कता कार्यालय के केंद्रीय हॉल में एयर कंडीशनर की व्यवस्था'' से संबंधित विद्युत कार्य। (सी) महाप्रबंधक कार्यालय में विद्युत आपूर्ति हेतु एच.डी.डी. मशीन द्वारा केबल बिछाने का विद्युतीय कार्य। (डी) ''गोरखपुर-मुख्यालय स्थित विभिन्न कार्यालय भवनों, जीएम कार्यालय और एल.एन.एम. रेलवे अस्पताल में पुराने 60 वाट/80 वॉट साधारण सीलिंग पंखों को 25 से 30 वॉट के ऊर्जा कुशल बी.एल.डी.सी. पंखों से बदलाव''। (ई) गोरखपुर-उप मुख्य विद्युत अभियंता/ कॉलोनी क्षेत्राधिकार में विभिन्न कार्यालय भवनों में पुराने साधारण सीलिंग पंखों को 28 से 32 वाट के ऊर्जा कुशल बीएलडीसी पंखों से बदलना। (एफ) ''गोरखपुर-एल.एन.एम. रेलवे अस्पताल के (ऑर्थोपेडिक वार्ड) में एक अद्द नई लिफ्ट के प्रावधान'' से संबंधित विद्युत कार्य, **अनुमानित लागत : ₹** 51,30,553.79, **बयाने की राशि : ₹** 1,02,600.00, **ई-निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से :** 9 माह।
• ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 20.06.2025 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी/ पू.उ.रे./गोरखपुर
मुजाधि/विद्युत-51
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## एक नजर

### आकाश यादव मध्य उप्र के अध्यक्ष बने

**अमृत विचार, लखनऊः** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्र ने शनिवार को संगठन विस्तार को लेकर प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि 27 प्रदेशों में अध्यक्षों की नियुक्ति कर उन्हें पार्टी संगठन के बूथ स्तर को बनाकर राष्ट्रीय नेतृत्व को सूचित करने के लिए निर्देशित किया गया है। उत्तर प्रदेश में पार्टी को चार भागों में बांटा गया है। इसमें मध्य उप्र, बुंदेलखंड, पूर्वी उप्र और पश्चिमी उप्र बनाकर संगठन का विस्तार किया जा रहा है। शनिवार को मध्य उप्र का अध्यक्ष इंजीनियर आकाश यादव को मनोनीत किया गया है।

### एक रात गांव चलो अभियान चलाएगा रालोद

**अमृत विचार, लखनऊः** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि बूथ लेवल कमेटियों गठित करने सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। पार्टी पंचायत चुनाव के लिए जिला पंचायत क्षेत्रों में तैयारी शुरू करेगी। ये निर्देश 27 मई को मथुरा में हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मिले हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 4 जून तक सामाजिक न्याय समरसता सप्ताह चलाया जाएगा। जिसमें गोष्ठी, सहभोज, नुक्कड़ सभाएं होंगी। 10 से 30 जून तक सदस्यता भ्रमण अभियान चलेगा। इसमें पदयात्रा, साइकिल यात्रा, मोटर साइकिल यात्राएं कर बूथ कमेटी का गठन किया जाएगा। 11 जुलाई से 31 अगस्त तक पंचायतों में सम्मेलन होंगे। 1 सितंबर से 31 अक्टूबर तक सघन सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। पदाधिकारी व नेता गांवों में एक रात निवास करेंगे और इसका नारा है चलो गांव की ओर-एक रात एक गांव होगा।

# तंबाकू छोड़ने वालों को किया सम्मानित

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चिकित्सा संस्थानों और अस्पतालों में हुए जागरूकता कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर राजधानी के चिकित्सा संस्थानों और सरकारी अस्पतालों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर और सांस संबंधी अन्य बीमारियों की जानकारी दी गई। तंबाकू से बचाव के तरीके भी बताए गए। बलरामपुर अस्पताल में निदेशक डॉ. दिनेश कुमार ने तंबाकू छोड़ चुके लोगों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

आईएमए भवन में आयोजित कार्यक्रम में मनोचिकित्सक डॉ. शाश्वत सक्सेना ने कहा कि पहली सिगरेट और पहली बार मुंह में डाली गई तंबाकू की थैली नशे की लत के संपर्क में लाते हैं। तंबाकू अत्यधिक नशे की लत है। तंबाकू के नुकसान के प्रति युवाओं को अधिक जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने निकोटीन की लत के उपचार पर जोर दिया। कहा कि, दवाओं और सही परामर्श से निकोटीन की लत से छुटकारा पाया जा सकता है। आईएमए अध्यक्ष डॉ. सरिता सिंह ने कहा कि देश में लगभग 40 प्रतिशत सांस संबंधी समस्याओं के लिए तंबाकू का धुआं जिम्मेदार है। इसके अलावा तंबाकू का सेवन फेफड़े और मुंह के कैंसर का प्रमुख कारण है। डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि तंबाकू का धुआं न केवल धूम्रपान करने वाले व्यक्ति को बल्कि आस-पास के लोगों को भी प्रभावित करता है।

बलरामपुर के सीएमएस डॉ. एसके पांडेय ने कहा कि यह सिर्फ व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक समस्या भी है। एमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने कहा कि अस्पताल में परामर्श एवं निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी जैसी सेवाओं के माध्यम से तंबाकू छोड़ने में मरीजों की निरंतर सहायता की जा रही है।





बलरामपुर में तंबाकू छोड़ने वाले को सम्मानित करते निदेशक और केजीएमयू में तंबाकू के प्रति लोगों को जागरुक करते डॉ सूर्यकांत।

### तंबाकू पर प्रतिबंध के लिए केजीएमयू के डॉ. सूर्यकांत ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन के एचओडी डॉ. सूर्यकांत ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर तंबाकू पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि तंबाकू के धुएं से 7000 हानिकारक रसायनिक पदार्थ निकलते हैं। इस धुएं में लगभग 150 ऐसे तत्व मिलते हैं, जिससे 40 तरह के कैंसर हो सकते हैं। परोक्ष धूम्रपान से यदि गर्भवती महिला प्रभावित होती है तो गर्भ में पल रहे शिशु का विकास रुक सकता है। उनकी मौत भी हो सकती है।




लोहिया संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व अन्य।

### महिलाओं की प्रजनन क्षमता प्रभावित करता है तंबाकू

लोहिया संस्थान ने नगरीय स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र उजरियांव में जागरुकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन किया। कार्यक्रम कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा आईपीएचए, आईएपीएसएम और आईएपीएसएम यूपी यूके के तत्वावधान में आयोजित किया गया। निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि इस वर्ष अभियान उन रणनीतियों को उजागर करने पर ध्यान केंद्रित करेगा जो तंबाकू और निकोटीन उद्योग अपने हानिकारक उत्पादों को आकर्षक बनाने के लिए उपयोग करते हैं। प्रो. प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि भारत में हर साल तंबाकू के उपयोग से 13 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु होती है। डॉ. रुपिता कुलश्रेष्ठ ने बताया कि तंबाकू महिलाओं की प्रजनन क्षमता प्रभावित कर सकता है।

## रेलवे के अस्पताल में सेमिनार का हुआ आयोजन

▸▸ तंबाकू जनित दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

▸▸ तंबाकू परिवार और समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है

**अमृत विचार लखनऊः** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के चिकित्सालय में एक सेमिनार सह जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू जनित बीमारियों, उसके दुष्प्रभावों और इससे होने वाले सामाजिक-स्वास्थ्यगत नुकसानों के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल चिकित्साधिकारी सहित मंडल चिकित्सालय के अन्य डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने भाग लिया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने तंबाकू सेवन से होने वाले हृदय रोग, कैंसर, श्वास रोगों तथा अन्य दीर्घकालिक बीमारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि तंबाकू न केवल उपभोक्ता को हानि पहुंचाता है, बल्कि परिवार व समाज पर भी इसके गंभीर प्रभाव पड़ते हैं।

इस मौके पर चिकित्सकों ने सभी रेलकर्मियों और उनके परिजनों से अपील की कि वे तंबाकू का सेवन न करें तथा दूसरों को भी इसके विरुद्ध प्रेरित करें।




कैंसर संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व स्टाफ। अमृत विचार

## कैंसर संस्थान में शुरू होगा तंबाकू निषेध परामर्श केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रलोभन का पर्दाफाश थीम पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस कल्याण सिंह विशिष्ट कैंसर संस्थान में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम प्रलोभन का पर्दाफाश रही।

संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मदन लाल ब्रह्मा भट्ट ने कहा कि पान मसाला, सुपारी, तंबाकू, खैनी, गुटखा आदि के सेवन से कैंसर होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि 80 प्रतिशत कैंसर रोगी तंबाकू सेवन करने वाले होते हैं। उन्होंने तंबाकू और निकोटिन उद्योगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह कंपनियां जानबूझकर युवाओं को गुमराह कर उन्हें लत की ओर धकेल रही हैं। इनके भ्रामक विज्ञापन बच्चों और किशोरों को निशाना बनाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी युवा पीढ़ी को इन छलपूर्ण प्रचारों से बचाने के लिए एकजुट होना होगा। प्रो. भट्ट ने घोषणा की कि संस्थान में शीघ्र ही एक तंबाकू निषेध परामर्श केंद्र की शुरुआत की जाएगी, जो जनस्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित होगा।

डॉ. आयुष लोहिया ने कहा कि हर चार में से एक व्यक्ति तंबाकू का सेवन करता है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में इसका प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि 20 प्रतिशत कैंसर के मामले बिना धुएं वाले तंबाकू, 10 प्रतिशत धूम्रपान और 3 प्रतिशत दोनों प्रकार के सेवन के कारण होते हैं। इस मौके पर डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, डॉ. विजेंद्र कुमार, डॉ. वरुण विजय और रजनीकांत वर्मा ने भी जागरूक किया।

# लोक कल्याण के लिए समर्पित थीं अहिल्याबाई होल्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नवयुग कन्या महाविद्यालय में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**अमृत विचारः** अहिल्याबाई होल्कर की त्रिजन्म शताब्दी समारोह स्मृति अभियान के अंतर्गत अहिल्याबाई होल्कर सांस्कृतिक क्लब नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर की ओर से आयोजित वैचारिक प्रबोधन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो मंजुला उपाध्याय ने की।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मनोज ऑनलाइन संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन, व्यक्तित्व तथा उनके लोकोपकारी कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राजमाता एक ऐसी महान महिला थीं जिन्हें अपने जीवन काल में ही देवी स्वरूपा माना जाने लगा था। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन का प्रतिक्षण लोक कल्याणकारी कार्यों में लगाती थी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मंजुला उपाध्याय ने कहा कि लोकमाता का जीवन नारी सशक्तिकरण सुशासन एवं सेवा के पथ पर हम सभी को सदैव रास्ता दिखाता रहेगा।

इस अवसर पर प्रो शीला मिश्रा, प्रो सुषमा मिश्रा, आचार्य शंकर भारत, रामबाबू पांडेय, विशाल शुक्ला, डॉ जितेंद्र शुक्ला, प्रो सुषमा त्रिवेदी, प्रो ॠचा शुक्ला, डॉ सुनीता सिंह, डॉ रमेश त्रिपाठी, डॉ संजीव त्रिवेदी, हेमधर, शोध छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन सहआचार्य संस्कृत विभाग नवयुग कन्या महाविद्यालय की डॉ वंदना द्विवेदी ने किया गया।

## खुन खुन जी कॉलेज में धूमधाम से मनी जयंती



खुनखुनजी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्राएं, शिक्षिकाएं और अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार, चौकः** खुन खुन जी कालेज में महारानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्राचार्या प्रो अंशु केडिया ने चित्र पर माल्यार्पण किया और स्टाफ ने पुष्प अर्पित किए।

प्राचार्या ने कहा कि अहिल्या बाई के बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि वाली बालिका थी। उनका विवाह इंदौर में मराठा संघ के होलकर परिवार में खंडेराव होलकर के साथ हुआ। वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. शगुन रोहतगी ने उन्हें होलकर वंश की महान शासिका बताया। इतिहास विभाग की तरफ से विजेता दीक्षित ने अहिल्या बाई होलकर के राजनीतिक, प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों से छात्राओं को अवगत कराया। डॉ. सुप्रिया सिंह ने माता अहिल्याबाई को भारत की राष्ट्रीय चेतना की आत्मा बताया। महारानी ने आक्रांताओं द्वारा विध्वंस किए मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर के निर्माण से लेकर अनेक मंदिरों, धर्मशालाओं, पाठशालाओं का निर्माण किया।

# कार्यशाला में प्रदर्शित की कलाकृतियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी और लखनऊ पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 21 मई से 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का आयोजन किया गया था। रचनात्मकता और सांस्कृतिक विरासत के एक जोशीले उत्सव में एक विशेष ग्रीष्मकालीन शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया।

निदेशक नेहा सिंह, प्रिंसिपलों और प्रशासनिक सदस्यों द्वारा संचालित इस पहल का उद्देश्य छात्रों के बीच सौंदर्य संबंधी संवेदनशीलता को पोषित करना और उन्हें पारंपरिक और समकालीन कला तकनीकों से रूबरू कराना था। अंतिम दिन कला कृतियां प्रदर्शित की गईं दर्शकों ने प्रसंशा की। गैलरी के क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि शिविर के दौरान, छात्रों को विषय विशेषज्ञ अनुभवी कलाकारों द्वारा प्रशिक्षित किया गया। छात्रों ने लेयरिंग, शेडिंग और अभिव्यक्ति की बारीकियों को सीखा। सिरेमिक कलाकार प्रेम शंकर प्रसाद ने इमर्सिव पॉटरी राकु और टेरकोटा सत्र आयोजित किए गए। आर्ट गैलरी की निदेशक ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल अकादमिक उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों को ही नहीं, बल्कि कला और संस्कृति के प्रति गहरी प्रशंसा रखने वाले पूर्ण विकसित व्यक्तियों को विकसित करना है।



प्रतियोगिता में कलाकृतियां प्रदर्शित करते बच्चे। अमृत विचार

▸▸ कार्यशाला में कक्षा केजी से फाइन आर्ट्स तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया

### जैन मंदिरों में लगाए गए नैतिक संस्कार शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र जैन विद्या शोध संस्थान और श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के संयुक्त तत्वावधान में चार जैन मंदिरों में आशियाना, चौक, गोमतीनगर और यहियागंज पर जैन संस्कृति : नैतिक संस्कार शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें सारांश शास्त्री एवं रवीन्द्र शास्त्री, (चौक मन्दिर), राहुल शास्त्री और विरेन्द्र शास्त्री (गोमतीनगर), अनुज शास्त्री और सौरभ शास्त्री (यहियागंज) और पं दीपक जैन शास्त्री (आशियाना) ने प्रशिक्षण दिया। चौक मंदिर के अध्यक्ष अशोक जैन, यहियागंज के मंत्री समीर जैन, गोमतीनगर के मंत्री आलोक जैन और शिविर प्रभारी अल्पना जैन, आशियाना के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश और शिविर प्रभारी महिला मंडल अध्यक्ष अल्पना जैन ने बताया कि शनिवार को श्रुत पंचमी पर्व पर जिनवाणी विधान के साथ शिविर का समापन हुआ। जैन संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने बताया कि 200 शिविरार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। परीक्षा में सफल सभी शिविरार्थियों को प्रमाणपत्र दिया जायेगा जबकि बालक, बालिकाओं को प्रमाणपत्र के साथ पुरस्कार भी प्रदान किया गया। जैन संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने कहा कि आधारभूत नैतिक शिक्षा मानवीय गुणों को सुदृण कर भारतीय संस्कृति और संस्कारों का संवर्द्धन करती है।

# जूनियर मुकेश के गीतों पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


▸▸ समर कार्निवाल में डॉ सुधा मिश्रा ने किया संस्कृतिक संध्या का उद्घाटन

**अमृत विचारः** लखनऊ विकास प्राधिकरण, जेटेक और प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान में यूपी दर्शन पार्क गोमती नगर लखनऊ में चल रहे समर कार्निवल में आरजे गुप्ता के गाए मुकेश के गीतों ने लोगों को खूब झुमाया। समर कार्निवाल की दूसरी सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ सुधा मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह, एनबी सिंह, सीमा गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

शनिवार की सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत जूनियर मुकेश आरजे गुप्ता ने अपनी मधुर आवाज में राम के भजन से कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। भक्ति भावना से ओतप्रोत इस प्रस्तुति के बाद अपनी कनेक्ट टीवी आवाज में जिस गली में तेरा घर ना हो बालमा, जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे, चंदन सा बदन चंचल चितवन, तौबा ये मतवाली चाल कहीं दूर जब दिन ढल जाए जैसे अन्य गीत को सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डॉ हर्षित माहेश्वरी, डॉ ऐश्वर्या मंडपे, डॉक्टर बिंदु, डॉ राखी सिंह और मधु सिंह ने रैम्प पर कैटवॉक कर प्रतिभा प्रदर्शित की।




गानों की प्रस्तुति देते आरजे गुप्ता।




## एक नजर

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर डॉक्टर से 4.40 लाख ठगे

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई के वृंदावन कालोनी निवासी डॉ. नवीन से साइबर जालसाजों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 4.40 लाख रुपये ठग लिये। पीड़ित ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वृंदावन कॉलोनी निवासी डॉ. नवीन जी के मुताबिक फेसबुक सर्फिंग करते वक्त पिमको जीत समुदाय के बारे में पता चला था। जिसमें प्रोफेसर राजेश शर्मा और उनकी सहयोगी नेहा पदथारे जुड़े थे। आरोपितों के कहने पर नवीन ने पिमको एप के जरिए शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा दिया। बातों में उलझा कर करीब चार लाख 40 हजार रुपये का निवेश कराया। कुछ वक्त बाद डॉ. नवीन ने रुपये निकालने का प्रयास किया। इस पर उन्हें ब्लॉक किए जाने का पता चला। खाते से रुपये नहीं निकले और आरोपितों से भी सम्पर्क नहीं हुआ। पीड़ित ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया।

### युवक का मोबाइल लूटा रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर युवक का मोबाइल फोन लूट लिया। आरोपियों की करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित की तहरीर पर अलीगंज पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश कर रही है। लखीमपुर के मझगई निवासी विपिन कुमार बीते बुधवार देर शाम त्रिवेणीनगर दो स्थित लाइब्रेरी के बाहर खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहे थे। तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और झपट्टा मारकर उनका मोबाइल लूट लिया। विपिन शोर मचाते हुए उनके पीछे भागे पर तब तक बदमाश बाइक से फर्राटा भरते हुए भाग निकले। इंस्पेक्टर अलीगंज के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# बैंकाक के कारोबारी के घर पर एनआईए का छापा

## मनी लॉन्ड्रिंग के संदेह में कारोबारी के गोरखपुर स्थित दो मकानों और आसपास के इलाके में हुई कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** मनी लॉन्ड्रिंग के संदेह में बैंकाक के कारोबारी पन्नेलाल यादव के गोरखपुर स्थित दो मकानों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छापा मारा। कारोबारी पर गोरखपुर और आसपास के इलाकों में संदिग्ध रुपयों के लेनदेन का आरोप है। एनआईए की टीम ने शनिवार सुबह चार बजे एक साथ तीन ठिकानों पर छापा मारा। जहां करीब सात घंटे तक जांच की गई। बड़े भाई मुन्नी लाल यादव को हिरासत में ले लिया गया है। उनसे टीम पूछताछ कर रही है।

मूलतः खजनी के रावतडाड़ी निवासी पन्नेलाल यादव पिछले 30 वर्ष से बैंकाक में रहते हैं। वहीं पर अपना कारोबार फैला रखा है। गोरखपुर में गांव और शहर में मिलाकर तीन मकान है। तारामंडल स्थित बुद्धविहार पार्ट-ए में पन्नेलाल का मकान है। जिसमें उनकी पत्नी व बेटियां रहती हैं। जबकि गांव पर दो मकान है। जहां उनके भाइयों के परिवार के लोग रहते हैं। उनके अलावा परिवार के कई और सदस्य बैंकाक में रहते हैं। एनआईए की टीम शनिवार सुबह चार बजे अचानक तीनों मकानों पर एक साथ पहुंची। जहां परिवार के सभी लोगों को एक ही स्थान पर रोक लिया गया। इसके बाद सभी से पूछताछ की गई। परिवार के सभी सदस्यों के बैंक खाते के साथ रिश्तेदारों और बैंकॉक से हुंड़ी के जरिए आने वाले रुपयों की जानकारी ली। भतीजे दीपक ने बताया कि शुक्रवार देर रात को भी गांव में एनआईए की टीम गई थी। गांव के मकान में लगे तीन दरवाजे टीम ने तोड़ दिये। इसका विरोध करने पर परिजन के साथ मारपीट की। टीम ने घर की गहन तलाशी ली और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, लैपटॉप, मोबाइल जब्त कर लिया है।

### परिवार ने लगाया बदसलूकी का आरोप

पन्नेलाल यादव के भतीजे दीपक यादव ने मीडिया से बातचीत में कार्रवाई के दौरान बल प्रयोग का आरोप लगाया। परिवार घर में मौजूद महिलाओं के साथ कथित तौर पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल का भी आरोप लगा रहा है। दीपक ने दावा किया कि 6 घंटे की कड़ी पूछताछ के बावजूद टीम को कोई ठोस सबूत नहीं मिला। पन्नेलाल के बड़े बेटे अमन यादव ने भी परिवार पर हुए कथित उत्पीड़न की शिकायत की। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस ऐसी किसी बात से इनकार कर रही है। कार्रवाई के दौरान पूरे समय खजनी थाने की पुलिस भी टीम के साथ रही। छापेमारी का नेतृत्व लखनऊ से आई विशेष टीम ने किया, जिसके प्रमुख राजेश कुमार पांडेय थे। उनके साथ मनीष कुमार, वकील खान और खजनी के एसडीएम राजेश प्रताप सिंह सहित स्थानीय पुलिस मौजूद रही।

# नशे में धुत्त पिता-पुत्र ने महिला को पीटा, दुष्कर्म का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वजीरगंज के मशकगंज इलाके में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** वजीरगंज के मशकगंज इलाके में रहने वाली महिला के घर में घुसकर पिता-पुत्र ने उसकी पिटाई की। उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। पीड़िता ने वजीरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़िता का आरोप है कि 29 मई को वह अपने घर के अंदर रंगाई-पुताई करा रही थी। रात करीब 10.30 बजे अशोक कुमार, उनके बेटे मोनू और कुट्टी घर में घुस आये। सभी शराब के नशे में थे। उस समय मेरे पति कहीं गये थे। जबरदस्ती घर में घुसने के साथ ही तीनों ने काम रुकवाया और गालियां देनी शुरू की। विरोध करने पर उस पर हमला कर दिया। इस दौरान के अशोक के बेटे मोनू और कुट्टी ने उसके कपड़े फाड़ दिये व दुष्कर्म का प्रयास किया। इसी बीच पति भी घर के बाहर पहुंचे, शोर शराबा सुनकर वह पड़ोसियों के अंदर घुसे तो आरोपियों सिर पर रॉड से वार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोपियों ने पति राजकुमार को भी पीटा। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# युवती से छेड़छाड़, साथी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** निजी कंपनी में काम करने वाली युवती को छोड़ने जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा। युवती ने बीच-बचाव किया तो उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर युवक के चेहरे पर भारी सामान से वार किया। पीड़ित की तहरीर पर मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

त्रिवेणीनगर निवासी युवक फर्म में काम करता है। गुरुवार को काम अधिक होने के कारण देर हो गई थी। इसके चलते युवक सहकर्मी को छोड़ने के लिए फैजुल्लागंज गया था। कृष्णलोक कॉलोनी के पास पहुंचने पर प्रियांशु और उसके सात दोस्त आ धमके। बाइक से जा रहे युवक को रोक कर आरोपित गाली देने लगे। मना करने पर आरोपितों ने युवक को बुरी तरह से पीटा। झगड़ा होने पर युवती ने बीच बचाव करने का प्रयास किया। इस पर आरोपितों ने युवती के साथ छेड़छाड़ की। बीच सड़क मारपीट होते देख राहगीर मदद के लिए दौड़ पड़े। जिसके चलते आरोपित भाग गए। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर छेड़छाड़, बलवा और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### रिटायर्ड इंस्पेक्टर ने बेटे पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर इलाके में रहने वाले रिटायर्ड इंस्पेक्टर के बेटे पर पिटाई कर जबरदस्ती मकान कब्जा करने का आरोप लगा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक गीता पल्ली में सोमेश राय परिवार के साथ रहते हैं। सोमेश के अनुसार वह रिटायर्ड निरीक्षक है। आरोप है कि उनके बड़े पुत्र डॉ. संतोष राय ने उनके मकान में एक कमरे पर जबरन कब्जा कर लिया है। उसकी पत्नी से कमरा खोलने और सामान निकालने विवाद करती है। बेटा संतोष राय ने शाम को घर आने पर अपनी मां की पिटाई की। बचाने की कोशिश की तो बेटे ने उन्हें भी मारापीटा।

# गोली बरसाने वाला पांचवां आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 25 की दोपहर में सर्वोदयनगर बंधे पर प्रॉपर्टी डीलर के साथ हुई घटना

**अमृत विचार:** सर्वोदयनगर बंधा रोड स्थित होटल में प्रॉपर्टी डीलर पर गोलियां बरसाने के मामले के पांचवे आरोपी को गाजीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। छह दिन से फरार चल रहे आरोपी पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित था। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

बाराबंकी स्थित कुर्सी निवासी मुर्सलीन सर्वोदयनगर इलाके में ही होटल चलाने के साथ-साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का भी कार्य करता है। उसके चाचा अफसर अली का सर्वोदयनगर इलाके में निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स है। चाचा ने कॉम्प्लेक्स के पास बालाजी नाम से एक होटल सिपाही लाल नाम के व्यक्ति को चलाने के लिए दिया है। मुर्सलीन 25 मई को होटल पर मौजूद था। वहां सवार उसका चचेरे बहनोई विकासनगर निवासी अर्शल व इंदिरानगर स्थित फरीदीनगर निवासी फैज अली से विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों पक्षों में शाम को मुंशीपुलिया के पास भी विवाद हुआ था।


आरोपी अर्शल व उसके साथियों के हाथ में असलहे देख कर मुर्सलीन कार में बैठकर चाचा के कॉम्प्लेक्स के बाहर पहुंचा था। वहां अर्सल, फैज व उनके अन्य साथी तीन-चार एक्सयूवी से पहुंचे थे। मुर्सलीन को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। मुर्सलीन को तीन गोलियां लगी थी। भाई असलम की तहरीर पर पुलिस ने इस मामले में विकासनगर निवासी अर्शल, उसके भाई फैसल, फैजल, इंदिरानगर स्थित फरीदीनगर निवासी फैज अली रिजवी, विकासनगर निवासी समृद्धि सिंह, अजय और शादाब समेत 5-6 अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस मुख्य आरोपी विकासनगर निवासी अर्शल, फरीदीनगर निवासी फैज अली रिजवी को 26 मई गिरफ्तार कर चुकी है। 29 मई को तकरोही के दीनदयाल नगर निवासी अनिकेत कौशल उर्फ अमन कौशल को भी गिरफ्तार किया। वहीं शुक्रवार तड़के मुठभेड़ में पुलिस ने तकरोही के दीनदयालपुरम निवासी फरमान अली को गिरफ्तार किया था। उसके पैर में गोली लगी थी।

एसीपी अनिद्य विक्रम सिंह के मुताबिक शनिवार को सूचना मिली कि वारदात में शामिल समृद्धि सिंह अलीगंज स्थित केंन्द्रीय विद्यालय के पास मौजूद हैं। पुलिस टीम आनन-फानन में मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने विकासनगर निवासी आरोपी समृद्धि सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके ऊपर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसीपी के मुताबिक मामले के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# हनीट्रैप में फंसाकर विधि छात्र से मांगे 51 लाख, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चौक पुलिस ने शनिवार को की कार्रवाई, अन्य की तलाश जारी
- ऑन लाइन दोस्ती कर मिलने पहुंची थी युवती, वीडियो वायरल करने की दी धमकी



**अमृत विचार:** हनी ट्रैप में फंसाकर विधि छात्र से 51 लाख रुपये की वसूली करने वाले गिरोह का खुलासा चौक पुलिस ने शनिवार को किया। इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक सराफा कारोबारी भी शामिल है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। साथ युवती की भी तलाश की जा रही है।

इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में चौक की बान वाली गली निवासी सराफा कारोबारी रितेश वर्मा, ठाकुरगंज की मोती मस्जिद निवासी मो. मुरसल उर्फ मूसा और फैज शामिल है। आरोपियों के खिलाफ चौक के रहने वाले पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराया था।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि दो महीने पहले इंटरनेट मीडिया पर संबुल कमाल नाम से रिक्वेस्ट आई। ऑनलाइन दोस्ती होने के बाद बातचीत शुरू हुई। इस दौरान बताया कि नेशनल पीजी कलेज में बीकाम की छात्रा है। बातचीत के दौरान बीती 11 फरवरी को मां के साथ खरीदारी के लिए गया था। तभी उसने दाखिले के सिलसिले में मिलने के लिए कहा। इस पर मां को घर छोड़कर में गोल दरवाजे पर मिलने पहुंच गया। लड़की आकर कार में बैठ गई। भीड़ अधिक थी तो गाड़ी पार्क करने के जेबीपी लॉन की तरफ ले गया था। तभी अचानक युवती नग्न होकर वीडियो बनाने लगी। वह कुछ समझ पाता कुछ गाड़ी के पास आए और हमला करने लगे। गाड़ी का शीशा खटखटाने लगे। तभी जान से मारने और झूठे मामले में फंसा कर जेल भिजवाने की धमकियां देने लगे। इसपर दस हजार रुपये देकर वहां से किसी तरह निकला। इसके बाद काल आया और अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर 51 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी। छात्र के पिता को कॉल कर वहीं बात कही। यही नहीं कुछ लोगों का ग्रुप बनाकर वीडियो वायरल भी करने का प्रयास किया।

### सीसीटीवी फुटेज से पकड़े गए आरोपित

पुलिस ने घटना के बाद घटना स्थल के पास लगे सीसी कैमरे खंगाले। वहां पर पहुंचे युवकों में से तीन लोगों को चिह्नित कर गिरफ्तार किया। साथ ही अन्य लोगों को चिह्नित करने के लिए गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि युवती का नंबर और डिटेल लेकर इतिहास पता लगाया जा रहा है। अभी तक जो भी उसने बताया था, वह सब झूठ निकला है। ऐसे में सर्विलांस की मदद से उसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी, कि और कितने लोगों को इस तरह फंसाया है।

# गौरव का बयान दर्ज, पुलिस कमिश्नर से मिली योगेंद्र की पत्नी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- घटना के दो दिन बाद भी आयकर कार्यालय से नहीं मिला सीसीटीवी फुटेज
- विभागीय जांच का हवाला दे किया जा रहा टालमटोल
- आयकर मुख्यालय की छठी मंजिल पर दो दिन पहले हुई थी घटना
- हजरतगंज थाने में दर्ज है हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में रिपोर्ट

**अमृत विचार:** आयकर विभाग में दो दिन पहले हुए आईआरएस अधिकारियों के बीच मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शनिवार को जहां घायल अधिकारी गौरव गर्ग ने हजरतगंज थाने पहुंचकर अपना बयान दर्ज कराया। वहीं, आरोपी अधिकारी योगेंद्र मिश्रा की पत्नी नेहा द्विवेदी पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर से मिली। उन्होंने जांच की मांग करते हुए तहरीर दी। पुलिस पर नेहा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल के मुताबिक जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

आयकर कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारी ऋचा रस्तोगी के कमरे में गुरुवार को ज्वाइंट कमिश्नर योगेंद्र कुमार मिश्रा ने कमरे में घुसते ही उपायुक्त गौरव गर्ग से गाली गलौज शुरू कर दी थी। योगेंद्र ने गौरव को धमकाते हुए कहा कि उनका ट्रांसफर लखनऊ वापस करवाओ नहीं तो जान से मार दूंगा। विरोध किया, तो गिलास उठाकर पानी उनपर फेंका और हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने योगेंद्र पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया था।

पुलिस ने मामले की जांच के लिए आयकर कार्यालय से घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की मांग की है। दो दिन बाद भी विभागीय अधिकारी उपलब्ध नहीं करा रहे। पुलिस को बताया जा रहा है कि विभागीय जांच चल रही है। वहीं, आईआरएस अधिकारी गौरव गर्ग ने शनिवार को थाने पहुंचकर अपना बयान दर्ज कराया।

### छह महीने की छुट्टी पर हैं गौरव की पत्नी

गौरव की पत्नी छह महीने की मातृत्व अवकाश पर हैं। फिलहाल उनके पास लखनऊ कमिश्नरेट के किसी चार्ज पर नहीं है। वहीं, योगेंद्र ने मामले से जुड़े सभी साक्ष्य पुलिस आयुक्त की मेल पर विवाद के बाद भेजे थे। फिलहाल पुलिस किसी भी बात पर बोलने को तैयार नहीं है।

### परिवार को धमकी, बेटी का कर रहे पीछा

नेहा ने पुलिस कमिश्नर से कहा कि उनकी बेटी पर नजर रखी जा रही है। पूरे परिवार को धमकी दी जा रही है। इस घटना के बाद से ही पूरा परिवार डरा हुआ है। बताया कि 30 मई की सुबह दो पुलिसकर्मी बिना किसी सूचना के उनके कानपुर स्थित घर पहुंच गए थे। जिससे उनका पूरा परिवार बुरी तरह से दहशत में आ गया। आरोप है कि उनकी बेटी, जो समर कैंप में क्लास के लिए जा रही थी, उसका पीछा भी किया गया। योगेंद्र मिश्रा के मुताबिक इस घटना के बाद से पत्नी और बेटी को अपनी ससुराल में भेज दिया। इसके बाद संयुक्त आयुक्त योगेन्द्र मिश्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट भी डाली। जिसमें उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ और पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

### योगेंद्र की पत्नी ने दी पुलिस आयुक्त को तहरीर

वहीं, दूसरी तरफ शनिवार दोपहर आरोपी अधिकारी योगेंद्र मिश्रा की पत्नी व परिवहन विभाग की अधिकारी नेहा द्विवेदी पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर से मिली। उन्होंने तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। नेहा का आरोप है कि आईआरएस गौरव गर्ग ने उनके पति योगेंद्र से गाली गलौज कर हमला किया था। विरोध पर उनका अगूंठी लग गई थी। आरोप है कि गौरव की पत्नी लखनऊ पुलिस की अधिकारी हैं। गौरव ने इसी बात का फायदा उठाते हुए धमकाया कि वह फर्जी मामले में फंसा कर इनकाउंटर करवा देंगे। इस घटना से संबंधित सभी तथ्य योगेंद्र ने मेल के माध्यम से उनको भेज रखे हैं। ऐसे में मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। पुलिस आयुक्त ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# करंट लगने से किशोरी की मौत

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई के वृंदावन कालोनी सेक्टर-9 निवासी शिक्षक बृजेश कुमार की बेटी संस्कृति (14) की इनवर्टर से कंटर लगने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। वृंदावन सेक्टर-9 में रहने वाले बृजेश कुमार नगराम के इंटर कॉलेज में अध्यापक हैं। इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार सिंह के मुताबिक शनिवार सुबह उनकी बेटी संस्कृति इनवर्टर का प्लग निकाल रही थी। तभी करंट लगने से जमीन पर गिरकर बेहोश हो गयी। देखा तो डंडे से तार हटाया। तुरंत पीजीआई अस्पताल पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप

कार्यालय संवाददाता, माल

- तीन दिन पूर्व पेड़ से लटका मिला था मजदूर का शव
- मुख्यमंत्री पोर्टल पर मारने पीटने का लगाया आरोप



**अमृत विचार:** माल के रूदान खेड़ा निवासी सुधीर कुमार का शव गुरुवार को बाग में पेड़ से लटका मिला था। इस मामले में मृतक की मां कुसुम ने ससुरालीजनों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल और थाने में शिकायती पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच की बात कह रही है।

मां कुसुम ने बताया कि सुधीर का विवाह एक वर्ष पूर्व उन्नाव के थाना औरास के कन्हैया खेड़ा निवासी रजऊ की पुत्री सीमा के साथ हुई थी। सुधीर अपनी ससुराल में घर जमाई बनकर रहता था। वहीं पर मजदूरी करता था। मृतक की मां अपने पति के साथ चंडीगढ़ में रहकर मेहनत मजदूरी करती थी। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि गुरुवार को मृतक बेटा सुधीर कुमार ने फोन कर ससुरालीजनों द्वारा मारने - पीटने सहित जान से मारने की धमकी देने की बात मां से बताई थी। उसी दिन सुधीर का शव आम के पेड़ से लटका मिला था।

रहीमाबाद के गोपालपुर गांव निवासी मृतक के जीजा सरोज कुमार के मुताबिक मृतक सुधीर कुमार के ससुरालीजन ससुर रजऊ, सास, साला पुत्तू व महेश सहित तीन अज्ञात साढ़ू व उनकी पत्नियों (साली) पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद के मुताबिक दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### युवती की आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने की धमकी

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई के वृन्दावन में रहने वाली युवती का पूर्व परिचित उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। आरोपी युवक लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। परेशान युवती ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवती के मुताबिक राम निवासी उसका पूर्व परिचित है। पिछले काफी दिनों से वह कॉल कर धमकी दे रहा है। कहता है कि उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें उसके पास हैं। जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। युवती काफी दहशत में है। उसने घर से निकलना बंद कर दिया है। जानकारी किसी तरह परिजन को हुई। थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# रोडवेज बस की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

संवाददाता, निगोहां

- शेरपुर लवल मोड़ के पास सड़क पार करते समय हुई दुर्घटना




**अमृत विचार:** निगोहां के शेरपुर में शुक्रवार को रोडवेज बस की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर विष्णु कुमार (55) की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

शेरपुर लवल गांव निवासी मजदूर विष्णु कुमार शुक्रवार शाम को साइकिल से निगोहां बाजार जा रहे थे। शाम सात बजे वह शेरपुर लवल मोड़ के पास सड़क क्रास कर रहे थे। तभी लखनऊ से रायबरेली की तरफ जा रही रोडवेज बस ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर से विष्णु कुमार उछलकर दूर जा गिरे। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें उन्हें ट्रामा सेंटर भेजवाया। हालत बिगड़ने पर परिवार वाले उन्हें निजी अस्पताल ले गए। जहां शनिवार को इलाज के दौरान विष्णु कुमार ने दम तोड़ दिया। परिवार में पत्नी आशावती और दो बेटे हैं। डेढ़ वर्ष पहले छोटे बेटे ने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। थाना प्रभारी के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिला अधिवक्ता पर एसिड फेंकने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सहयोगी अधिवक्ता पर हजरतगंज में हो चुका है एसिड फेंकने का प्रयास
- महिला अधिवक्ताओं को धमकाने के मामले में 22 दिन में तीन थानों में दर्ज हुई रिपोर्ट



**अमृत विचार:** गाजीपुर के लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर स्थित कालोनी में रहने वाली युवती सिविल कोर्ट में अधिवक्ता हैं। महिला अधिवक्ता का आरोप है उस पर एसिड फेंकने, जान से मारने, गैंगरेप करने की पिछले कई महीनों से धमकी दी जा रही है। उसे धमकी देने वाले दिन में 40-50 कॉल कर परेशान कर रहे हैं। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान हो चुकी है। घर से निकलना दूभर हो गया। उनका व्यावसाय पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। महिला अधिवक्ता ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

अयोध्या हाइवे पर स्थित कालोनी की रहने वाली महिला अधिवक्ता ने पुलिस को बताया कि उसे कई महीने से सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप, फेसबुक व मोबाइल कॉल के माध्यम से मानसिक, सामाजिक व शारीरिक प्रताड़ना दिया जा रहा है। युवती के मुताबिक 7 अप्रैल को विवेक शंकर मिश्रा और शीलू निषाद के मोबाइल नंबर से धमकी भरे कॉल आ रहे हैं। दोनों दबंग प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। युवती के मुताबिक कॉल कर दोनों जान से मारने, सामूहिक दुष्कर्म, एसिड अटैक करने की धमकी दे रहे हैं। इनके धमकी भरे कॉल की रिकार्डिंग और व्हाट्सएप पर भेजे गये मैसेज के रिकार्ड उपलब्ध हैं। महिला अधिवक्ता के मुताबिक दोनों आरोपी मिलकर उसे धमकी देते है। इसके लिए प्रतिदिन 40-50 से कॉल करते हैं। हर बार कॉल रिसीव करते ही गालियां और धमकी दी जाती। युवती के मुताबिक 23 अप्रैल की रात 11 बजे कॉल कर धमकी दी कि उनका मकसद बदनाम करना है। इसके लिए युवती की अश्लील पोस्टर बनवाकर पूरे शहर में लगवा देंगे। अगर जरूरत पड़ी तो उसे 24 घंटे के अंदर अगवा कर हत्या करवा देंगे।

**22 दिन में तीन रिपोर्ट दर्ज:** पीड़ित महिला अधिवक्ता को धमकी देने और उसकी सहयोगी पर एसिड फेंकने का प्रयास करने के मामले में पिछले 22 दिन के अंदर तीन मामले दर्ज किये गये हैं। इस मामले में एक आरोपी नीलू निषाद को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने का सिलसिला 10 मई से शुरू हुआ। जब महिला अधिवक्ता के सहयोगी पर उसके चेंबर में घुसकर एसिड फेंकने का प्रयास किया गया। इस मामले में हजरतगंज पुलिस ने नीलू निषाद को गिरफ्तार किया। वहीं, दूसरा मामला गाजीपुर थाने में 18 मई और तीसरा मामला वजीरगंज थाने में 30 मई को दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### एक साथ जली तीन चिताएं, बेटे ने दी मुखाग्नि

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर निवासी सुखदेव प्रभाकर (63), पत्नी अंजूबाला प्रभाकर (60) उनकी पोती मान्या (4) की उन्नाव में मोहान-मियागंज मार्ग पर हादसे में मौत हो गई। तीनों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया। बेटे ने तीनों शव को मुखाग्नि दी तो पूरा माहौल गमगीन हो गया। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे कार से बांगरमऊ होते हुए लखनऊ अपने पोती के साथ आ रहे बुजुर्ग दंपत्ति की कार को मोहान-मियागंज मार्ग पर अकबरपुर गांव के पास तारकोल ले जा रहे टैंकर ने कार में टक्कर मार दी थी । जिससे कार खाई में जा गिरी थी इस हादसे में दादी और पोती की मौके पर मौत हो गई थी और बुजुर्ग की अस्पताल में मौत हुई थी। तीनों शव जब कृष्णानगर आवास पर पहुंचे तो कोहराम मच गया। तीनों शव का अंतिम संस्कार शनिवार को वीआईपी रोड स्थित बैकुंठ धाम में किया गया। बेटे गौरव ने विधिवत संस्कार की प्रक्रिया पूरी कर एक साथ तीनों चिताओं को मुखाग्नि दी।

### किशोरी के खुदकुशी मामले में एक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर पुलिस ने किशोरी के खुदकुशी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दो वर्ष से किशोरी को शादी का झांसा देकर जाल में फंसाये था। दबाव पड़ने पर शादी से इनकार कर दिया। इसी से क्षुब्ध किशोरी ने खुदकुशी की थी। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि आम्रपाली चौराहा निवासी अंकित चौधरी को उसके घर से पकड़ा गया। आरोपित के खिलाफ शुक्रवार को दीक्षा (17) की मां अनीता ने रिपोर्ट दर्ज कराया था। अंकित और दीक्षा करीब दो साल से प्रेम संबंध थे। अंकित ने जल्द ही शादी करने की बात भी कही थी। दोनों के बीच फोन पर बात होती थी। गुरुवार को किशोरी ने प्रेमी से शादी करने के लिए कहा था। इस बात को लेकर विवाद हुआ। किशोरी की पिटाई कर आरोपित फोन छीन लिया था। अंकित के व्यवहार से व्यथित होकर दीक्षा ने दुपट्टे का फंदा बना कर गुरुवार रात फांसी लगाई थी।

## एक नजर

### 526 मेधावियों को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेस द्वारा शनिवार को 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त वाले 526 विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए वहीं विद्यार्थियों के माता- पिता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एलपीएस के संस्थापक एवं राज्यसभा सांसद एसपी सिंह,पूर्व एमएलसी कांति सिंह प्रबंधक हर्षित सिंह एवं शिखर पाल सिंह डायरेक्टर गरिमा सिंह तथा निखिल सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### सीएमएस छात्रा को विश्व में प्रथम रैंक

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर प्रथम कैम्पस



की कक्षा-3 की छात्रा परीशा राय ने इण्टरनेशनल बेन्चमार्क टेस्ट (आई.बी.टी.) के अन्तर्राष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता में 100 परसेन्टाइल के साथ विश्व में प्रथम रैंक अर्जित किया है। इस उपलब्धि हेतु परीशा को सार्टिफिकेट ऑफ ऑनर प्रदान कर सम्मानित किया गया है। सीएमएस की निदेशिका डा. भारती गांधी ने इस मेधावी छात्रा सफलता पर बधाई दी है।

### 375 अभ्यर्थियों को कंपनियों ने दिए जॉब के ऑफर

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी लखनऊ के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई अलीगंज में आयोजित हुए रोजगार मेले में शनिवार को कुल 375 अभ्यर्थियों को 10 कंपनियों द्वारा जॉब के ऑफर दिए गए। इस रोजगार मेले में कुल 553 अभ्यर्थियों ने इंटरव्यू में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। रोजगार मेले में टाटा मोटर्स (लखनऊ एवं पंतनगर), वीविन लिमिटेड, सुनलॉन इनेर्जी लिमिटेड, सास्व प्रा.लि., मिन्डा लि., वेलराइज इंजीनियर्स प्रा.लि., जे.एन.एस.इन्स्ट्र.प्रा.लि., एजिस फिडरेल लाइफ इन्स्योरेंस एवं अडाज वे.प्रा.लि. जॉब का ऑफर दिया। रोजगार मेले का शुभारंभ विधायक नीरज बोरा द्वारा किया गया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर हाथ को कम देने के लिए दिन संकल्पित है। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में हर महीने में काम से कम दो रोजगार मिले का आयोजन किया जा रहा है।

# डॉ. अनित्य गौरव अध्यक्ष, प्रो. राम मिलन महासचिव निर्वाचित

## लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) चुनाव में कांटे की टक्कर में अध्यक्ष पद पर 22 वोट से पराजित हुए निवर्तमान

कार्यालय संवादाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) के चुनाव का परिणाम शनिवार देर शाम को जारी हुआ। इस चुनाव में लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष पद पर डॉ. अनित्य गौरव को चुना गया है जबकि जनरल सेक्रेटरी के पद पर कॉमर्स विभाग के प्रोफेसर राममिलन का चुनाव हुआ है।

लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष पद पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला। डॉ. अनित्य गौरव को जहां अध्यक्ष पद के लिए कुल 197 वोट मिले, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी प्रो. विनीत वर्मा को 175 वोट मिले। जबकि तीसरे प्रत्याशी अजय आर्य को कुल 16 लोगों ने ही वोट दिया। जबकि जनरल सेक्रेटरी के पद पर प्रो. राममिलन और प्रो. राजेंद्र कुमार वर्मा में घमासान देखने को मिला। जनरल सेक्रेटरी के तौर पर प्रो. राममिलन को 196 वोट मिले, जबकि प्रो. राजेंद्र कुमार वर्मा को 171 वोट से संतोष करना पड़ा। जबकि तीन अन्य प्रत्याशी प्रो. अमित कनौजिया को 43 प्रो. भूपेश कुमार को 17 और ममता सिंह को 9 वोट मिले।



चुनाव में विजयी अध्यक्ष डॉ. अनित्य गौरव, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री प्रो. राम मिलन, उपाध्यक्ष डॉ. चन्दाकिराम गौतम।

### उपाध्यक्ष पद पर 6 लोगों का हुआ चुनाव

लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष पद पर कुल 6 शिक्षक चुनाव मैदान में थे जिनमें डॉ. सीआर गौतम (255वोट), डॉ. एस जाफरी (202 वोट) और प्रो. मनीषा बनर्जी ( 156वोट) को चुना गया है। इसी तरह जॉइंट सेक्रेटरी के पद पर डॉ. अशोक कुमार, डॉ. करुणा शंकर कनौजिया और डॉ. आकाश अस्थाना को चुनाव हुआ है। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. दिनेश यादव ने चुनाव जीता है।

फैकेल्टी आफ मैनेजमेंट साइंस के रिप्रेजेंटेटिव तौर पर डॉ. संजय मेधावी, फैकल्टी ऑफ़ आर्ट्स के रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर डॉ. शेमलेश कुमार तिवारी, डॉ. गौरव सिंह और डॉक्टर अनामलाई. फैकल्टी ऑफ़ साइंस के रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. भरत कुमार और डॉक्टर सुचिता स्वरूप को चुना गया है। जबकि फैकल्टी ऑफ़ कॉमर्स के रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर डॉ. चंद्रकांत कुशवाहा फैकल्टी ऑफ़ एजूकेशन के रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर डॉ. संजय सिंह यादव, फैकल्टी ऑफ़ फाइन आर्ट्स के रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर डॉ. आलोक कुमार और फैकल्टी ऑफ़ लॉ के रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर डॉ. निहारिका का चुनाव किया गया है।

### अध्यक्ष पद पर सबसे कांटे का मुकाबला देखने को मिला

अध्यक्ष पद पर सबसे कांटे का मुकाबला देखने को मिला। इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ चुनाव में अध्यक्ष और महामंत्री के पद पर सबसे अधिक कांटे का मुकाबला देखने को मिला। पिछले लखनऊ शिक्षक संघ में महामंत्री के पद पर जीते डॉ. अनित्य गौरव इस बार अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे थे। तो वहीं, दूसरी तरफ उनके विरोध में लखनऊ शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष व महामंत्री रह चुके विनीत वर्मा ने दावेदारी पेश की थी। कयास लगाए जा रहे थे कि प्रो. अजय आर्य के चुनाव मैदान में होने से डॉ. अनित्य गौरव के लिए इस बार काफी मुश्किलें होंगी पर चुनाव में जिस तरह से शिक्षकों के बीच में दो फाड़ देखने को मिला उससे यह साफ था कि विश्वविद्यालय में आधे –आधे शिक्षक दो हिस्सों में बंटे हुए हैं। इसका अंदाजा वोटिंग के माध्यम से भी देखने को मिला जहां डॉ. अमित गौरव को जीत के लिए 197 वोट पड़े तो वही प्रो. विनीत वर्मा को 175 वोट मिले।

### दिन भर रही गहमा–गहमी

शिक्षक संघ चुनाव को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में दिनभर गहमा गहमी रही। अंतिम समय तक प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान की अपील करते देखे गए। वहीं, चिलचिलाती धूप के बावजूद शिक्षकों ने लाइन लगाकर वोट डाला।

### ममता सिंह ने वीडियो जारी किया

जनरल सेक्रेटरी का चुनाव लड़ रही ममता सिंह ने ऐन मतदान के पहले वीडियो भी जारी किया। जिसमें वह जिताने की अपील कर रही हैं। वीडियो में वह अपनी प्राथमिकता भी बता रही है। यह वीडियो दिन भर सोशल मीडिया पर वायरल रहा और लोग कहते रहे काफी निराशा दिखाई दे रही हैं। उनको चुनाव में महज 9 वोट से संतोष करना पड़ा।

# सगे भाइयों पर दबंगों ने किया हमला, आठ पर रिपोर्ट दर्ज



**अमृत विचार, लखनऊ :** अमीनाबाद में गोलागंज निवासी सगे भाइयों ऋषभ मिश्रा और प्रशांत पर दबंगों ने राड से जानलेवा हमला कर दिया। दोनों को गंभीर चोटें आई। इस मामले में अमीनाबाद पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ऋषभ के अनुसार, 29 मई को रात 8:50 बजे वह और उनके भाई अमीनाबाद स्थित अंडर ग्राउंड फिटनेस सेंटर जिम से निकल रहे थे, तभी ऋषभ सोनकर और प्रियांग ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों के छह और साथी वहां आ गए और राड और कड़े से पीड़ित और उसके भाई पर हमला कर दिया। हमले में दोनों भाइयों को काफी चोटें आईं। लोगों को मदद के लिए आता देख आरोपी धमकाते हुए भाग निकले।

# प्रवेश के लिए अब 15 जून तक आवेदन

कार्यालय संवादाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से सत्र 2025-26 के पंजीकरण एवं स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की प्रक्रिया 17 अप्रैल से शुरू है। जिसके लिए अंतिम तिथि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 31 मई तय की गई थी। छात्रों के आवेदन लगातार आते जा रहे हैं, जिसे देखते हुए विश्वविद्यालय ने अपने आवेदन प्रक्रिया की तिथि को 15 दिन आगे बढ़कर इसकी अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी जानकारी में बताया



- लविवि प्रशासन ने 15 दिन के लिए प्रक्रिया को आगे बढ़ाया
- 31 मई तक आवेदन करने की थी अंतिम तिथि

गया है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाले कॉमन एडमिशन टेस्ट (सीयूईटी) की प्रक्रिया को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवेदन की तिथि को आगे बढ़ाया है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सीयूईटी में प्रवेश के लिए एंट्रेंस एग्जाम की प्रक्रिया चल रही है ऐसे में छात्र इस परीक्षा की तैयारी में जुटे हुए थे। ज्यादातर छात्रों को आवेदन फॉर्म भरने में विलंब हुआ है। इसी को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि को विस्तारित की है। उन्होंने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय व सम्बद्ध/ सहयुक्त महाविद्यालयों में जिन विद्यार्थियों को किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना है। वह अपना एलयूआरएन पंजीकरण पहले कराएंगे। जिसका पंजीकरण शुल्क पूर्व की भांति 100 रुपया है।

### बीमारी से परेशान युवक गोमती में कूदा

अमृत विचार, चौक : ठाकुरगंज के वसंत कुंज निवासी शुभम कश्यप (24) शनिवार को गोमती में छलांग लगा दी। वह काफी दिनों से बीमार चल रहा था। परिजन उसका इलाज केजीएमयू में करा रहे थे। बीमारी के कारण वह अवसाद में चला गया। परिजन के मुताबिक शनिवार सुबह 11 बजे शुभम ने अपने मामा को कॉल कर कहा कि मैं बहुत परेशान हूं। एक घंटे बाद मेरा शव लाल गोमती से निकाल लेना। इसके बाद मोबाइल बंद हो गया। जानकारी होने पर ठाकुरगंज पुलिस, अग्निशमन विभाग, एसडीआरएफ की टीमें गोमती नदी में शुभम की तलाश में जुट गई। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक देर शाम को अंधेरा होने के कारण तलाशी अभियान रविवार को किया जाएगा।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, पीजीआई

**अमृत विचार:** पीजीआई स्थित किसान पथ पर शुक्रवार को बिजली के पोल लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में बाइक सवार युवक टकरा गया। हेलमेट निकलने से सिर में गंभीर चोट आ गई। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पीजीआई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मोहनलालगंज के ददियाना निवासी पेंटर अमरेश कुमार (30) शुक्रवार को गोसाईंगंज में काम कर बाइक से घर लौट रहे थे। रात आठ बजे वह किसान पथ पर डलोना रेलवे क्रासिंग के पास आगे जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को आवेरटेक करने के दौरान उसी से टकरा गए। टक्कर से हेलमेट निकल कर दूर जा गिरा। सिर के बल सड़क पर गिरने से अमरेश गंभीर रूप से चोटिल हो गए। पुलिसकर्मी उन्हें एपेक्स ट्रामा सेंटर ले गए। जहां डॉक्टरों ने अमरेश को मृत घोषित कर दिया। परिवार में पत्नी अर्चना, बेटी अर्पिता व बेटा आयुष हैं। इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हेलमेट की स्ट्रिप बंधी होती तो बच सकती थी जान राहगीरों की मुताबिक हादसे के समय अमरेश ने हेलमेट तो पहन रखा था, लेकिन हेलमेट की स्ट्रिप खुली हुई थी। जिससे ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर होते ही हेलमेट निकलकर दूर जा गिरा। स्ट्रिप बंधी होती तो शायद उनकी जान बच जाती।

### डंपर की टक्कर ससुराल जा रहे युवक की मौत

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** संडीला स्थित अपनी ससुराल जा रहे मो. रफीक (30) सड़क हादसे में गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मवैया लखनऊ निवासी रशीद अहमद का बेटा रफीक शनिवार को अपनी ससुराल संडीला जा रहा था। रहीमाबाद के जिंदौर के पास डंपर पीछे जनरेटर बांधकर ले जा रहा था। जिंदौर के पास रस्सी टूट गई। जनरेटर पीछे बाइक से आ रहे रफीक से टकरा गई। ने पीछे से टक्कर मार दी। वह गंभीर रुप से घायल हो गया। परिवार में पत्नी शिबा, दो बच्चे फैईजा व अब्दुल्ला है।

# मेधावियों को किया सम्मानित



गोमती नगर स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में मेधावी अभिनंदन समारोह में छात्रों के साथ मुख्य अतिथि के डॉ. ऋषि सेठी, विभागाध्यक्ष लारी कार्डियोलॉजी, लखनऊ व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, गोमती नगर, लखनऊ में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर समारोह में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं — आलिया परवीन, तूबा खान, रूद्र गुप्ता, इशिता अग्रवाल, हर्षित राज, पलक मिश्रा, प्रज्ञान त्रिपाठी और शिवांगी तिवारी — को ट्रॉली बैग और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, 80% से 90% अंक अर्जित करने वाले अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। यह समारोह विद्यालय के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. नीरा इमैनुएल तथा उप प्रधानाचार्या श्रीमती शालू श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।

# नगर निगम कर्मचारी संघ के महामंत्री की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम कर्मचारी संघ के महामंत्री राम अचल का शनिवार सुबह सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। वह लेखा विभाग में लेखाकार के पद पर कार्यरत थे। उनके आकस्मिक निधन से नगर निगम कर्मचारियों में शोक की लहर है। शनिवार सुबह लखनऊ उन्नाव बॉर्डर के पास दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। ईलाज के दौरान शाम 4 बजे उनकी मृत्यु हो गयी। नगर निगम कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों और अधिकारियों ने उनके निधन पर शोक जताया है।



# 100 एडेड माध्यमिक विद्यालयों में बनेगी आईसीटी लैब

## छात्रों को आधुनिक क्षेत्र में दक्ष कर किया जाएगा कौशल विकास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के 100 एडेड माध्यमिक विद्यालयों में भी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) लैब बनाई जाएगी। इसके लिए समग्र शिक्षा के तहत पहली बार प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों के लिए भी बजट स्वीकृत किया है। इसके लिए 6.40 करोड़ का बजट दिया गया है। आईसीटी लैब में कंप्यूटर, इंटरनेट सुविधा बढ़ेगी। साथ ही डिजिटल उपकरण से पठन-पाठन की व्यवस्था की जाएगी।

प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार,

- 6.40 करोड़ का बजट जारी किया गया

प्रोजेक्ट प्रवीण आदि योजनाओं से डिजिटल पठन-पाठन की सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। साथ ही छात्रों को आधुनिक क्षेत्र में दक्ष कर उनके कौशल विकास व रोजगार की भी नई राह खोली जा रही है। इसी क्रम में शिक्षा मंत्रालय की प्रोजेक्ट एडवाइजरी बोर्ड (पीएबी) ने अप्रैल में हुई बैठक में 416 आईसीटी लैब व 759 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के लिए लगभग 26 करोड़ रुपये स्वीकृत किया था। इसके साथ ही इस साल पहली बार 100 एडेड माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब के लिए 6.40 करोड़ रुपये



स्वीकृत किए गए हैं। इससे इन विद्यालयों के छात्र भी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दक्ष हो सकेंगे। बता दें कि प्रदेश में 4700 से अधिक एडेड माध्यमिक विद्यालय हैं। जहां पर 15 लाख से ज्यादा छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इस तरह अब राजकीय के साथ-साथ इन माध्यमिक विद्यालयों के भी केंद्रीय सहायता से संवरने का रास्ता खुल गया है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में शिक्षा मंत्रालय की सप्लीमेंट्री पीएबी की बैठक में और 471 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए आईसीटी लैब स्वीकृत की गई है। इसके लिए 20.94 करोड़ स्वीकृत किया गया है। वहीं 158 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास भी स्वीकृत की गई है। इसके लिए 3.79 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। इस तरह अब हर राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कम से कम एक आईसीटी लैब व दो स्मार्ट क्लास की स्थापना होगी। इससे छात्र सूचना व प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बारीकी सीखेंगे ही उन्हें अत्याधुनिक विधा से पठन-पाठन के अवसर भी मिलेंगे।

# बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर हुई चर्चा



बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश कार्यकारणी समिति, मंडलीय संगठन मंत्री, जिले के अध्यक्ष, मंत्री की संयुक्त बैठक शनिवार को हजरतगंज स्थित डिप्लोमा इंजीनियर संघ भवन लखनऊ में आयोजित की गई इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने कहा कि प्रदेश के सभी शिक्षक कंधे से कंधा मिलाकर संघ के साथ चलने के लिए एकजुट है। उन्होंने बताया की बैठक में विभिन्न शिक्षक समस्याओं, पुरानी पेंशन बहाली , अंतर्जनपदीय व जनपदीय सामान्य ट्रांसफर, जिलों के चयन व प्रोन्नत वेतनमान , प्रमोशन आदि पर विस्तृत चर्चा की हुई। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष ठाकुरदास यादव, सयुक्त मंत्री आलोक मिश्र, उपाध्यक्ष अनुज त्यागी, धीरेंद्र प्रताप ,संगठन मंत्री अजय सिंह,ऑडिटर नरेश कौशिक , विपिन तिवारी सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर दी बधाई :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे को अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये जिला अध्यक्ष और मंत्रियों ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और बधाई दी।

# नैक टीम आने के ऐन मौके पर छात्रों ने किया बवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय जहां एक तरफ नैक मूल्यांकन टीम के स्वागत की जोरशोर से तैयारी कर रही है, तो वही यहां के छात्र-छात्राएं आंदोलन पर उतर आए। विश्वविद्यालय में इन दिनों परीक्षाएं चल रही हैं। दूसरी पाली की परीक्षा के बाद भारी संख्या में छात्र-छात्राएं कुलपति आवास को घेर लिए और अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए।

छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी शुरू कर दिया और कुलपति से मिलने की जिद पर अड़ गए। हंगामा बढ़ता देख कुलपति प्रो. तनेजा ने छात्रों से बातचीत कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया। धरने में छात्राएं भी शामिल थी उनकी मांग है कि छात्रावास में आने जाने के समय सीमा को उदारता पूर्वक बढ़ाया जाए। तो वहीं कुछ छात्रों का आरोप है कि ऑनलाइन भोजन मंगाने पर छात्रावास कर्मचारी और विश्वविद्यालय के कर्मचारी समस्या खड़ी करते हैं। छात्रों की मांग विश्वविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं एम्बुलेंस, पुस्तकालय, छात्रावास की सुविधा आदि को लेकर है। कुलपति से वार्ता के बाद फिलहाल छात्रों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय पिछले 3 वर्षों से नैक रैंकिंग को लेकर तैयारी कर रहा है। विश्वविद्यालय में आए नए कुलपति प्रो. अजय तनेजा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन टीम का स्वागत करने के लिए विश्वविद्यालय के हर कील –कांटे को दुरुस्त कर रही थी। इसी बीच छात्रों का यह धरना विश्वविद्यालय प्रशासन के सारी मेहनत पर पानी फेरता नजर आ रहा है। छात्रों के धरने की खबर पाकर कुलपति समेत विश्वविद्यालय प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। अगले दो दिनों में विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के बाद नैक मूल्यांकन की अग्नि परीक्षा से गुजरने वाला है।



कुलपति आवास के बाहर धरने पर बैठे छात्रों से बातचीत करते कुलपति डॉ. अजय तनेजा। अमृत विचार

- भाषा विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर देर शाम प्रदर्शन किया

बाहरी तत्वों के भड़काने पर छात्र गुमराह ना हो, विश्वविद्यालय उनका है और उनकी हर मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। पिछले कुछ समय पूर्व जिन लोगों को विश्वविद्यालय से निष्कासित किया गया है उन लोगों का कुचक्र सफल नहीं होने दिया जाएगा।

-डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, प्रवक्ता, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय

# भाषा विश्वविद्यालय में योगाभ्यास सत्र का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के परिसर में सामूहिक प्राणायाम, ध्यान एवं योगासनों पर आधारित एक विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया।

योग सत्र का संयोजन एनएसएस समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के विषय प्रभारी मोहम्मद शारिक द्वारा किया गया। योगासनों का प्रदर्शन एवं अभ्यास शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. हसन मेहदी के नेतृत्व में हुआ, जिन्होंने प्रतिभागियों को सटीक विधियों के साथ योगाभ्यास कराया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवक तथा अन्य कर्मचारीगण उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। योगाभ्यास सत्र के अंतर्गत अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति जैसे प्रभावशाली प्राणायामों के साथ-साथ ध्यान और विविध योगासनों का अभ्यास कराया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देना एवं योग के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करना रहा।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा जी ने अपने संदेश में कहा कि योग मात्र व्यायाम नहीं, बल्कि यह आत्म-अनुशासन, आंतरिक संतुलन एवं जीवन की गुणवत्ता को सुधारने का माध्यम है। उन्होंने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय समुदाय से नियमित योगाभ्यास करने का आह्वान किया। यह आयोजन विश्वविद्यालय की संपूर्ण स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में प्रतिबद्धता को दर्शाता है और योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने की प्रेरणा देता है।

# इतिहास से बड़ा होता है लोक

प्रेरणा सामान्य क्षमता की वृद्धि करने वाला असामान्य रसायन है। संभव है कि मस्तिष्क में डोपामाइन जैसा कोई रस इस प्रेरणा के लिए जिम्मेदार हो। प्रेरणा ध्येय निष्ठा के लिए प्रेरित करती है। उत्साह भरती है। स्वाभाविक आलस्य को भी निकट नहीं आने देती। प्रेरणा की शक्ति मूल कार्य में लगने वाली शक्ति की क्षमता को भी प्रभावित करती है। प्रेरित करने वाले तत्व कई प्रकार के हो सकते हैं। वे मोटे तौर पर दो हैं। दो से अधिक भी हो सकते हैं। अच्छे कार्य के लिए उत्साहित करने वाली प्रेरणा। किसी गलत कार्य के लिए उकसाना भी प्रेरणा कहा जा सकता है। महापुरुष प्रेरित करते हैं। स्वयं तपते हैं। समाज को उत्साहित करते हैं। भारतीय जीवन दृष्टि में प्रेरणा का महत्व है। कोई ई-रिक्शा चलाने वाला चालक भी उच्चतर परीक्षाओं में अच्छे अंक पाता है। वह प्रेरित करता है। कोई नदी में डूबते हुए व्यक्ति को अपनी जान पर खेल कर बचाता है। यह प्रेरणादायी है। कोई विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के लिए उच्चतम काम करता है। वह प्रेरणादायी है।

भारतीय साहित्य और इतिहास ऐसी कथाओं से भरा पूरा है। सामान्यतया राष्ट्र जीवन के उद्देश्यों के लिए काम करने वाले महानुभावों की कथाएं हम सबको प्रेरित करती हैं। उनके गीत गाए जाते हैं। चारों तरफ उनकी कीर्ति फैलती है। वे यशस्वी होते हैं। वे इतिहास की सीमाओं को लांघकर समकालीनता का अतिक्रमण करते हैं। अमर हो जाते हैं। इतिहास उनका अनुसरण करता है। अपने अंतःस्थल में जगह देता है। स्त्री अपने संपूर्ण वैभव में माता है। माता प्रकृति की आदि और अनादि अनुभूति है। इसके बावजूद दुनिया के अनेक देशों में मानव इतिहास के दीर्घकाल तक स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं रही। यूरोप में पुनर्जागरण (रेनेसां) के पहले लाखों महिलाओं को डायन बताकर मार दिया जाता था, लेकिन भारत में महिलाओं की स्थिति इससे भिन्न रही है। यहां सामाजिक विकास के साथ-साथ पुरुष और स्त्री में समानता का अधिकार और सहकार रहा है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले तक विवाह संस्था का विकास हो चुका था। जान पड़ता है कि अनेक महिलाएं अपने पति का चुनाव स्वयं करती थीं। ऋग्वेद के दसवें मंडल में उल्लेख है कि "जो महिला स्वयं पति का चुनाव करती है वह भद्र है।" परिवार में स्त्री की स्थिति काफी सशक्त थी। ऋग्वेद के एक प्रसंग में नव वधू के लिए आशीर्वाद का उल्लेख है कि "वधू परिवार में अपनी सास, ससुर, ननद आदि पर सम्राट की तरह रहे।" अथर्ववेद के रचनाकाल तक स्त्री समानता का जबरदस्त विकास हो चुका था। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में पति पत्नी से कहता है, "मैं साम हूं। तू ऋक् है। मैं द्यावा हूं। तू पृथ्वी है।" एक अन्य सुंदर मंत्र में कहते हैं, "तुम दोनों का भोजन और पानी पीने का स्थान एक हो।" भारत में उत्तर वैदिक काल से ही स्त्री सम्मान के वातावरण का विकास हो चुका था। स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं।


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं।

ऋग्वेद के अनुसार विश्पला नाम की महिला का पैर युद्ध में टूट गया था। वेदों की रचनाकार स्त्रियां भी थीं। ऋषि अगस्त्य से तर्क करने वाली लोपामुद्रा ने भी मंत्र रचे थे। उपनिषदों में कहा गया है, "प्रारंभ में वह अकेला था। उस एक को अकेलेपन के कारण अच्छा नहीं लगा-तस्मात् एकाकी न रमते। उसने दूसरे की इच्छा की-स द्वितीयं ऐच्छत। उसने स्वयं को दो हिस्सों में बांट लिया। आधा पुरुष हुआ, आधा स्त्री।" परम सत्ता को अर्धनारीश्वर कहा गया। रामकथा में कैकई युद्ध भूमि में अपने पति राजा दशरथ के साथ गई थीं। युद्ध भूमि में ही उन्होंने अपने पुत्र भरत के लिए राज्य मांगा था। गार्गी ने दार्शनिक याज्ञवल्क्य से अनेक प्रश्न पूछे थे। अंतिम प्रश्न पर महाज्ञानी याज्ञवल्क्य भी तिलमिला गए थे। महाभारत की द्रौपदी इतिहास और पुराण कथाओं में छाई हुई है।

भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं। अल्पायु में ही उनका विवाह हो गया। वे 29 वर्ष की उम्र में ही विधवा हो गईं। होल्कर ने अपने शासकीय क्षेत्र से बाहर भी देश के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए। जल संसाधन की चिंता की। कुओं और पेयजल की तमाम व्यवस्थाएं कीं। सड़क बनवाई। गरीबों के लिए निःशुल्क अन्न क्षेत्र खोले। समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही। उनके काम लोकमत की सराहना का विषय बने। सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी उन्होंने कराया था और वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर का भी। महिलाओं की शिक्षा के लिए संस्थाएं खोलीं। समाज जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सन् 1725 में उनका जन्म हुआ था। मराठा हिंदू परिवार में चौंडी गांव में उनका जन्म हुआ था। खास बात है कि 18 वीं सदी में भी उनके कार्य प्रेरक थे और भारतीय समाज का आज भी मार्गदर्शन करते हैं। उनके व्यक्तित्व में माता की ममता थी और पुरुष जैसा शौर्य पराक्रम। तत्कालीन समाज ने उन्हें आदर के साथ देखा। देखते ही देखते समाज के बड़े वर्ग ने उन्हें देवी जैसा सम्मान दिया। विभिन्न पुराण कथाओं के मिथक जैसी स्मरणीय नेत्री बनीं। वे अखिल भारतीय स्तर पर सब जगह श्रद्धा का विषय बनी रहीं और अपने निधन (13 अगस्त 1795) के 229 वर्ष बाद भी लोकप्रिय हैं। वे जीवित होतीं तो 300 वर्ष की होतीं, लेकिन इससे क्या वे न होकर भी राष्ट्रीय आदर की पात्र हैं। समाज को प्रेरित करने वाले ऐसे प्रतीक प्रायः कम ही मिलते हैं। आश्चर्य है इतिहास में उनके पद प्रतिष्ठा के सापेक्ष उन्हें जगह नहीं मिली। ऐसे संगठन और कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं, जो उनके स्मरण में श्रद्धापूर्वक अभियान चला रहे हैं।

लोक इतिहास से बड़ा होता है। इतिहास की संपदा की तुलना में लोक ज्यादा समृद्ध होता है। राजा हरिश्चंद्र को भी इतिहास में प्रायः जगह नहीं मिली, लेकिन लोक ने उन्हें अपनी स्मृति में संजोए रखा। सत्यनिष्ठा और राजा हरिश्चन्द्र पर्यायवाची हैं। उनका स्मरण किया जाता है। ऐसे ही होलकर भी इतिहास की छोटी पोथियों से हटकर लोक हृदय सम्राट बनीं और जनसेवा की प्रतिष्ठा की प्रतीक भी। आदर्श स्त्री विमर्श चलते रहना चाहिए और इसके लिए हम सबको अतीत का अध्ययन करना चाहिए। ऐसी महिलाएं विरल हैं। इनमें अनेक पुराकथाओं जैसी दिव्य हो गईं थीं। ऐसी इतिहाससिद्ध व प्रसिद्ध महिलाओं में होलकर का नाम अग्रणी है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम भी प्रतिष्ठा के साथ लिया जाता है। अतीत की प्रेरणा से आधुनिक को संवारने के लिए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# ज्ञान एवं आधुनिक प्रबंधन

भारतीय ज्ञान के स्रोत वेद, पुराण, उपनिषद इत्यादि केवल धार्मिक या आध्यात्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं। ये ग्रंथ मानव व्यवहार, नेतृत्व, निर्णय-निर्माण और संगठनात्मक संस्कृति के ऐसे सिद्धांत प्रस्तुत करते हैं, जो आज के कॉरपोरेट और प्रशासनिक ढांचे में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। 'धर्म' केवल व्यक्ति विशेष की धार्मिक मान्यता या पूजा पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जिम्मेदार और न्यायसंगत आचरण के रूप को परिभाषित करता है। एक अच्छा प्रबंधक वही है, जो फैसले लेते समय केवल लाभ नहीं, बल्कि नैतिकता, पारदर्शिता और सभी हितधारकों की भलाई एवं कल्याण को ध्यान में रखता हो। 'सत्य' और 'आत्म-ज्ञान' की अवधारणाएं न केवल आत्मिक उन्नति के लिए, बल्कि नेतृत्व की परिपक्वता के लिए भी आवश्यक है। इसलिए जीवन में परिणाम की चिंता छोड़कर कर्म को प्राथमिकता देने की प्रेरणा निष्काम कर्म के सिद्धांत द्वारा प्रदर्शित होती है।

"कर्म करो, फल की चिंता मत करो" का संदेश भगवद गीता का मूल मंत्र ही नहीं है, बल्कि यह तनावमुक्त और प्रभावशाली नेतृत्व का रहस्य भी है। जब कोई व्यक्ति अपने कर्म को उद्देश्य की शुद्धता के साथ निष्पादित करता है, तो उसकी टीम के सदस्यों में भी विश्वास और समर्पण की भावना जागृत होती है और कार्य स्थल पर बेहतर व स्वस्थ कार्यसंस्कृति का निर्माण होता है। यह विचार विश्व बंधुत्व को प्रेरित कर वसुधैव कुटुम्बकम् और गर्वनेंस में वैश्विक स्तर पर पारस्परिक हितों के संरक्षण के दृष्टिकोण को व्यक्त करता है।

वेदों की अवधारणा हमें सिखाती है कि संगठन केवल एक सीमित इकाई नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक परिवार का हिस्सा है और इस सोच से आधुनिक समय में कॉरपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) की अवधारणा को बल मिलता है। आज वैश्विक स्तर पर सतत् विकास और पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा काफी प्रबल है। हमारे धर्मशास्त्र प्रकृति के साथ तालमेल, प्रकृति प्रेम एवं संरक्षण का संदेश देते हैं। इसलिए इको-फ्रेंडली नीतियां और दीर्घकालिक भारतीय सोच ही भविष्य को टिकाऊ बना सकती हैं।

मानव संसाधन के सफल प्रबंधन के लिए योग, अनुशासन की सीख कार्यसंस्कृति, कार्यस्थल पर प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सर्वोत्तम क्षमता के प्रदर्शन एवं योगदान की भावना को अभिप्रेरित करता है। हमारे वेद और उपनिषद हमें कठिनाइयों में धैर्य और संकट प्रबंधन की दृष्टि प्रदान करते हैं, क्योंकि परिवर्तन ही जीवन का नियम है, जो हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता विकसित करने एवं जीवन में लचीला दृष्टिकोण अपनाने और नवाचारी निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह हमें संकट के समय आत्मनियंत्रण और संतुलित मनः स्थिति बनाए रखने में सहायक होता है। हमारे ग्रंथ हमें निरंतर ज्ञान प्राप्ति की सीख देते हैं। प्राचीन काल में 'गुरु-शिष्य परंपरा' केवल शिक्षण तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह सतत् विकास और व्यक्तित्व निर्माण का प्रक्रिया भी थी। आज के समय में संगठनात्मक नेतृत्व, नवाचार और टीम प्रबंधन में सामंजस्य के साथ ज्ञान साझा करने की संस्कृति उसी परंपरा का आधुनिक रूप है। वेद और उपनिषद केवल अतीत की गाथाएं नहीं, बल्कि ये ऐसे दिशासूचक हैं, जो हमें आज के बदलते जटिल और प्रतिस्पर्धी प्रबंधन जगत में नई दिशा और स्थिरता देने के साथ ही व्यावसायिक और सामाजिक परिदृश्य में नैतिक, प्रभावी और दूरदर्शी नेतृत्व का मार्ग दिखाते हैं। जब आधुनिक प्रबंधन इन प्राचीन सिद्धांतों को अपनाता है, तो वह केवल लाभ कमाने वाला नहीं, बल्कि समाज के लिए मूल्य निर्माण करने वाला मानवीय उपक्रम बनेगा, जो संस्थान की दीर्घकालिक सफलता और संतुलन का मार्ग प्रशस्त करेगा।


प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

# भारत से नक्सलवाद समाप्ति की ओर

भारत नक्सलवाद की समस्या से तेजी से उबर रहा है और अब इसकी उपस्थिति सिर्फ नौ राज्यों के कुछ जिलों तक सीमित रह गई है। भारत में उग्रवाद के प्रभाव क्षेत्र को लाल गलियारा या रेड गैलरी कहा जाता है। भारत के मध्य, दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में इसका विस्तार देखा जा सकता है। केंद्र सरकार की ओर से संसद को बताया गया है कि छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल उन नौ राज्यों में शामिल हैं, जहां नक्सलवाद का प्रभाव बचा है।

भारत ने बीते तीन दशकों में उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की है, जिसने इसे दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्था का दर्जा दिलाया है। हालांकि इन वर्षों के दौरान कई ऐसे मुद्दे भी रहे हैं, जिन्होंने भारत की प्रगति, इसके विकास और इसकी राष्ट्रीय एकता को खतरे में डाला है। इनमें से एक प्रमुख मुद्दा नक्सलवाद भी रहा है। भारत में नक्सलवाद, जो एक समय में काफी व्यापक था, अब तेजी से कम हो रहा है और इसके समाप्ति की ओर है। भारत सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि यह सुदूरवर्ती इलाकों एवं जनजातीय गांवों के विकास में एक बड़ी बाधा है। शाह की इस रणनीति का परिणाम रहा कि 2024 में सबसे अधिक 290 नक्सली मारे गए, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया। इस साल तीन महीने से कम समय में ही 90 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया जा चुका है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। अबूझमाड़ नक्सल एनकाउंटर में सुरक्षा बलों के जवानों ने नक्सलियों की रीड़ की हड्डी तोड़ दी। इस मुठभेड़ में बस्तर में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का वांटेड ईनामी सीपीआई का सेक्रेटरी बसव राजू को ढेर किया गया, जो नक्सलियों के संचालक के रूप में काम कर रहा था। इसकी सुरक्षा में लगी टीम के नक्सली भी मारे गए। नक्सलियों के लिए ये बहुत बड़ा झटका है। इससे कुछ दिन पहले 31 नक्सलियों के शव और बड़ी मात्रा में हथियार मिले।


पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है।



सरकार की कार्य प्रणाली से सुप्रीम कोर्ट भी सहमत हुआ। कोर्ट ने पीआईएल खारिज कर टिप्पणी कि छत्तीसगढ़ में शांति बहाली की प्रक्रिया चल रही है। लगातार नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। ऐसे में शांति के लिए चल रहे प्रक्रिया में हम अनावश्यक रूप से दखल नहीं देंगे। इस तरह के मुकदमे शांति व्यवस्था के लिए चलाई जा रही प्रक्रिया में बाधा पैदा करते हैं। इलाके में शांति आ रही है ऐसे में इस तरह की अनावश्यक रूप से चीजों को करने का कोई औचित्य नहीं है। साफ है कि नक्सल के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब ऐसे लोगों को बहुत राहत नहीं मिलने जा रही है, जो राजनीतिक या फिर अपने फायदे की रोटी सकते थे।

भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है। भारत से नक्सलवाद के समाप्त होने के कई कारण हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारण है सरकार द्वारा नक्सलवाद के खिलाफ व्यापक और समन्वित अभियान। सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे लोगों को नक्सलवाद से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरकार प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है। वर्ष 2013 में आजीविका योजना के तहत 'रोशनी' नामक विशेष पहल की शुरूआत की गई थी ताकि सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। वर्ष 2017 में नक्सल समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान' नाम से एक कार्ययोजना की शुरुआत की है।

सरकार अब जनजातीय लोगों और स्थानीय लोगों को विकास योजनाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिससे वे नक्सलवाद से दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से आम लोगों को होने वाली हिंसा और डर से भी लोग इससे दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार हो रहा है, जिससे लोगों को अन्य क्षेत्रों से जुड़ने में मदद मिल रही है। सरकार नक्सलियों को समर्पण करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है, जिसमें वित्तीय सहायता, स्टार्टअप अवसर और नौकरी की व्यवस्था शामिल है। ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में रहने की स्थिति, ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के लिए विभिन्न मंडलियों पर कार्य किया जा रहा है।

# शिक्षक विचार शून्य रोबोट नहीं

आज का समाज विचारधाराओं में इस कदर विभाजित है कि हर बात, हर विचार और हर व्यक्ति को किसी न किसी पक्ष में खड़ा कर दिया जाता है। ऐसे समय में एक शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान का प्रसार करने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि वह समाज के उस संवेदनशील सेतु का काम करता है, जो छात्र को मूल्यबोध, विवेक और संतुलन की दिशा में ले जाता है, लेकिन जब खुद शिक्षक की विचारधारा को संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगे या जब उससे यह अपेक्षा की जाए कि वह अपने निजी विचारों को या तो छुपा ले या किसी खास विचार के साथ कदम मिलाए, तो यह केवल उसकी स्वतंत्रता पर हमला नहीं, बल्कि शिक्षा की आत्मा पर प्रहार होता है।

एक शिक्षक की विचारधारा उसकी आंतरिक समझ, अनुभव और सामाजिक सरोकारों से उपजती है। यह जरूरी नहीं कि वह विचारधारा छात्रों पर थोपे, लेकिन यह भी उचित नहीं कि वह अपने विचारों को जीने के अधिकार से वंचित कर दिया जाए। शिक्षक का मूल्य इस बात में नहीं है कि वह किस विचारधारा से जुड़ा है, बल्कि इस बात में है कि वह छात्रों को समाज के शाश्वत मूल्यों-जैसे सत्य, करुणा, न्याय, सहिष्णुता और प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता से कैसे जोड़ता है।

यदि किसी शिक्षक की विचारधारा उसके शिक्षण में पूर्वाग्रह, कट्टरता या एकपक्षीय दृष्टिकोण लाती है, तो वह छात्रों के विवेक का हनन करती है। यदि वही विचारधारा शिक्षक को अधिक मानवीय, संवेदनशील और विवेकशील बनाती है, तो वह शिक्षण को सजीव बनाती है। समाज को यह समझना होगा कि शिक्षक कोई विचार शून्य रोबोट नहीं होता और न ही वह समाज की राजनीतिक लड़ाइयों का मोहरा है। उसकी भूमिका उस संतुलनकारी शक्ति की है, जो छात्रों को सोचने, समझने और आत्मनिर्भर निर्णय लेने योग्य बनाती है। अतः यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।


प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

अत: यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।

# वैश्विक शिक्षा का नया सूर्योदय

भारत, जो कभी नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान के दीपों से पूरे विश्व को आलोकित करता था, आज एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है। इस परिवर्तन की आहट अब केवल विचारों में नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और क्रियान्वयन में स्पष्ट सुनाई दे रही है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पांच अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को भारत में डिग्री प्रदान करने वाले परिसर खोलने की स्वीकृति देना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। यह महज एक नीतिगत निर्णय नहीं, बल्कि उस बौद्धिक आत्मविश्वास की पुनर्प्राप्ति है, जिसने भारत को सदियों तक ज्ञान का केंद्र बनाए रखा। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उस दृष्टिकोण की पूर्ति करता है, जिसमें शिक्षा को न केवल समावेशी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की बात कही गई है, बल्कि भारत को वैश्विक ज्ञान व्यवस्था में नेतृत्वकारी भूमिका में लाने का संकल्प भी निहित है।

आज भारत में शैक्षिक नवाचार की गति तीव्र हो रही है। अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, इटली और अन्य देशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय-जैसे इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैंपटन और इस्तितूतो यूरोपियो डी डिजाइन- अब भारत के प्रमुख शहरों मुंबई, बेंगलुरु, नोएडा, गुरुग्राम और गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित करने जा रहे हैं। यह एक नई दिशा है, जो केवल अकादमिक क्षेत्र में परिवर्तन नहीं लाएगी, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्तर पर भी दूरगामी प्रभाव डालेगी। यह किसी तात्कालिक प्रयास का परिणाम नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीति की परिपक्वता का संकेत है। इसके परिणामस्वरूप हर वर्ष जो भारी विदेशी मुद्रा छात्रों की विदेश यात्रा पर व्यय होती है, वह देश के भीतर ही निवेशित होकर न केवल अवसंरचना को सशक्त बनाएगी, बल्कि प्रतिभा पलायन पर भी प्रभावी अंकुश लगाएगी। जब वैश्विक स्तर की शिक्षा भारत में ही सुलभ होगी, तो यह न केवल युवा प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने का कार्य करेगी, बल्कि देश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल प्रदान करेगी। साथ ही यह भारतीय विश्वविद्यालयों को भी अपनी गुणवत्ता में और अधिक सुधार करने को प्रेरित करेगी और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारत में आकर्षित कर शैक्षिक पर्यटन को नया आयाम देगी। किंतु इस उदीयमान सूरज की किरणों के साथ कुछ प्रश्नों या यूं कहें कि चिंताओं की छाया भी है। जैसे कि एक चिंता समावेशिता को लेकर है। यह आवश्यक होगा कि सरकार और संस्थान मिलकर छात्रवृत्तियां, ऋण सहायता और क्रेडिट ट्रांसफर जैसी योजनाओं को प्रभावी बनाएं ताकि ग्रामीण और वंचित तबके के छात्र भी इस बदलाव का हिस्सा बन सकें।


डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

सांस्कृतिक और भाषायी विविधता को समाहित करना भी एक बड़ी चुनौती होगी। विदेशी पाठ्यक्रमों और शिक्षण पद्धतियों को भारतीय संदर्भों के अनुरूप बनाना आसान नहीं होगा। यह आवश्यक है कि शिक्षा केवल वैश्विक ब्रांडिंग तक सीमित न रहे, बल्कि उसमें स्थानीय भाषाओं, संदर्भों और संवेदनाओं के लिए भी पर्याप्त स्थान हो। जब तक पाठ्यक्रम भारतीय विद्यार्थियों के सामाजिक और सांस्कृतिक यथार्थ से नहीं जुड़ेंगे, तब तक वे सार्थक नहीं बन पाएंगे। यदि यह संकल्प समावेशी, सुलभ और दूरदर्शी ढंग से क्रियान्वित हुआ, तो भारत न केवल वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि एक नए बौद्धिक पुनर्जागरण का अग्रदूत भी बनेगा।

# तंबाकू और धूम्रपान, विनाशकारी प्रवृत्ति

तंबाकू का सेवन 28 अक्टूबर, 1492 को कोलंबस ने क्यूबा के आदि निवासियों को 'टैबोकास' द्वारा धूम्रपान करते देखा गया था। 1605 में भारत में इसका प्रवेश गोवा के मार्ग से पुर्तगाली व्यापारियों द्वारा हुआ। प्रारंभ में मुगल शासकों को इसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया गया, परंतु 1619 में बुद्धिमान जहांगीर ने धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की आशंकावश इस पर प्रतिबंध लगा दिया, फिर 13 अप्रैल 1699 में सिख गुरुओं ने इसको धर्मविरुद्ध घोषित कर दिया। इसी प्रकार बौद्ध धर्म में भी तंबाकू का प्रयोग वर्जित है।

दुर्भाग्यवश अंग्रेजों के शासन आते ही तंबाकू और धूम्रपान को राज्याश्रय मिल गया और धूम्रपान को बड़प्पन की निशानी भारत ही नहीं वरन पूरे विश्व में मन जाने लगा। भारतवर्ष में जो गरीब थे महंगी सिगरेट या सिगार नहीं पी सकते थे, उन्होंने तंबाकू को तेंदू के पत्ते में लपेट कर बीड़ी के रूप में पीना शुरू कर दिया, जिनके पास बीड़ी भर का भी पैसा नहीं वे तंबाकू के पत्तों को सुखा कर हथेली पर रगड़ कर उसका स्वाद और नशा उठाने लगे। तंबाकू के विभिन्न प्रकार हैः धूम्रपान-सिगरेट, बीड़ी, हुक्का, ई-सिगरेट (वेपिंग), मौखिक तंबाकू-सुर्ती, खैनी, गुटखा, पान मसाला आदि है। धूम्रपान के धुएं में 7000 विषैले पदार्थ होते हैं। संक्षेप में कहें तो बीड़ी-सिगरेट की छिपी हुई आग आपके कोमल अंगों (होंठ, मुख, परानासा गह्वरों, श्वसन पथ व हृदय) को धीमे-धीमे ऑक्सीकृत प्रक्रिया द्वारा जलाती रहती है। तंबाकू के कारण होने वाले असंक्रामक महामारियां है, जैसे उच्च रक्तचाप, डायबिटीज हृदयाघात, दिल का दौरा, कैंसर, पक्षाघात, सांस-खांसी आदि है। हर दिन 3,500 की जान ले रही है। भारत में तंबाकू का सेवन तकरीबन 20 करोड़ से ज्यादा लोग कर रहे हैं। इसमें 11 करोड़ लोग खैनी, 7 करोड़ लोग गुटखा तथा 5 करोड़ लोग तंबाकू के साथ सुपाड़ी का सेवन करते हैं (सोसाईटी फॉर रिसर्च ऑन निकोटीन एण्ड टोबैको जर्नल,2024)।


डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दें। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

भारत में पिछले दस सालों में असंक्रामक रोगों जैसे बीपी, डायबिटीज, हार्ट अटैक, कैंसर, पक्षाघात (लकवा) और सांस-खांसी की बाढ़ सी आ गई है। महामारी की सी स्थिति है। इस महाविनाश के मूल में तंबाकू या धूम्रपान प्रमुख कारण होता है (लैंसेट,2016)। तंबाकू के कारण कैंसर से 10 लाख लोग हर साल जान गवां रहे हैं। हमारे देश में कम उम्र में (35 वर्ष से कम) लोगों में होने वाले मुख कैंसर या हृदयाघात के पीछे बहुधा तंबाकू या धूम्रपान का हाथ होता है। वे महिलाएं, जो धूम्रपान करती हैं, उन्हें कम उम्र में हृदयाघात की संभावना उन स्त्रियों की अपेक्षा अधिक होती है, जो धूम्रपान नहीं करती हैं।

यही नहीं कभी-कभी तो मौखिक तंबाकू और धूम्रपान दोनों करने के कारण उस व्यक्ति को मुख का कैंसर और हृदयाघात दोनों एक साथ हो सकते हैं। मुंह वाणी अन्न का घर है तंबाकूखाना नहीं, गिरा अमृत की जगह है, जहर का ठिकाना नहीं। दिन भर निरंतर बीड़ी पीने के कारण किसी किसी को एक साथ दो जगह, दो अंगों में कैंसर हो सकता है। इसे कहते हैं तंबाकू की दोहरी मार। इतनी खतरनाक हो सकती है तंबाकू और धूम्रपान। किशोरों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि बच्चे हमारे देवदूत होते है, इन्हें जागरूक करना चाहिए। साथ ही स्कूल में स्वास्थ्य व्याख्यान का आयोजन/माता-पिता द्वारा अच्छे संस्कार देना/समाज के संभ्रांत और शीर्षस्थ लोगों द्वारा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करना न कि उसका प्रचार -प्रसार करना/टेलीविजन पर विमर्श/सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध, स्वयं बच्चों द्वारा इसकी मांग। तंबाकू से पर्यावरण-प्रदूषणः छोटी-छोटी प्लास्टिक की थेलियों का निस्तारण, जगह-जगह थूक, लार और खखार का घिनौना दृश्य, उससे उत्पन्न संक्रमण का भय। एक ही हुक्के से कई लोगों द्वारा धूम्रपान से एक दूसरे को टीबी जैसे संक्रामक रोगों का आदान-प्रदान।

आप जब धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं, तो आपकी अपनी संतति विशेषतः पुत्र को अपरोक्ष रूप से इन आदतों के लिए प्रेरित करते हैं। आप कितना भी न चाहें, उन्हें मना करें 100 में से 70 प्रतिशत बच्चे आपकी इन विषमय आदतों के जाल में फंस जाते हैं और अनेक प्रकार की मारक बीमारियों का छोटी उम्र में शिकार होते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दे। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

संक्षेप में तंबाकू, धूम्रपान, गुटखे और वेपिंग से उत्पन्न बहुतेरी महामारियों की विनाशलीला को देखते हुए हम सबका यह परम कर्तव्य बनता है कि हम इन समस्त हानिकारक पदार्थों से कोसों दूर रहें ताकि हमारे किशोर इसके चंगुल में न फंस सके। यह जिम्मेदारी समाज के शीर्ष और श्रीमंत कहे जाने वाले लोगों पर और अधिक बनती है कि वे ऐसे आदर्श कदापि न प्रस्तुत करें, जो किसी भी प्रकार तंबाकू-धूम्रपान की विनाशकारी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करती हो। यह कहना अतिशयोक्ति न होगी की हमें तंबाकू मुक्त धरा के लिए हम सबको 'हर पल हर क्षण, तंबाकू विरुद्ध रण' करना पड़ेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### हादसे में घायल बाइक सवार की मौत

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में शुक्रवार को हादसे में घायल रामजी वर्मा (44) अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। पार्वती विहार नरपतगंज सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले सूरज कुमार वर्मा के अनुसार उनके पिता राम जी वर्मा शुक्रवार को बाइक से मेलेनियम बिल्डिग के पास एटीएम से पैसे निकालने गए थे। जहां से वह घर वापस आ रहे थे तभी रास्ते में अवध विहार चौकी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए एपेक्स ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शनिवार को उनकी मौत हो गई।

### दहेज में कार नहीं मिली तो दिया तीन तलाक

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव थाने में महिला ने पति के खिलाफ तीन तलाक देने का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित ने दहेज में कार व पांच लाख रुपये न देने पर पति प्रताड़ित करता था। उसने बुधवार को पिटाई की और तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शेरवानी नगर निवासी महिला का निकाह 2021 में लखीमपुर निवासी मो. कलीम से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। एक दिसंबर 2022 को ससुराल वालों ने उनको घर से निकाल दिया। उन्होंने महिला थाने में शिकायत की। पुलिस के हस्तक्षेप पर ससुराल वालों ने समझौता कर दिया। महिला फिर से ससुराल में रहने लगीं। कुछ दिन के बाद ससुराल वालों ने दहेज में कार की मांग करते हुए 30 जून को दोबारा से मारपीट कर भगाया था। मायके में कुछ वक्त रहने के बाद महिला दोबारा से ससुराल पहुंची। तो उसे घर में नहीं घुसने दिया गया। मारपीट करते हुए पति ने तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने मड़ियांव थाने में पति कलीम, सास सुगरा खातून, ससुर मो. सलीम और ननद सानिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है।

# गंदगी मिलने पर सुपरवाइजर का वेतन काटा

## अपर नगर आयुक्त को निरीक्षण में नालियां सिल्ट से पटी मिलीं

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



आलमबाग में नटखेड़ा रोड का निरीक्षण करते अपर नगर आयुक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने शनिवार को गुरुनानक वार्ड और सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड का आकस्मिक निरीक्षण किया।

गुरुनानक वार्ड में निरीक्षण के दौरान लॉयन इनवायरो के कर्मचारी ग्लब्स, मास्क और गम बूट पहने नहीं मिले। जिस पर उन्होंने कंपनी को चेतावनी जारी की। ज्वेल पैलेस से सरदारी खेड़ा तक नाले की सफाई सही नहीं मिली। सुन्दर नगर में नालियां सिल्ट से भरी मिलीं। न्यू सरदारी खेड़ा में एक मकान के सामने मलबा पड़ा मिला, जिस पर जेडएसओ को चालान काटने के निर्देश दिए। सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड के आजाद नगर में अपर नगर आयुक्त को अतिक्रमण तथा नालियां सिल्ट से पटी मिलीं। जिस पर जेडएसओ को सुपरवाइजर का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

# अब नगर निगम खुद लगाएगा स्ट्रीट लाइटें

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** ईईएसएल कंपनी का अनुबंध 31 मई को समाप्त हो गया है। इसके बाद आज से नगर निगम स्ट्रीट लाइट लगाने और मेंटीनेंस का काम खुद संभालेगा। लेकिन हैंडओवर लेने तक नगर निगम का आरआर विभाग कंपनी का सहयोग लेगा।

आरआर विभाग के मुख्य अभियंता मनोज प्रभात ने बताया कि शहर में लगीं लगभग 2.09 लाख स्ट्रीट लाइटों का हैंडओवर लेने के लिए नगर निगम और कंपनी का संयुक्त सर्वे किया जाएगा। सर्वे में जो स्ट्रीट लाइटें खराब मिलेंगे उन्हें कंपनी सही कराएगी। कंपनी से काम हैंडओवर लेने में नगर निगम को लगभग 2 से 3 महीने का समय लग जाएगा।

नगर निगम के पास स्ट्रीट लाइट सही करने के लिए खुद के संसाधन हैं। कंपनी के कर्मचारी हट जाने के बाद नगर को स्ट्रीट लाइट सही कराने और देखरेख के लिए कर्मचारी और सुपरवाइजर बढाने पड़ेंगे। ईईएसएल कंपनी के लगभग 140 कर्मचारियों और सुपरवाइजरों को नगर निगम अपने पास लेगा। कंपनी ने शहर की लाइटें सही कराने और नई लगाने के लिए आरआर विभाग में लगीं कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से लगभग 400 लगाए थे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो गंभीर

संवाददाता, रायबरेली

▶▶ बछरावा क्षेत्र के बांदा - बहराइच राजमार्ग पर हुआ हादसा

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के बांदा - बहराइच राजमार्ग पर अघौरा गांव के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार करने के चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार की सुबह एक की मौत हो गई है।

गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के कोरिहर निवासी विजय पुत्र सुखलाल (22), रिंकू पुत्र दुख्खीलाल (26) व मोनू पुत्र सुखलाल (15) शुक्रवार की देर रात अघौरा हरचंदपुर मार्ग पर स्थित किसी गांव से निमंत्रण में शामिल होने के पश्चात वापस अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह हरचंदपुर - अघौरा मार्ग से बांदा - बहराइच राजमार्ग पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों के द्वारा तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस में तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद मौजूद चिकित्सक के द्वारा उनकी हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। शनिवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान घायल रिंकू की मौत हो गई है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ हजरतगंज थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट पुलिस कर रही जांच



**अमृत विचार:** हजरतगंज के नरही में रहने वाली युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि शादी के बहाने बुलाकर आरोपी ने उसकी पिटाई की। मोबाइल व पर्स लूट लिया। शादी की बात कहने पर जान से मरने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नरही इलाके एक युवती रहती है। उसने पुलिस को बताया कि सीतापुर के अटरिया निवासी आरोपित अशोक मिश्रा से उसकी मुलाकात हुई थी।

आरोपित ने उसे शादी करने का झांसा दिया। इसके बाद पीड़िता का कई बार शारीरिक शोषण किया। पीड़ित ने जब भी शादी का दबाव बनाया, आरोपित टालमटोल करता रहा। पीड़िता ने इस संबंध में हजरतगंज पुलिस से शिकायत भी की थी। पुलिस से शिकायत होने पर आरोपित शादी करने के लिए मान गया था। आरोपित ने पीड़िता को 26 मई को आर्य समाज कार्यालय में शादी के लिए बुलाया।

पीड़िता के वहां पहुंचने पर आरोपित ने मारपीट की। पीड़िता का मोबाइल और पर्स छीन लिया। धमकी दी कि दोबारा शादी करने की बात की तो जान से मार देगा। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके मामले की पड़ताल की जा रही है।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार नकदी बरामद

**अमृत विचार, हरदोई:** रास्ते में आ रहे एक व्यक्ति की दो अज्ञात लोगों ने जेब काट ली। मुकदमा दर्ज होने पर सक्रियता दिखाते हुए पुलिस ने चुराई गई नकदी सहित दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। कन्नौज में रहने वाले दोनों आरोपियों के ऊपर कई मुकदमे दर्ज हैं। थाना मल्लावां के भुड्डनपुरवा निवासी रामसनेही की जेब से गुरुवार को मोटर साइकिल सवार दो लोगों ने जेब काट कर 20 हजार चुरा लिए। पुलिस ने अंकुल तथा सेंकी निवासी कुतलूपुर, मकननगर थाना कन्नौज को गिरफ्तार कर लिया, जिनके पास से चुराए गए 20 हजार रुपये भी बरामद कर लिए।

# कारोबारी पर धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

## एलडीए के सुपरवाइजर की तहरीर पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने की कार्रवाई

संवाददाता, गोसाईंगंज

▶▶ सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित राजघराना सोसाइटी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी में रियल एस्टेट कारोबारी के अवैध निर्माण को एलडीए ने ध्वस्त कर दिया। इसकी जानकारी होने पर कारोबारी ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को कॉल कर गाली-गलौज किया। आरोप है कि जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में एलडीए के सुपरवाइजर ने थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

एलडीए के सुपरवाइर स्मारक समिति जोन-2 अरुण प्रताप सिंह हैं। अरुण के मुताबिक 26 मई की शाम को 8.31 बजे जोनल अधिकारी प्रवर्तन-2 प्रभाकर सिंह के फोन पर एक काल आई थी। जिसे जोनल अधिकारी के व्यस्त होने के कारण उन्होंने रिसीव कर ली थी।कॉल रिसीव करते ही उधर से फोन करने वाले अम्बिका प्रसाद मिश्रा ने फोन पर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि 26 मई की शाम को सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित राजघराना सोसाइटी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। उसी से नाराज हुए अम्बिका मिश्रा ने मुझे एवं जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह को जान से मारने की धमकी दी है।पीड़ित ने पूरे मामले की लिखित शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अपने आवास पर शनिवार को महाकुंभ-2025 की कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल, प्रमुख सचिव गिरी संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार और नवनियुक्त कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण मौजूद रहे। अमृत विचार

# लखनऊ से लौट रहे शिक्षक की ट्रेन से गिरकर हुई मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शाहजहांपुर में तैनात शिक्षक दोस्तों के साथ लखनऊ गया था। वहां कुछ दिन रुकने के बाद शुक्रवार की रात में नौचंदी एक्सप्रेस से वापस लौट रहा था। रास्ते में ट्रेन से गिरकर मौत हो गई।

शाहजहांपुर ज़िले के कमलनयनपुर थाना कांठ निवासी विवेक सक्सेना (38) प्राथमिक विद्यालय सरदार फार्म कांठ में शिक्षक था। विवेक पूर्वी पट्टी थाना कांठ निवासी अपने दोस्त प्रमोद कुमार, मोहनपुर समरेठपुर निवासी छविनाथ और धर्मवीर के साथ गुरुवार को सैर-सपाटा करने लखनऊ गया था। शुक्रवार की रात सभी दोस्त नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन से शाहजहांपुर पर वापस लौट रहे थे। उसी बीच रास्ते में मसीत और बघौली रेलवे स्टेशन के बीच विवेक सक्सेना ट्रेन से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। दोस्तों ने बताया कि ट्रेन में काफी भीड़ थी, इस वजह से सभी अलग-अलग जहां सीट मिली, वहीं बैठे थे, शाहजहांपुर पहुंचने पर विवेक को फोन किया गया तो उधर से जीआरपी ने हादसे की जानकारी दी। विवेक के परिवार में पत्नी रूपा और एक बेटा व एक बेटी है।

# सगे भाई समेत चार चोर पकड़े गए

**अमृत विचार, बाराबंकी:** कोठी पुलिस ने चोरी की छह घटनाओं का खुलासा करते हुए दो सगे भाई समेत 4 शातिरों को गिरफ्तार किया है। टीम ने इनके कब्जे से चोरी के जेवरात, सिलेण्डर, 3 बोरी सरसों, एक मोबाइल फोन व नकदी बरामद की है। कोठी पुलिस ने शनिवार को सगे भाई अनिरुद्ध व पवनसुत, रामसजीवन व मनोज कुमार को टेडवा मोड़ तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी के जेवरात 3 जोड़ी पायल, 2 अंगूठी, 4 जोड़ी बिछिया, एक सिलेण्डर, 3 बोरी सरसों, एक मोबाइल फोन व 7,200 रुपये नकद बरामद किए गए। इनका एक गैंग है। गिरोह ने कोठी केप्राथमिक विद्यालय सरायनजर, सरसों की बोरी न्यामतपुर स्थित घर से चोरी की थी।

# टूटे विद्युत तारों की चपेट में आए दो युवक, एक की मौत

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** हरगांव इलाके के इस्माइलपुर में टूटे विद्युत तार की चपेट में युवक आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। करण्ट की चपेट में आकर एक किशोर झुलस गया है।

हरगांव थानाक्षेत्र के जलालीपुर देहात के मजरा इस्माइलपुर में एलटी लाइन का केबल टूटकर गिर गया। ग्रामीणों ने पावर हाउस हरगांव को सूचना दी, लेकिन न तो कोई कर्मचारी केबल हटाने आया और न ही फीडर बंद किया गया। बताते है कि इसी दौरान गांव का 19 वर्षीय अमित उधर से गुजर पड़ा, ऐसे में करण्ट की चपेट में आ गया। चीख पुकार के बीच बचाने आया 16 वर्षीय चंदन भी गंभीर रूप से झुलस गया। दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव ले जाया गया। बाद में अमित की मौत हो गई। चंदन की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक हरगांव अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी की हत्या के प्रयास में पति को सात वर्ष की कैद

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** सेशन जज ने अमेठी जिले के जायस थाना क्षेत्र में करीब दो साल पहले हुए पत्नी की हत्या के प्रयास से जुड़े मामले में आरोपी पति को सात वर्ष की कैद की सजा सुनाई। साथ ही 7000 रुपए अर्थदंड भी लगाया। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार सिंह ने सुनाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले डीजीसी (क्रिमिनल) अजय मौर्य के मुताबिक मामले की रिपोर्ट डीह थाना क्षेत्र के पूरे दुबे मजरे दिलावलपुर निवासी अनिल कुमार ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार वादी की बहन ऊषा की शादी जायस थाना क्षेत्र के बरंडी का पुरवा मजरे ओदारी निवासी चंद्रपाल के साथ हुई थी। 31 जनवरी 2023 की शाम करीब आठ बजे चंद्रपाल नशे की हालत में अपने घर आया और जान से मारने की नीयत से बहन ऊषा के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर हालत में बहन को फुरसतगंज अस्पताल से जिला अस्पताल रायबरेली ले जाया गया, जहां से ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर किया गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर आरोपी पति चंद्रपाल को कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई।

# सड़क हादसे में बाइक पर बैठी सास की मौत, दामाद घायल

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** सास, दामाद के साथ बाइक से अपने मायके जा रही थी। उसी बीच गौसगंज में तेज़ रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे सास की मौत हो गई और दामाद का पैर टूट गया। पुलिस ने सास का शव कब्ज़े में लेते दामाद को सीएचसी पहुंचाया है।

शनिवार की सुबह कासिमपुर थाने के मेढ़ौआ सुभानखेड़ा निवासी रामजीवन की 50 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी उर्फ सुधा अपने दामाद बब्लू निवासी दहती दहिगवां थाना सुरसा के साथ बाइक से बीमार मां को देखने मायके तलहटिया कोतवाली मल्लावां जा रही थी।

कासिमपुर थाने के गौसगंज में सई नदी पुल पर तेज़ रफ्तार पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी,जिससे सास और दामाद दोनो घायल हो गए, जिन्हे सीएचसी सण्डीला ले जाया जा रहा था। रास्ते में सास सुनीता की मौत हो गई, जबकि दामाद को वहां भर्ती कराया गया है।

# बंधक बनाकर पीटे गए किशोर की मौत

संवाददाता, हरदोई



पिटाई से किशोर की पीठ पर पड़े निशान व अभय की फाइल फोटो।

▶▶ घर से बुलाकर ले गया था दोस्त, प्रेम-प्रसंग में घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका

**अमृत विचार।** किशोर को उसका दोस्त उसे बुलाकर अपने घर ले गया। जहां किशोर को बंधक बनाकर जमकर पीटा गया। किशोर ने घर आकर परिजनों को कुछ नहीं बताया। लेकिन जब दर्द बर्दाश्त से बाहर हो गया तो उसने अपने साथ हुई दरिंदगी की दास्तां कह दी। घर वाले उसे लेकर इलाज के लिए दौड़ पड़े। लेकिन तमाम दौड़-भाग करने के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका शुक्रवार को चौथे दिन उसकी मौत हो गई।

पचदेवरा थाने के डुगांर नगला निवासी गिरीश कुमार का 17 वर्षीय पुत्र अभय अल्हागंज एक मशीनरी स्टोर पर काम करता था। पिता गिरीश कुमार ने बताया कि वह मंगलवार से अभय को दर्द के चलते इधर-उधर भटक रहा था। शुक्रवार को उसे बरेली ले जाया जा रहा था, उसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। गिरीश का कहना है कि अभय ने पहले तो उसे कुछ नहीं बताया, लेकिन कुछ घंटे पहले उसने दर्द से कराहते हुए बताया था कि मंगलवार को उसका दोस्त देव शर्मा उसे अपने घर बुला ले गया था, जहां बंधक बनाकर उसे बेरहमी से पीटा गया, बकौल गिरीश उसने जब अभय के कपड़े हटाए तो उसकी आंखे फटी की फटी रह गई, उसकी पीठ पूरी लाल पड़ी थी, पेट के अलावा नाजुक जगहों पर स्याह निशान उसकी बेरहमी से की गई पिटाई की गवाही दे रहे थे।

अभय अपने पिता का इकलौता था, उसकी एक छोटी बहन है। अभय ने शुरुआत से पिटाई करने वाली बात छिपाए रखी, पुलिस को अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देने के बाद कुछ नाम सामने आए है, जिसमें उसका दोस्त, दोस्त के पिता और दूसरे गांव का रिश्तेदार शामिल बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मिली अनुमति — रेल यातायात को भी बाधा से मिलेगी मुक्ति, पूर्व सांसद की मेहनत लाई रंग, 87 करोड़ रुपये से बनेगा पुल

# जनमानस की जीत, बंकी क्रॉसिंग पर बनेगा ओवरब्रिज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बंद क्रॉसिंग और गुजरती ट्रेन के बीच से निकलते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** आखिर जनमानस की जीत हुई और रेल यातायात को स्पीडब्रेकर जैसी बाधा से मुक्ति मिली। रेलवे स्टेशन के किनारे से बंकी कस्बा के लिए गई सड़क पर स्थित रेलवे क्रासिंग का दर्दनाक सफर अब अंत की ओर है। पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत की मेहनत और दो साल की कागजी रस्मों के बाद क्रासिंग पर करीब 87 करोड़ की लागत से उपरिगामी सेतु निर्माण की अनुमति रेलवे बोर्ड ने दे दी है।

बंकी क्षेत्रवासियों के लिए शनिवार का दिन गौरव और खुशी से भरा रहा। जब बंकी रेलवे क्रासिंग पर बहुप्रतीक्षित ओवरब्रिज निर्माण को आखिरकार रेलवे बोर्ड की मंजूरी मिल गई। यह स्वीकृति न केवल एक निर्माण परियोजना है, बल्कि हजारों लोगों के जीवन को राहत और सुरक्षा देने वाली सौगात है। इस पुल की मांग वर्षों से की जा रही थी।

स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और व्यापारियों को रेलवे ट्रैक पार करते वक्त हमेशा जान का जोखिम उठाना पड़ता था। न सिर्फ दिन बल्कि रात में असंख्य बार क्रासिंग बंद रहती, रोजमर्रा के यात्री हों या एंबुलेंस पर ईलाज का इंतजार करता मरीज, सभी को असहनीय पीड़ा से गुजरना पड़ रहा था। रोज़ाना की इस कठिनाई ने कई परिवारों को पीड़ा दी थी। निवर्तमान सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने इस दर्द को समझा और 2023 में ही रेलवे के प्रधान कार्यकारी निदेशक और चेयरमैन से मिलकर इस विषय पर गंभीर वार्ता की। इसके बाद रेलवे की तकनीकी टीम को बाराबंकी बुलाकर डीआरएम के साथ ओवरब्रिज की संरचना तैयार करवाई गई। उपेन्द्र रावत ने इस विषय को प्राथमिकता देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से विशेष मुलाकात की। लगातार संवाद, निरीक्षण और स्थानीय जनभावनाओं को केंद्र तक पहुँचाने की कोशिशें रंग लाई और 15 अप्रैल 2025 को रेलवे बोर्ड ने लगभग 87 करोड़ रुपये की लागत से इस ओवरब्रिज को मंजूरी दे दी।

इस परियोजना की डीपीआर अप्रैल 2024 में मंडल रेल प्रबंधक सुरेश कुमार शपरा द्वारा केंद्र को भेजी गई थी। 30 मई को पूर्व सांसद ने डीआरएम से मुलाकात कर ओवरब्रिज की स्वीकृति और आगे की कार्रवाई पर विस्तृत चर्चा की।



> बंकी रेलवे ब्रिज शुरुआत से उनकी प्राथमिकता में रहा। 2019 से लगातार प्रयास करके सारी औपचारिकताएं पूरी कराई गईं थीं। उसी का नतीजा अब सामने आया। बोर्ड का 87 करोड़ का स्वॉकृति पत्र मुझे मिल चुका है। डेंटर प्रक्रिया के बाद जल्द ही इसपर कार्य शुरू होगा। इस कार्य के लिये प्रधानमंत्री व रेल मंत्री का आभार व्यक्त करता हूं।
>
> **-उपेंद्र सिंह रावत,** पूर्व सांसद, बाराबंकी

# तीन नाइजीरियन को 4-4 साल कैद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रिचा वर्मा ने एक फैसले में धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले में आरोपित तीन विदेशी नागरिक (नाइजीरियन) को जुर्म साबित होने पर चार-चार साल की कड़ी कैद और 75- 75 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार उदाला चकउडी पैट्रिक जूनियर, नेल्सन व फ्रांसिस ईमेका ने वादिनी मुकदमा रुचि सिंह निवासी थाना कोतवाली शहर हरदोई के साथ जालसाजी व धोखाधड़ी की। यह धोखाधड़ी 9 मई 2020 से 21 मई 2020 के दौरान की गई।आरोपियों पर यह भी आरोप है कि वह नाइजीरियन है और भारत देश के किसी क्षेत्र से उस अवधि इसके लिए उन्हें वीजा जारी किया गया था समाप्त हो जाने के बाद भी उन्होंने भारत देश में निवास किया और छल करके मोबाइल फोन में मैसेज ,फर्जी मेल आईडी के जरिए वादिनी रुचि सिंह को पार्सल भेजना कहकर उसे बेईमानी की और पार्सल के बदले अपनी संपत्ति उसे दी।

इस प्रकार कुल 6 लाख 31548 फुट रचित खातों से प्राप्त कर लिए। वादिनी से छल कपट करते हुए फर्जी सिम कार्ड ,लैपटॉप, मेल आईडी ,पासबुक, फर्जी खातों की कूट रचना की।

## जानलेवा हमले में पिता-पुत्र को कारावास

**अमृत विचार, हरदोई :** अपर सत्र न्यायाधीश कुसुम लता ने एक फैसले में मारपीट करके गंभीर चोटे पहुंचने के मामले में पिता पुत्र को जुर्म साबित होने पर चार-चार साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने इन आरोपियों पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने बताया कि थाना बिलग्राम क्षेत्र के सरियापुर निवासी रमेश चंद्र और उनके पिता रामचंद्र ने 8 मार्च 2012 को गांव के श्याम बाबू को डंडों व कुल्हाड़ी से पीट कर से गंभीर चोटे पहुंचाई। इस मामले की रिपोर्ट घायल श्याम बाबू ने दर्ज कराई । कहा की घटना के पूर्व वह होली मिलने जा रहा था गांव के सुखलाल के दरवाजे पर बैठकर पापड़ खा रहा था इ ।स दौरान आरोपी आए और घटना को अंजाम दिया। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की को सुनकर आरोपी पिता पुत्र पर जुर्म साबित पाया और उन्हें सजा सुनाई। जुर्माना की आधी धनराशि घायल के विधिक वारिसों को दिलाये जाने का आदेश दिया गया है।

## एक नजर

### होटल में बुलाकर छात्रा से प्रेमी ने किया गैंगरेप

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** प्रेम प्रसंग में पहले बीएससी की छात्रा को विश्वास में लिया। इसके बाद होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं अश्लील वीडियो बनाकर उसके साथियों ने भी दुष्कर्म किया। बार-बार ब्लैकमेलिंग से तंग पीड़िता ने पुलिस से घटना की जानकारी दी। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, उसके फरार साथियों की तलाश की जा रही है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की बीएससी की छात्रा शहर की एक कोचिंग में पढ़ाई कर रही थी। इस दौरान चंदापुर थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव के शुभम यादव से उसके प्रेम संबंध हो गए। शुभम के झांसे में आकर छात्रा बीते साल 11 जून को एक होटल में पहुंच गई। आरोप है कि वहां शुभम ने उससे दुराचार किया और अपने साथी सूरज यादव तथा आशीष यादव के अलावा दो अन्य लोगों ने छात्रा के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोपियों ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। मामले में पुलिस ने शुभम यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने बताया शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### बच्चे को बचाने में ट्रेन से कटकर मां-बेटे की मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** गोंडा-बहराइच रेल प्रखंड पर डेमू ट्रेन से कटकर मां-बेटे की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि 25 वर्षीय रोशनी पत्नी हर्षित गुप्ता किसी कार्य से पांच वर्षीय बेटे दिव्यांश जो दरगाह थाना क्षेत्र के नई बस्ती बख्शीपुरा के रहने वाले है। दोनों लोग बाजार गए हुए थे। इसी दौरान बख्शीपुरा स्थित रेलवे क्रासिंग पर दिव्यांश आती हुई ट्रेन को देखकर ट्रैक पर दौड़ने लगा, जिसे बचाने आई मां भी चपेट में आ गई और दोनों की कटकर मौत हो गई।

# प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराने पहुंचे मुख्य विद्वान व वैदिक आचार्य

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** राम मंदिर में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को संपन्न कराने के लिए अनुष्ठान के मुख्य आचार्य व कर्मकांडी पंडित दीनदयाल नगर के विद्वान जयप्रकाश अपने शिष्यों के साथ देर शाम अयोध्या पहुंच गए। इसके अलावा प्रयागराज, काशी से भी लगभग दो दर्जन वैदिक आचार्य पहुंच रहे हैं। कुल 101 आचार्य ही प्रतिष्ठा को सम्पन्न कराएंगे।

राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार और 800 मीटर की परिधि में बने परकोटे के 6 मंदिरों में देवी देवताओं की प्रतिमा को स्थापित कर दिया गया है। दो जून से कलश यात्रा के साथ अनुष्ठान की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। तीन जून



को सभी आचार्य एक साथ संकल्प कर अनुष्ठान को प्रारंभ करेंगे। 4 जून को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनेक प्रकार का संस्कार किया जाएगा। वैदिक संस्कार होने के बाद उसमें देवताओं के विभिन्न प्रकार की शक्तियों का आह्वान किया जाएगा। 5 जून को 11:20 से अनुष्ठान की पूर्ण आहुति दी जाएगी। दोपहर एक बजे सभी मंदिरों में प्रतिष्ठित देवताओं को भोग लगाया जाएगा।

### 2 जून को स्थापित होगा नर्मदा से आया शिवलिंग

परकोटे के उत्तर और पूर्वी दिशा के बीच स्थित ईशान कोण पर स्थापित शिव मंदिर में शिवलिंग की स्थापना के लिए दो जून के मुहूर्त को तय किया गया है। इस दौरान मूर्ति को स्थापित करने के बाद विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान भी प्रारंभ हो जाएंगे। राम मंदिर ट्रस्ट के आचार्य इंद्रदेव बताते हैं कि शिवलिंग की स्थापना के बाद सरयू जल से अभिषेक किया जाएगा।

ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक रविवार को वैदिक आचार्य की बैठक ट्रस्टों के साथ संपन्न कराए जाने के बाद अनुष्ठान में प्रयोग होने वाले सभी सामग्रियों को लाने का क्रम भी पूरा किया जाएगा।



दशरथ महल में भव्य झांकी का आयोजन। अमृत विचार

### सवा सौ क्विंटल फूलों से सजा दशरथ महल

**अयोध्या,** : प्राचीन पीठ चक्रवर्ती सम्राट दशरथ के महल में विराजमान श्री राम परिवार के गर्भगृह में भव्य झांकी का आयोजन किया गया। इसमें लगभग विभिन्न प्रकार के फूलों का उपयोग किया गया है। बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर इस मनोहर झांकी का अलौकिक दर्शन प्राप्त किया। अयोध्या का सबसे प्राचीन मंदिर दशरथ महल को माना गया है, जहां पर महाराजा दशरथ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न अपनी अर्द्धांगनियों के साथ विराजमान हैं।

### ट्रस्ट अध्यक्ष के जन्मोत्सव पर आज से आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 87वें जन्मोत्सव पर नौ दिवसीय आयोजन रविवार से प्रारंभ हो रहा है। सुबह 9 बजे श्रीराम महायज्ञ और शाम 3 बजे से श्रीमद वाल्मीकि रामायणम कथा का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन शाम 3 बजे से मणिराम दास छावनी के राम कथा मंडपम में प्रारंभ होगा। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद होंगे। इसके अलावा अयोध्या के संत धर्माचार्य ही शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। कार्यक्रम के आयोजन मणि रामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि द्वारका पीठ के शंकराचार्य, वृंदावन के सुदामा कुटी पीठाधीश्वर सुतीक्षण दास पहुंच रहे हैं।

### किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म में दो गिरफ्तार

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार :** थाना बाबा बाजार क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ दो युवकों से सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। तहरीर में बताया कि बीती शाम उनकी पुत्री शौच के लिए गई थी। इसी दौरान दो युवक उसे पड़ोस के एक घर में घसीट ले गये। नशीला पदार्थ खिला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घर पहुंच अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार आजाद ने बताया कि आरोपित दोनों को बनमऊ के जंगल से गिरफ्तार किया गया है। दोनों इनायतनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले है। एक आरोपी बाल अपचारी है।

# बहराइच : नपं अध्यक्ष पर धोखाधड़ी का केस

## फर्जीवाड़े में तत्कालीन सीएचसी प्रभारी भी फंसे, नपं अध्यक्ष का बनाया था मेडिकल

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष व सीएचसी के तत्कालीन सीएचसी प्रभारी पर जालसाजी सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह कार्रवाई सीएमओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है।

पयागपुर नगर पंचायत अध्यक्ष बालेंद श्रीवास्तव उर्फ विपिन के विरुद्ध अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए शिकायत की गई थी। शासन द्वारा कराई गई जांच में नगर पालिका अध्यक्ष दोषी पाये गये थे। जांच में दोषी पाये जाने



बालेंद श्रीवास्तव उर्फ विपिन।

पर शासन ने नोटिस भेजकर पक्ष प्रस्तुत करने के लिए नपा अध्यक्ष को तलब किया था। नोटिस के जवाब से बचने और नगर पंचायत का विकास कार्य प्रभावित करने के उद्देश्य से अध्यक्ष ने अपना

**कार्रवाई**

▸▸ जालसाजी करने, धोखाधड़ी कूटरचना व सांठगांठ के आरोप

फर्जी मेडिकल प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया। पयागपुर सीएचसी से पर्चा बनवाकर मेडिकल में एक माह का कम्प्लीट बेड रेस्ट लिखवाया गया। फर्जी मेडिकल का प्रकरण देवीपाटन मंडल आयुक्त के संज्ञान में आने पर सीडीओ व सीएमओ की दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई। कमेटी की जांच में मेडिकल फर्जी पाया गया और इसे बनाने में तत्कालीन सीएचसी प्रभारी डॉ. विकास सोनी की भूमिका भी सामने आई। आयुक्त को प्रेषित विस्तृत जांच रिपोर्ट में कहा गया कि अध्यक्ष को शासन स्तर की जांच में साक्ष्य व पक्ष प्रस्तुत करने थे। जांच से बचने के लिये अध्यक्ष ने सीएचसी प्रभारी से बीमारी व बेड रेस्ट का फर्जी मेडिकल बनवाया था लेकिन ओपीडी के क्रमांक पर बालेंदु श्रीवास्तव उर्फ विपिन का नाम अंकित नहीं मिला। उस क्रमांक पर किसी महिला का नाम दर्ज था। रिपोर्ट में कहा गया कि अध्यक्ष निजी फायदे के लिये सीएचसी के तत्कालीन प्रभारी से सांठगांठ कर फर्जी अभिलेख तैयार कराने के दोषी पाया गये। इसमें सीएचसी प्रभारी को भी दोषी माना गया। मण्डलायुक्त के निर्देश पर डीएम ने जांच रिपोर्ट पर जेष्ठ अभियोजन अधिकारी से आख्या मांगी और आख्या प्राप्त होने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष व सीएचसी प्रभारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश सीएमओ को दिये। एसएचओ करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि सीएमओ की तहरीर पर थाने की पुलिस ने बालेंदु श्रीवास्तव व डॉ. विकास सोनी के विरुद्ध जालसाजी, धोखाधड़ी, कूटरचना, सांठगांठ करने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप



हरदोई के सण्डीला में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

### लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई

**हरदोई, अमृत विचार।** सण्डीला नगर पालिका सभागार कार्यालय पर पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान की जिला कार्यशाला को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा राजीव मिश्रा ने संबोधित किया। इस अवसर पर विधायिका अलका सिंह अर्कवंशी, जिला उपाध्यक्ष सिद्ध प्रताप मौर्य, कार्यक्रम संयोजक छाया पांडेय, समाजसेविका डॉ विभा सिंह, मंडल अध्यक्ष सण्डीला नीतीश जैसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान बताए

**लखनऊ, अमृत विचार।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शनिवार को सामाजिक विकास एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण समिति द्वारा संचालित नवज्योति नशा मुक्त चिकित्सालय में मैक पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के सहयोग से नशा मुक्त शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोगों की शुगर, रक्त, बीपी, थॉयरॉयड, वजन आदि की जांच की गई। उन्हें तंबाकू से होने वाले नुकसान और उससे जुड़ी बीमारियों के बारे में बताया गया। चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ. अरविंद वर्मा ने बताया कि एक सिगरेट में 7000 से अधिक रसायन होते हैं, जो कैंसर जैसी बीमारी के मुख्य कारक होते हैं।



मरीजों का परीक्षण करते स्वास्थ्यकर्मी।

### केजीएमयू में किया गया भंडारे का आयोजन

**लखनऊ, अमृत विचार।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में ट्रामा सेंटर के सामने वृद्धावस्था मानसिक विभाग गेट पर जेष्ठ माह के तृतीय बड़े शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. निशांत वर्मा (पीडियाट्रिक विभाग), एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनोद (पीडियाट्रिक विभाग), प्रोफेसर डॉ. पारुल वर्मा (डर्मेटोलॉजी विभाग) आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर भंडारे का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में शशांक पटेल, राज कुमार बाजपेयी (राज), तेज बहादुर, संजीव यादव, हर्ष खरे, प्रीति रस्तोगी, डॉ. योगिता भाटिया, शिखा, नोबेल पांडे, माधुरी, रोहित यादव, सुगंधा, वैभव अवस्थी गीता, विजयलक्ष्मी, इतिशा यादव, सविता तिवारी, शिवानी, अमृता, स्वेक्षा, रूपांजलि, बृज भूषण, शिल्पी गंगवार, अमन गंगवार, अनूप मिश्रा आदि ने सक्रिय भागीदारी की।

# लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन प्रेरणा : केशव

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत अहिल्याबाई की मूर्ति का अनावरण डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने किया। दारागंज स्थित दशाश्वमेध घाट के पास मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित नारी सशक्तिकरण संगोष्ठी में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर को नमन है कि उन्होंने जीवन की विपरीत से विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए शासन किया। जिस तरह लोकमाता अहिल्याबाई का सुशासन था उसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन की सरकार भी काम कर रही है।

कार्यक्रम प्रभारी विधायक पूजा पाल ने कहा कि प्रयागराज का सौभाग्य है कि ऐसी महान वीरांगना की मूर्ति यहां स्थापित हुई जो नारी शक्ति का आदर्श है और उनके संकल्प लेकर अब हमें भारत को विकसित भारत बनाने के लिए काम करना है। कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, महापौर गणेश केसरवानी, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला, सांसद प्रवीण पटेल, विधायक दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह, नीरज त्रिपाठी, डा शैलेश कुमार पाण्डेय,वरुण केसरवानी, डा वंदना सिंह, राजेंद्र मिश्र ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का पुष्प गुच्छ व माला पहनाकर किया।

### अहिल्याबाई का योगदान अनुकरणीय : ब्रजेश पाठक

**सीतापुर, अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का समाज के उत्थान में किया गया योगदान अनुकरणीय है। आमजन को प्रेरित करने वाला है। हमें प्रेरणा लेकर राष्ट्र उत्थान के निरंतर कार्य करने चाहिए। ये बातें उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नगर के आंख अस्पताल चौराहे पर स्थापित रानी अहिल्याबाई की प्रतिमा का लोकार्पण करते हुए कहीं। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के 300 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि माता अहिल्याबाई के किये गए कार्यों से समाज में रचनात्मक परिर्वतन हुए, जिससे राष्ट्र को नई दिशा और दशा मिली। निश्चित रूप से उनके किये गए कार्य आमजन को प्रेरणा देने वाले हैं। हम सबको उसी ओर मजबूती से चलते रहना होगा। उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई ने सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाकर बड़ी संख्या में मंदिरों का निर्माण कराया। महिलाओं का आगे बढ़ाने का कार्य किया। हम सब उसी संदेश और प्रेरणा को घर घर तक पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर जनपद प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# हरदोई : दोस्त के घर में बंधक बनाकर पीटा, किशोर की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** किशोर को उसका दोस्त उसे बुलाकर अपने घर ले गया। जहां किशोर को बंधक बनाकर जमकर पीटा गया। किशोर ने घर आकर परिजनों को कुछ नहीं बताया। लेकिन जब दर्द बर्दाश्त से बाहर हो गया तो उसने अपने साथ हुई दरिंदगी की दास्तां कह दी। घर वाले उसे लेकर इलाज के लिए दौड़ पड़े। लेकिन तमाम दौड़-भाग करने के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका शुक्रवार को चौथे दिन उसकी मौत हो गई। पचदेवरा थाने के डुगांर नगला निवासी गिरीश कुमार का 17 वर्षीय पुत्र अभय अल्हागंज एक मशीनरी स्टोर पर काम करता था। पिता गिरीश कुमार ने बताया कि वह मंगलवार से अभय को दर्द के चलते इधर-उधर भटक रहा था। शुक्रवार को उसे बरेली ले जाया जा रहा था, उसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। गिरीश का कहना है कि अभय ने पहले तो उसे कुछ नहीं बताया, लेकिन कुछ घंटे पहले उसने दर्द से कराहते हुए बताया था कि मंगलवार को उसका दोस्त देव शर्मा उसे अपने घर बुला ले गया था, जहां बंधक बनाकर उसे बेरहमी से पीटा गया, बकौल गिरीश उसने जब अभय के कपड़े हटाए तो उसकी आंखे फटी की फटी रह गई, उसकी पीठ पूरी लाल पड़ी थी, पेट के अलावा नाज़ुक जगहों पर स्याह निशान उसकी बेरहमी से की गई पिटाई की गवाही दे रहे थे। अभय अपने पिता का इकलौता था, उसकी एक छोटी बहन है। अभय ने शुरुआत से पिटाई करने वाली बात छिपाए रखी, पुलिस को अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देने के बाद कुछ नाम सामने आए है, जिसमें उसका दोस्त, दोस्त के पिता और दूसरे गांव का रिश्तेदार शामिल बताया जा रहा है।

# सीतापुर में मूर्ति हटाने पर विवाद, नायब तहसीलदार से लोगों ने की हाथापाई

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** सरैंय्यां मसूदपुर ग्राम पंचायत के सेथराम गांव में प्राचीन मंदिर के नजदीक अंत्येष्टि स्थल बनाए जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया। प्रशासन से बातचीत सफल न होने पर हंगामा बढ़ा। ईंट- पत्थर और लाठी-डण्डे चले। नायब तहसीलदार के साथ हाथापाई की बात भी सामने आई है। मौके पर कई थानों का पुलिस फोर्स देर शाम तक मौजूद रहा। एएसपी का कहना है कि फिलहाल स्थिति सामान्य है। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोड़ैचा मार्ग स्थित ग्राम पंचायत सरैय्या मसूदपुर के मजरा सेथराम में प्राचीन शिव मंदिर है। इसी के करीब तालाब और नारायण व विष्णु मंदिर भी बना हुआ है। बताते हैं कि प्राचीन मंदिरों के नजदीक अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराए जाने को लेकर नायब तहसीलदार राकेश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बताते हैं कि पहले से ग्रामीण मौजूद थे। ये लोग नारायण मंदिर के समीप एक नव निर्माण मंदिर स्थापित कर भण्डारा करा रहे थे। ऐसे में नायब तहसीलदार ने नवनिर्मित मंदिर के निर्माण को स्थापित मूर्ति को हटा दिया। इसी के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और हंगामा शुरू हो गया। बढ़ते विवाद के बीच ईंट-पत्थर और लाठी-डण्डे चलने लगे। बवाल बढ़ने पर आसपास थानों की पुलिस बुला ली गई। इस बीच नायब तहसीलदार के साथ हाथापाई हुई।

# फार्मेसी व पॉलीटेक्निक के छात्रों को दी गई विदाई

**लखनऊ, अमृत विचार।** बीकेटी के चंद्रिका देवी रोड स्थित अम्बेकेश्वर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसन्स (एजीआई) में शुक्रवार को रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, मौका था बैचलर ऑफ फार्मेसी, बैचलर ऑफ डी फार्मा एवं पॉलीटेक्निक लास्ट ईयर के बच्चों की फेयरवेल पार्टी का। कार्यक्रमों की शुरुआत बीफार्मा सेकेण्ड ईयर की छात्रा पुष्पांजलि की सरस्वती वंदना पर डांस प्रस्तुति से हुई। इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर फेयरवेल पार्टी को यादगार बना दिया। डीजे अर्जुन ने चुनिंदा नगमों से कॉलेज से विदा हो रहे छात्र-छात्राओं के लिए इस शाम को हमेशा के लिए हमेशा के लिए अविश्मरणीय बना दिया। छात्रों ने जमकर मस्ती की। पॉलीटेक्निक से मिस्टर फेयरवेल उज्वल मनी ओझा और मिस फेयरवेल अंजली



विदाई समारोह में सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं व मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

को चुना गया। बीफार्मा से मिटर फेयरवेल अभिषेक मद्धेशिया और मिस फेयर अंजली को चुना गया, इसी तरह डीफार्मा से मिस्टर फेयरवेल मिसबाहुल हक और मिस फेयरवेल प्रियंका को चुना गया। कॉलेज की एचआर अंजली पांडेय ने पूरे कार्यक्रम का निर्देशन किया। फार्मेसी के डायरेक्टर डाक्टर धर्मवीर व पॉलीटेक्निक की डायरेक्टर स्वीटी मिश्रा ने बच्चों को सम्मानित किया। कॉलेज के चेयरमैन आरपी पांडेय ने विदा हो रहे बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर सरवर इमाम, असिस्टेंट प्रोफेसर विजय बहादुर, असिस्टेंट प्रोफेसर कीर्ति शुक्ला, साक्षी वर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली- 448

**बाएं से दाएं**

3. 1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4. 1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गड़ुआ।

7. 1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपत्ति 7. शासन 8. भोज, दावत।


8. 1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

**ऊपर से नीचे**

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।



### वर्ग पहेली -447 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बें | च | | 2 घ | | |
| | | 3 तु | ड़ | वा | 4 ना |
| 5 छ | ठी | | घ | | ली |
| ल | | | ड़ा | | क |
| 6 का | रा | गृ | ह | | |
| री | | | 7 ट | कु | ली |
| | 8 ज | ड़ी | | | |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 20.59 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष** – आज जीवनसाथी की भावनाओं का अनादर न करें। आज आपको अचानक धन खर्च करना पड़ सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। त्वचा में किसी तरह का संक्रमण हो सकता है। परिजनों की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है।

**वृष** – आज पुराने रिश्तेदारों और मित्रों से बात हो सकती है। अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बिक्री होने की संभावना बन रही है। गंभीर विषयों के अध्ययन का प्रयास करेंगे। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहने वाला है।

**मिथुन** – आज शब्दों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें इससे आप विवादों से बचे रहेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपको कुछ नकारात्मक समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** – आज सभी काम आपकी आशा के अनुरूप होते रहेंगे। व्यवसाय में पुराने अनुभवों का आप बेहतर लाभ उठा पायेंगे। स्वादिष्ट भोजन व व्यञ्जनों का आनंद उठायेंगे। जीवनसाथी के प्रति मन में गर्व की भावना उत्पन्न होगी। किसी जरूरी काम को कल पर टालना आपके लिए उचित होगा।

**सिंह** – आज नई परियोजनाओं को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। आसपास के लोगों से अपने संबंध अच्छे बनाए रखें। व्यर्थ के प्रेम संबंधों के कारण आपका मन व्यथित हो सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध कुछ गलत बातें फैला सकते हैं।

**कन्या** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपने प्रेमी से दिल की बात कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको पहले की गई मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहने वाला है।

**तुला** – आज आर्थिक दृष्टिकोण से आप बहुत भाग्यशाली रहेंगे। घर के सदस्यों की सुख-सुविधाओं का काफी ध्यान रखेंगे। आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोस्तों के साथ भरपूर मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे। नया भवन या वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे।

**वृश्चिक** – आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। लोग आपके ऊपर काफी विश्वास करेंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करना उत्तम होगा। विचारों में लचीलापन हमेशा बनाकर रखें।


**धनु** – आज दिनचर्या थोड़ी असन्तुलित हो सकती है। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। धन को लेकर असंतोष की भावना रहेगी। पुराना रुका हुआ काम आपको तनाव का अनुभव करायेगा।

**मकर** – आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे। व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से भविष्य में लाभ प्राप्त होगा। आपकी मध्यस्थता से कई विवाद सुलझ सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे। दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा।

**कुंभ** – आज अपने करियर को लेकर थोड़ा असंतुष्ट हो सकते हैं। घर पर आज शान्तिपूर्वक समय बिताना उत्तम होगा। असामाजिक तत्वों से भय रहेगा। परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। लेकिन फिर भी आप अपने सभी कार्य निष्ठापूर्वक करेंगे।

**मीन** – आज पुरुष जातकों को महिलाओं के सहयोग से लाभ मिल सकता है। बच्चे आज मस्ती के मूड में रहेंगे। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास सफल होगा। विद्यार्थियों के लिये दिन शुभ परिणामकारी है। विरोधियों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

## आज का पंचांग





**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अश्लेशा 21.36 तक तत्पश्चात मघा।

## सुडोकू -172

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 2 | | | | |
| | 4 | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 1 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | | | | 8 | | | | |
| | | 7 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |

### सुडोकू - 171 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 4 | 8 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 |

## एक नजर

### बच्ची से दुष्कर्म करने के दोषी को आजीवन कारावास

**बरेली :** दो वर्ष की बच्ची संग दुष्कर्म करने के आरोपी थाना शाही के ग्राम केरा निवासी झुंडे भारती उर्फ श्याम लाल भारती को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट नरेंद्र प्रकाश ने आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं धमकी देने के आरोपी सुरेश भारती और नंदकिशोर भारती को तीन-तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई।

### बाजार गई महिला के जेवर ले उड़े टप्पेबाज, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली :** बारादरी थाना क्षेत्र के शहामतगंज इलाके में महिला जावित्री देवी निवासी एमईएस कॉलोनी से शातिर ठगों ने टप्पेबाजी करते हुए करीब 2.25 लाख रुपये के जेवर ठग कर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आस-पास की दुकानों के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज पुलिस खंगाल रही है।

### एसआरएमएस में नवीनतम शोधों, तकनीकों और बदलावों पर व्याख्यान

**बरेली :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को एडवांस नी आर्थोस्कोपी कोर्स में देश के नामचीन अस्थि रोग विशेषज्ञों ने नवीनतम शोधों, तकनीकों और इस क्षेत्र में हो रहे बदलावों की जानकारी दी। इंडियन आर्थोस्कोपी सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित इस पहले कोर्स आईएएस वन में आर्थोपेडिक विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र में अस्थिरोग विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता डॉ. राजीव रमन ने कोर्स को लाभप्रद बताया। चेयरमैन देव मूर्ति ने युवाओं में फास्ट ड्राइविंग के प्रति बढ़ते रुझान और इससे होने वाले हादसों की स्थिति को गंभीर बताया। उन्होंने हादसों में घायलों के उपचार के लिए ट्रामा सेंटर की जरूरत पर जोर दिया। आर्थोपेडिक विभाग के प्रमुख प्रो. संजय गुप्ता ने सभी का स्वागत किया।

# स्त्रीधन की वापसी कार्रवाई में निर्धारण योग्य : हाईकोर्ट

## मुकदमेबाजी की बहुलता से बचने के उद्देश्य से बनाया गया प्रावधान

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत स्त्रीधन की वापसी से जुड़े मुद्दे पर विचार करते हुए कहा कि स्त्रीधन की वापसी एक मुद्दा है, जिसका निर्धारण अधिनियम के तहत कार्यवाही में किया जाना चाहिए, ना कि धारा 27 के तहत अलग से किए गए आवेदन के माध्यम से।

कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि धारा 25 पति या पत्नी को विवाह-विच्छेद के लिए डिक्री के बाद मासिक या सकल राशि द्वारा भरण-पोषण पर निर्देश के लिए आवेदन करने की अनुमति देती है और धारा 27 न्यायालय को डिक्री पारित करने का अधिकार देती है, जिससे विवाह के समय या उसके बाद प्रस्तुत किसी भी संपत्ति के संबंध में प्रावधान शामिल किया जा सके। कोर्ट ने माना कि जब अधिनियम के तहत किसी वैवाहिक कार्यवाही पर पक्षकारों के बीच निर्णय नहीं हो पाता है तो यह प्रावधान न्यायालय को अधिनियम की धारा 27 के तहत स्वतंत्र आवेदन पर विचार करने का अधिकार नहीं देता है, जब तक की अधिनियम, 1955 की धारा 9 से 13 और 13 ए और 13 बी में परिकल्पित अधिनियम के तहत आगे कोई कार्यवाही ना हो। यह प्रावधान मुकदमेबाजी की बहुलता से बचने और पत्नी को स्त्रीधन की वापसी के लिए आवेदन करने का अधिकार देने के उद्देश्य से बनाया गया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिंह न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना के खंडपीठ ने कृष्ण कुमार गुप्ता की प्रथम अपील को निस्तारित करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार 1 मई 2023 को पक्षकारों के बीच विवाह-विच्छेद हो गया। पत्नी द्वारा अंतरिम भरण-पोषण के लिए आवेदन करने पर पति ने कुल 7 लाख रुपये का भुगतान किया। परिवार न्यायालय ने पत्नी को स्त्रीधन की वस्तुएं लौटाने के बदले 10,54,364 रुपये का भुगतान पति को करने का निर्देश दिया। इस पर पति के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पक्षकारों के स्वामित्व वाली संपत्तियों के वितरण तथा स्त्रीधन वापसी का प्रावधान केवल तलाक की डिक्री में ही किया जा सकता है, अलग से नहीं और तलाक की डिक्री में स्त्रीधन के संबंध में कोई निर्देश नहीं था। अंत में कोर्ट ने स्त्रीधन के बदले अपीलकर्ता को 10,54,364 रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने वाला निर्णय रद्द कर दिया, क्योंकि पत्नी ने अंतिम भरण-पोषण के रूप में 7 लाख रुपए और आंशिक निष्पादन के रूप में 2,10,000 रुपये प्राप्त कर लिए थे, इसलिए कोर्ट ने अपील स्वीकार कर ली और निष्पादन कार्यवाही स्वतः ही समाप्त हो गई।

# पुलिस से मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, जेल भेजा

संवाददाता, भोजपुर (मुरादाबाद)

**अमृत विचार :** शुक्रवार रात को गांव रानी नांगल के निकट जंगल में पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश के खिलाफ पुलिस पर जानलेवा हमला करने एवं तमंचा रखने के आरोप में केस दर्ज कर चालान किया है। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

शुक्रवार रात को सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी प्रभारी पंकज राठी टीम के साथ टांडा रोड पर गश्त कर रहे थे। पुलिस को मुखबिर ने गांव रानी नांगल के रास्ते पर बदमाश के छिपे होने की सूचना दी। पुलिस ने एक युवक को पकड़ने की कोशिश की तो वह भागने लगा। साथ ही फायरिंग कर की। पुलिस ने जबावी फायरिंग में हसन निवासी जामा मस्जिद डिंगरपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# सीएनजी से किनारा, इलेक्ट्रिक ऑटो की तरफ बढ़ा रुझान

महिपाल गंगवार, बरेली

**अमृत विचार :** सीएनजी की कीमत में बढ़ोतरी और परमिट के झंझट ने इलेक्ट्रिक ऑटो की मांग बढ़ा दी है। इससे सीएनजी वाले ऑटो का ग्राफ गिर गया है। संभागीय परिवहन विभाग अधिकारी बताते हैं कि पांच साल पहले तक सीएनजी ऑटो का परमिट लेने के लिए मारामारी मची रहती थी। लेकिन अब हालात यह हैं कि डीजल और सीएनजी ऑटो के फिटनेस नहीं कराए जा रहे हैं। फिटनेस न होने पर 750 से अधिक ऑटो के परमिट और रजिस्ट्रेशन रद किए गए हैं। वहीं, पिछले छह माह में नए परमिट के लिए महज 37 आवेदन ही आए हैं।

परिवहन विभाग में पांच साल पहले करीब 12,250 सीएनजी ऑटो पंजीकृत थे। इनकी संख्या लगातार कम हुई है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर मिलने वाली छूट इलेक्ट्रिक ऑटो चलाने के लिए परमिट की आवश्यक्ता न होने से इनकी ओर तेजी से रुझान बढ़ा है। यह कारण है कि पिछले चार साल में इलेक्ट्रिक ऑटो के पंजीकरण की संख्या 12 हजार से अधिक हो चुकी है।



▸▸ परिवहन विभाग में परमिट लेने को पांच साल पहले रहती थी मारा-मारी, अब परमिट के आवेदकों का इंतजार

### 750 ऑटो संचालकों ने नहीं कराई फिटनेस

जिले के 750 ऑटो संचालकों ने पिछले तीन साल से फिटनेस नहीं कराई। परिवहन विभाग की ओर से बीते माह इन सभी का परमिट रद कर दिया गया है। इसके साथ ही दो साल से ऑटो की फिटनेस न कराने वालों को चेतावनी जारी की गई। आरटीओ के मुताबिक परमिट रद होने के बाद विभाग की ओर से नए आवेदन मांगे गए हैं, लेकिन पिछले छह माह में मात्र 37 आवेदन सीएनजी ऑटो परमिट के लिए आए हैं।


### पांच घंटे में फुल चार्ज, 100 किलोमीटर दौड़ेगा

इलेक्ट्रिक ऑटो चलाने वाले सोमपाल बताते हैं कि पांच घंटे में ऑटो फुल चार्ज हो जाता है। करीब 50 रुपये बिजली का खर्च आता है। एक बार फुल चार्ज करने के बाद ई-ऑटो 90 से 100 किलोमीटर तक चलता है। वहीं कंपनी की तरफ से इलेक्ट्रिक ऑटो की तीन साल की फिटनेस, एक साल का बीमा और 15 साल का रजिस्ट्रेशन भी कराकर दिया जा रहा है।

संभागीय परिवहन विभाग में पिछले साल ही 3457 ई ऑटो के पंजीकरण हुए हैं। आरटीओ प्रशासन मनोज कुमार बताते है कि इलेक्ट्रिक ऑटो के कारण सीएनजी ऑटो के परमिट लेने कम लोग आ रहे है। पुराने सीएनजी ऑटो भी धीरे-धीरे खत्म हो रहे हैं। सीएनजी ऑटो के परमिट पर आरटीओ के स्तर से नियंत्रण किया जा सकता है, लेकिन ई-ऑटो की संख्या पर रोक लगाने का कोई नियम नहीं बना है। इस वजह से संख्या बढ़ रही है।

# प्रो. पत्नी से दहेज में मांगे 25 लाख विरोध पर पीटा

**बरेली :** बारादरी क्षेत्र निवासी राजकीय महिला महाविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ. भावना सिंह निवासी पंचशीलनगर से पति डॉ. दलीप कुमार निवासी मेरठ व ससुरालियों ने दहेज में 25 लाख रुपये की मांग की। आरोप है कि विरोध करने पर ससुरालियों ने उनके साथ मारपीट की। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने मामले में प्रो. पति समेत पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। डॉ. भावना सिंह ने बताया कि उनका विवाह 9 दिसंबर 2021 को मेरठ निवासी डॉ. दलीप कुमार से हुआ था, जो अमरोहा के राजकीय महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं।



उत्तराखंड के चमोली जिले में हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे पहुंचे सिख समुदाय के लोग। ● एजेंसी

# जूडो की इंटरनेशनल खिलाड़ी ने कोच के खिलाफ लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ सोमवार को भोजपुर थाने में बयान दर्ज कराएगी पीड़िता

**अमृत विचार :** जूडो की इंटरनेशनल महिला खिलाड़ी ने कोच सतीश शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद अब जूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया को पत्र भेजकर कोच की शिकायत की है। साथ ही उत्तराखंड के जूडो एसोसिएशन से आरोपी कोच को सेक्रेटरी पद से हटाने की मांग की है।

महिला खिलाड़ी का आरोप है कि अगर वह पद पर बने रहे तो जांच को प्रभावित करेंगे। महिला खिलाड़ी की शनिवार को तबीयत खराब हो गई थी। ऐसे में वह अब रविवार को नहीं बल्कि सोमवार को मुरादाबाद के भोजपुर थाने में आकर अपने बयान दर्ज कराएंगी। साथ ही कोच के साथ हुई बातचीत की ऑडियो भी पुलिस को देगी। देहरादून जिले के थाना राजपुर क्षेत्र निवासी जूडो की इंटरनेशनल खिलाड़ी के अनुसार 12 मार्च को कोच जूडो खिलाड़ी प्रेक्टिस करने की बात कहते हुए भोजपुर क्षेत्र के गांव इस्लामनगर स्थित अपने फार्म हाउस पर ले गए। कोच खिलाड़ी की मसाज करने के बहाने कमरे में ले गया और छेड़छाड़ की। बाद में किसी से शिकायत करने पर धमकी दी।

# नगर आयुक्त को धमकी देने वाले आरोपियों को मिली जमानत

**मुरादाबाद :** नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल को जान से मारने की धमकी देने वाले गिरफ्तार तीनों अहमद रजा (अन्य दो नाबालिग) आरोपियों को पुलिस ने निजी मुचलके पर थाने से जमानत दे दी। एसपी सिटी ने शनिवार को सिविल लाइंस थाने में पहुंचकर नगर आयुक्त के आवास पर मौजूद दोनों होमगार्ड और कर्मचारी के बयान दर्ज किए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल यादव भी मौजूद रहे। आरोपियों ने एसपी सिटी के सामने भी जब्त मोबाइल लेने के लिए जाने की बात बताई।

# खून देने जा रहे युवक की चाकू से गोदकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ हत्या के पीछे अंजुमन के जुलूस के विवाद और अवैध संबंध की बात आई सामने

**अमृत विचार :** कांकरटोला की भटियारों वाली मस्जिद के पास शनिवार दोपहर पिता-पुत्र ने चाकू से गोदकर युवक की हत्या कर दी। हत्या के पीछे अंजुमन के जुलूस के विवाद के साथ अवैध संबंध होने की बात सामने आई है। पुलिस हत्यारोपियों की धरपकड़ में जुटी है।

बारादरी के कांकरटोला भटियारों वाली मस्जिद के पास रहने वाले जहीर अहमद उर्फ बच्चू ने बताया कि उसकी बहू की तबीयत खराब है। इसके लिए खून की आवश्यकता है। बेटा अरशद अली उर्फ गुड्डू (38) शनिवार दोपहर में करीब 2.30 बजे घर से खाना खाकर अपनी भाभी के लिए खून देने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में नाजिम मेंबर वाली गली में किराये पर रहने वाला आमिर और उसका बेटा फरमान मिल गए।

जहीर ने आरोप लगाया कि दोनों ने अरशद को पकड़ लिया और खींचकर अपने घर के सामने ले गए। वहां चाकू से गोदकर बुरी तरह से घायल कर दिया। जानकारी मिलने पर वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे और तुरंत स्टेडियम रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान अरशद ने दम तोड़ दिया। जहीर ने बताया कि हत्यारोपी उसके बेटे अरशद से अंजुमन के जुलूस को लेकर हुए विवाद में रंजिश मानते हैं। आरोपी अक्सर बेटे के साथ गालीगलौज करते थे। इसी रंजिश में हत्या कर दी।

अरशद की मौत की जानकारी पर इंस्पेक्टर अपराध अरविंद सिंह, एसएसआई रोहित शर्मा अस्पताल पहुंचे और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। वहीं इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय का कहना है कि आरोपी घर पर ताला बंद करके फरार हो गए हैं। पुलिस हत्यारोपी पिता-पुत्र की तलाश कर रही है।

# रोडवेज बसों में कैमरे लगाने के लिए आरएम ने मांगा बजट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ 31 मई तक शासन से नहीं आया बजट

**अमृत विचार :** परिवहन निगम की बसों में कैमरे लगने की कवायद ठंडे बस्ते में जाती दिखाई दे रही है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए उठाया कदम महज कागजों तक सीमित न रह जाए। इसके लिए क्षेत्रीय प्रबंधक ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम निदेशालय से बसों में कैमरे लगाने के लिए बजट मांगा है। निगम की नियमित बसों में कैमरे लगाने का कार्य 1 मई से शुरू होना था।

रोडवेज बसों में जहरखुरानी गिरोह और चोरी की बढ़ती घटनाओं से यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार ने कैमरे लगवाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के निदेशालय को निर्देशित किया था। जिससे बसों में सफर सुरक्षित हो सके। अप्रैल में रोडवेज की नियमित बसों में प्रबंधक स्तर के स्तर से बसों में कैमरे लगवाने के निर्देश दिए थे। लेकिन 31 मई तक शासन से कोई बजट नहीं आया। जिसको लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह से निदेशालय को बजट आवंटन की पत्र के माध्यम से मांग की है।

## उत्तराखंड

# यहां गोल्फ खेलना अद्वितीय व आनंददायक

## गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन शनिवार को 99 गोल्फरों ने किया प्रतिभाग

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राजभवन गोल्फ क्लब द्वारा आयोजित 20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन 9 महिला गोल्फरों सहित 99 गोल्फरों ने प्रतिभाग किया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागी न केवल इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं, बल्कि नैनीताल स्थित राजभवन गोल्फ कोर्स की सुरम्य प्राकृतिक छटा का भी आनंद उठा रहे हैं।





गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान शॉट लगाता एक खिलाड़ी और मौजूद गोल्फर्स। अमृत विचार

प्रतिभागियों ने शनिवार को अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के उच्च गुणवत्ता वाले प्राकृतिक परिवेश में गोल्फ खेलना उनके लिए एक अद्वितीय और आनंददायक अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स की व्यवस्थाएं, आतिथ्य सत्कार तथा आयोजन की उत्कृष्टता उन्हें बार-बार यहां खींच लाती है। कई गोल्फरों ने उल्लेख किया कि वे विगत कई वर्षों से इस टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर रहे हैं और प्रत्येक बार उन्हें यहां खेलना एक नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करता है। राजभवन गोल्फ कोर्स, जो अपनी ऐतिहासिकता और नैसर्गिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है।

# अनियंत्रित कार गहरी खाई में गिरी बालक की मौत

**रामनगर।** पौड़ी गढ़वाल के सल्ट बीरोंखाल ब्लॉक के रसिया महादेव के पास शनिवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में कार में सवार 12 साल के बालक अभि गोसाई की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दिल्ली निवासी एक ही परिवार के सदस्य अपनी कार से रसिया महादेव जा रहे थे, जहां उन्हें विवाह समारोह में शामिल होना था। घायलों में दो लोगों की हालत गंभीर बनी है, जिन्हें रामनगर संयुक्त चिकित्सालय से हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# व्यवस्था : भवाली से आगे कैंची धाम तक रहेगी वाहनों की नो एंट्री

▸▸ कैंची धाम में स्थापना दिवस को लेकर बनाई गई योजना

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल के विश्वप्रसिद्ध कैंची धाम में आगामी 15 जून को 61वां स्थापना दिवस धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन की योजना बनाई है।



एसपी यातायात जगदीश चंद्र ने बताया स्थापना दिवस के दिन श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भवाली से आगे कैंची धाम तक सभी प्रकार के निजी और वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस क्षेत्र में 'नो एंट्री' लागू रहेगी। एसडीएम तुषार सैनी ने बताया भवाली से कैंची धाम तक शटल बस सेवाएं दिनभर उपलब्ध रहेंगी।

### वैकल्पिक रूट का होगा संचालन

प्रशासन की ओर से इस दिन के लिए विशेष वैकल्पिक रूट तैयार किया गया है, जिससे आमजन को न्यूनतम असुविधा हो। हालांकि अभी तक इसकी अंतिम रूपरेखा तैयार होनी बाकी है। जल्द ही जिला प्रशासन की ओर से विस्तृत यातायात योजना और वैकल्पिक मार्गों की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

### अधिकारियों और मंदिर समिति की हुई बैठक

स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर मंदिर समिति, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा सुविधाओं, पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई आदि पर चर्चा की गई। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएंगी।

# शादी की दावत खाने से 108 ग्रामीणों की हालत बिगड़ी, कई अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

▸▸ चम्पावत के ग्राम सीलिंग के तोक खीड़ी का मामला

**अमृत विचार :** जनपद चम्पावत में ग्राम सीलिंग के तोक खीड़ी में शादी की दावत खाकर 108 ग्रामीणों की हालत बिगड़ गई। इनमें से 100 ग्रामीणों को गांव में ही प्राथमिक उपचार दिया गया जबकि हालत गंभीर होने पर पांच लोगों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

स्वास्थ्य, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त जांच के अनुसार, शुक्रवार को गांव के निवासी लक्ष्मण गिरी के विवाह समारोह के अवसर पर गांव में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया था, जिसमें आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से 250 लोगों को आमंत्रण दिया गया था। प्रीतिभोज में दाल, चावल, सब्जी, रायता और खीर ग्रामवासियों द्वारा ही बनाई गई थी। शुक्रवार शाम 4 बजे तक दावत खाने के बाद ग्रामीण घरों को चले गए। शुक्रवार देर रात अधिकांश ग्रामीणों को उल्टी, दस्त और बुखार की समस्या होने लगी, जिसके बाद कुछ लोग निजी वाहनों से तो कई 108 एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाए गए।

शनिवार तड़के तक जब एक ही गांव के कई लोग अस्पताल में भर्ती हुए, तब जाकर मामला चर्चा में आया। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय के निर्देश पर प्रभारी सीएमएस डॉ. सोनाली मंडल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची। स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव खीड़ी के 100 लोगों और गांव पोखरी के 3 ग्रामीणों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया, जो स्वस्थ बताए गए। पांच ग्रामीणों का उपचार उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट में किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि अंदेशा है कि भोज में परोसे गए भोजन में कोई खाद्यजनित संक्रमण हो सकता है। भोजन के सैंपल लेकर जांच की जा रही। स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव में ही तैनात किया गया है।

# बदलाव : मौसम सुधरने के साथ गरमा गई सरोवर नगरी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मौसम सुधरते ही नैनीताल गरमाने लगा है। शनिवार को दिन के समय धूप असहनीय हो गई। तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इस पूरे माह अधिकांश समय मौसम खराब रहा, जिस कारण तापमान सामान्य के करीब बना रहा। मगर शनिवार को नगर के मौसम का बिगड़ा मिजाज सुधरा तो सूर्य की तपिश भी बढ़ गई। हालांकि हल्के बादलों का आना-जाना लगा रहा, लेकिन तापमान पर प्रभाव नहीं डाल सके। अलबत्ता दिन चढ़ने के साथ ही



तापमान भी बढ़ता चला गया।

दिन के समय लोग छांव की शरण लेने को मजबूर हुए। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों मे मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। हल्की व मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी। साथ ही, तेज हवाएं चलने की संभावना रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 30 व न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रहा।

# सूबेदार शंकर नाथ गोस्वामी ने एवरेस्ट पर लहराया तिरंगा

**हल्द्वानी :** भारतीय सेना के पर्वतारोही दल में शामिल हल्द्वानी निवासी सूबेदार शंकर नाथ गोस्वामी ने एवरेस्ट की चोटी फतह कर देश व यूनिट का ध्वज लहराया है। शंकर नाथ 16 कुमाऊं रेजीमेंट में हैं और वर्तमान में हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल गुलमर्ग में तैनात हैं। दूरभाष पर हुई बात में शंकर ने बताया कि वह मूलरूप से अल्मोड़ा जिले के भनोली तहसील व हाल डहरिया पानपुर के रहने वाले हैं। टीम ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी 8848 मीटर एवरेस्ट फतह कर साहस व शौर्य का प्रदर्शन किया है। इस सफर में उन्हें 50 दिन लगे।

# हल्द्वानी में पत्नी के प्रेमी की पत्थर से कूंचकर हत्या

संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ अपने घर में ही अंजाम दी घटना हत्यारोपी पति गिरफ्तार

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र के गौजाजाली में एक युवक ने अपनी पत्नी के प्रेमी की पत्थर से कूंचकर हत्या कर दी। घटना को पति ने शुक्रवार रात अपने ही घर में पत्नी की मौजूदगी में अंजाम दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने शनिवार को बताया कि वार्ड 60 गौजाजाली निवासी अनिल साहू यहां पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है। आरोप है कि राजेंद्र नगर गली नंबर-2 निवासी तरुण रावत (26) के अनिल की पत्नी से प्रेम संबंध थे। शुक्रवार रात तरुण, अनिल के घर आया तो फिर से दोनों के बीच विवाद हुआ, तरुण वहां जबरन घर में सो गया। थानाध्यक्ष के अनुसार, रात करीब डेढ़ बजे अनिल ने गहरी नींद में सोये तरुण के चेहरे और सिर पर भारी पत्थर से वार कर डाले। शोर मचने पर आसपास के लोग पहुंच गए। तरुण को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में अनिल और उसकी पत्नी के खिलाफ हत्या का अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

# देश में कोरोना के 3,395 मरीज, 4 की मौत

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, संक्रमण से जान गंवाने वालों में यूपी का भी एक व्यक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी



● एक्टिव केस की संख्या दो साल में पहली बार 3000 पार, केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित

भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 3,000 से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के अनुसार केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित हैं। मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में देश में कुल चार रोगियों की मौत हुई है। दिल्ली, केरल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में एक-एक व्यक्ति ने जान गंवाई है। एक्टिव केस की संख्या दो साल में पहली बार 3000 पार पहुंची है।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भारत में कोविड-19 की स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। सूत्रों ने कहा कि संक्रमण की गंभीरता कम है, ज्यादातर मरीजों की घर पर ही देखभाल की जा रही है और चिंता की कोई बात नहीं है। देश में 22 मई को रोगियों की संख्या 257 थी। 26 मई तक यह आंकड़ा बढ़कर 1,010 हो गया और शनिवार को 3,395 पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 685 नए मामले सामने आए हैं और चार लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों में कहा गया है कि केरल में 1,336, महाराष्ट्र में 467, दिल्ली में 375, गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 और उत्तर प्रदेश में 117 लोग संक्रमित हैं। वहीं, ओडिशा में दो और लोगों के कोरोना से संक्रमित पाए जाने के बाद राज्य में कुल मामलों की संख्या सात हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य सचिव अश्वथी एस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने लोगों से न घबराने की अपील करते हुए कहा कि सभी मरीजों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, आईसीएमआर की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा स्वरूप में गंभीर लक्षण नहीं दिखते और ज्यादातर मामले हल्के हैं। साथ ही, केंद्र ने कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं, लेकिन सभी को बदलते मौसम के मद्देनजर सतर्क रहने की सलाह दी है। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार आवश्यक सावधानी बरत रही है।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने सोमवार को कहा था कि पश्चिम और दक्षिण भारत में नमूनों की जीनोम अनुक्रमण से पता चला है कि नये स्वरूप गंभीर नहीं हैं और ये ओमीक्रॉन के उप-स्वरूप हैं। उन्होंने कहा था कि पहले तीन स्वरूप के मामले ज्यादा हैं। डॉ. बहल ने कहा था, हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। इस समय, कुल मिलाकर, हमें निगरानी रखनी चाहिए, सतर्क रहना चाहिए, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है।

### हमें और होशियार रहने की जरूरत

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने मुताबिक हम इस स्थिति पर नजदीकी निगाह रखे हुए हैं। इस स्थिति में हमें और होशियार रहने की जरूरत है। लेकिन बहुत ज्यादा डरना नहीं है। अब तक ओमिक्रॉन के 4 सबवैरिएंट मिले हैं- एलजी.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और एनबी.1.8.1 मिले हैं। इनमें पहले तीन ज्यादा तेजी से फैलते हैं।

# राहुल को नहीं दी जाएगी सावरकर के पोते के मातृवंश की जानकारी, याचिका खारिज

पुणे, एजेंसी



**मानहानि मामला**

● कांग्रेस नेता पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कराई गई थी शिकायत दर्ज

● राहुल ने अदालत में अर्जी देकर उनकी मां के परिवार की जानकारी मुहैया कराने का अनुरोध किया था

पुणे की एक कोर्ट ने शनिवार को विनायक दामोदर सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर की मातृवंश की जानकारी मांगने वाली राहुल गांधी की अर्जी खारिज कर दी। कांग्रेस नेता द्वारा सावरकर पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में सत्यकी ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है और राहुल ने कोर्ट में अर्जी देकर उनकी मां के परिवार की जानकारी मुहैया कराने का अनुरोध किया था।

न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह मामला लंदन में राहुल गांधी द्वारा दिए गए कथित अपमानजनक भाषण से संबंधित है, न कि सत्यकी सावरकर की मां दिवंगत हिमानी अशोक सावरकर के मायके से। हिमानी सावरकर महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के छोटे भाई गोपाल विनायक गोडसे की बेटी थीं। गांधी ने अपने वकील के जरिये दलील दी थी कि शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज करते समय अपने पिता के परिवार का विवरण तो दिया था, लेकिन अपनी मां के मायके की जानकारी नहीं दी है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि यह जानकारी सुनवाई के लिए महत्वपूर्ण थी। कोर्ट कहा, यह मामला दिवंगत हिमानी अशोक सावरकर के वंश से संबंधित या विवाद को लेकर नहीं है। इसलिए, आरोपी के आवेदन में कोई गुण नहीं दिखती। मामले को आगे जांच के लिए भेजने की भी कोई जरूरत नहीं है। इस बीच, अदालत ने गांधी की जमानत रद्द करने का अनुरोध करने वाली सत्यकी सावरकर की याचिका को भी खारिज करते हुए कहा कि दिए गए आधार ऐसी कार्रवाई के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

## एक नजर

### नामपट्टिका पर पेशाब करने के आरोपी पर मामला दर्ज

**पुणे।** अम्बेगांव बुद्रुक में स्थित शिवाजी महाराज को समर्पित शिवसृष्टि थीम पार्क के गेट पर लगी नामपट्टिका पर शनिवार तड़के पेशाब करने के आरोप में 59 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया नवनाथ अमराले की शिकायत के आधार पर भारती विद्यापीठ पुलिस ने अमोल अरुण कुलकर्णी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा, शिकायतकर्ता दोस्त के साथ घर लौट रहा था, जब तड़के तीन बजे उसने एक व्यक्ति को शिवसृष्टि के गेट पर लगी नामपट्टिका पर पेशाब करते देखा।

### आय से अधिक संपत्ति में घिरे अफसरों के ठिकानों पर छापे

**बेलागवी।** कर्नाटक लोकायुक्त ने राज्य भर में उन सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की जिन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। बेलगावी, बागलकोट, बल्लारी, उडुपी, दावणगेरे, धारवाड़ और गदग सहित सात जिलों में छापेमारी की गई। जिन स्थानों पर छापे मारे गए वे बेलगावी में डी देवराज उर्स पिछड़ा अभिवृद्धि निगम के जिला प्रबंधक सिद्धलिंगप्पा, बागलकोट में ग्रामीण अभिवृद्धि और पंचयात राज विभाग के प्रथम श्रेणी सहायक शैला सुभाष तत्राणी तथा बल्लारी में पीडब्ल्यूडी से जुड़े हैं।

# भारतीय सेना ने किया अगली पीढ़ी की रक्षा प्रौद्योगिकी का परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

● तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना लक्ष्य

भारतीय सेना कई अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों का युद्ध जैसी परिस्थितियों में परीक्षण कर रही है, ताकि उनके प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया जा सके। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन परीक्षणों का उद्देश्य सेना की तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मूल्यांकन के दौर से गुजर रहे सैन्य साजो सामान में मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस), यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन, रनवे इंडिपेंडेंट, रिमोटली पायलटेड एरियल सिस्टम और काउंटर-यूएएस समाधान शामिल हैं। इन मूल्यांकनों के माध्यम से, भारतीय सेना का लक्ष्य अपनी तकनीकी बढ़त को विस्तार देना, परिचालन तत्परता को बढ़ाना और रक्षा क्षमता विकास में स्वदेशी नवाचार व आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी वचनबद्धता की पुष्टि करना है। भारतीय सेना वर्तमान में पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज, बबीना फील्ड फायरिंग रेंज और जोशीमठ सहित देश भर के प्रमुख स्थानों पर व्यापक क्षमता विकास प्रदर्शन कर रही है।

## जागरूकता अभियान




कोलकाता में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान में हिस्सा लेते स्वयंसेवक। इस दौरान तंबाकू के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों बताया गया। एजेंसी

# वायुसेना प्रमुख का हालिया बयान चिंताजनक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जुड़ी टिप्पणी चिंता का विषय है और ऐसे में सरकार को जरूरी सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए।

● कहा- परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जुड़ी टिप्पणी चिंता का विषय सरकार उठाए सुधारात्मक कदम

सिंह ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय विजय करार दिया था और विभिन्न रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अत्यधिक देरी पर गंभीर चिंता जताई थी। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में एयर चीफ मार्शल ने कहा कि एक भी परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई है। कांग्रेस नेता और तेलंगाना सरकार के मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, पार्टी भारत-पाकिस्तान संघर्ष में एक बहुत ही निर्णायक जीत में वायु सेना की भूमिका की सराहना करती है।

# प्रधानमंत्री ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली : नड्डा

जयपुर, एजेंसी



● कहा- पहले नेता आते थे एक दूसरे के दोषारोपण में समय गुजारते थे, लेकिन आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली और आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही है। नड्डा यहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तीकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से देश की तस्वीर बदली है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ लोगों का देश दौड़ लगाते हुए आगे बढ़ रहा है। इस बात को हम लोगों ने देखा है। हम अगर आपके पास आते हैं तो या तो कोई योजना देकर जाते हैं, बटन दबाकर आपके खाते में कुछ देकर जाते हैं और आपका सशक्तीकरण करने का काम करते हैं, यह हमारे काम करने का तरीका है।

# एनआईए ने तीन नक्सलियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड में तीन नक्सलियों के खिलाफ प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली में कथित रूप से शामिल होने के लिए आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के रांची में एक विशेष अदालत के समक्ष शुक्रवार को दाखिल पूरक आरोपपत्र में एनआईए ने कृष्णा हांसदा उर्फ सौरव दा उर्फ अविनाश दा, अभिजीत कोरा उर्फ मतला कोरा उर्फ सुनील कोरा और रामदयाल महतो उर्फ नीलेश दा उर्फ बच्चन दा पर 2023 के भाकपा (माओवादी) साजिश मामले में शामिल होने का आरोप लगाया है।

● प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली का मामला

# जयपुर में दो प्रमुख होटलों को बम से उड़ाने की धमकी, कार्यक्रम में तीन मंत्री भी थे मौजूद

जयपुर, एजेंसी

● धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद होटलों को खाली करवाया

जयपुर के दो प्रमुख होटलों में शनिवार को विस्फोटक होने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और इन होटलों को खाली करवाया गया। शनिवार को जब यह धमकी भरा ईमेल मिला उस समय राज्य सरकार के तीन मंत्री एक होटल में कार्यक्रम में भाग ले रहे थे।

हालांकि, होटल की गहन तलाशी ली गई लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। शहर में स्थित हॉलिडे इन होटल को शनिवार सुबह ईमेल के माध्यम से परिसर में बम होने की धमकी मिली। उस समय वहां एक कार्यक्रम चल रहा था। इसके मेहमानों में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, उद्यमिता मंत्री के.के. बिश्नोई और सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक शामिल थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मंत्री बेढम को कार्यक्रम के दौरान धमकी के बारे में बताया गया। उन्होंने कार्यक्रम में होटल को खाली करने की घोषणा की। इसके तुरंत बाद तीनों मंत्री वहां से चले गए।

अतिरिक्त उपायुक्त (दक्षिण) ललित शर्मा ने बताया कि बम और स्वान दस्ते ने होटल की गहन तलाशी ली लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। इसके कुछ ही देर बाद, दिल्ली रोड पर स्थित रैफल्स होटल को ईमेल के जरिए ऐसी ही धमकी मिली। आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और बम निरोधक दस्ते की टीम दोनों जगहों पर पहुंच गईं।

## कारोबार/कृषि

# इस्पात आयात पर शुल्क दोगुना कर 50 प्रतिशत करेंगे ट्रंप

## भारत में आवास, वाहन और अन्य सामान की बढ़ सकती हैं कीमतें

पेन्सिल्वेनिया, एजेंसी

● एल्युमीनियम शुल्क में भी बढ़ोतरी बुधवार से होंगी लागू



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को पेन्सिल्वेनिया के इस्पात कर्मियों से कहा कि वह उनके उद्योग की रक्षा के लिए इस्पात आयात पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर रहे हैं। यह एक नाटकीय वृद्धि है, जो आवास, वाहन और अन्य सामान बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली धातु की कीमतों को और बढ़ा सकती है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ये निर्यात अब तेजी से बढ़ते अमेरिकी शुल्क से प्रभावित होंगे, जिससे भारतीय उत्पादकों और निर्यातकों की लाभप्रदता को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, ट्रंप द्वारा शुल्क को दोगुना करने के बाद, यह देखना बाकी है कि क्या भारत एक महीने के भीतर कुछ अमेरिकी निर्यात पर शुल्क बढ़ाकर जवाबी कार्रवाई करेगा। भारत ने पहले ही डब्ल्यूटीओ में एक औपचारिक नोटिस दिया है, जिसमें उसने इस्पात पर पहले लगाए गए शुल्क के जवाब में अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी शुल्क लगाने के अपने इरादे का संकेत दिया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि एल्युमीनियम शुल्क को भी दोगुना करके 50 प्रतिशत किया जाएगा, और दोनों शुल्क बढ़ोतरी बुधवार से लागू होंगी। ट्रंप ने उपनगरीय पिट्सबर्ग में यूएस स्टील के मोन वैली वर्क्स-इरविन संयंत्र में बात की, जहां उन्होंने एक विस्तृत सौदे पर भी चर्चा की जिसके तहत जापान की निप्पॉन स्टील प्रतिष्ठित अमेरिकी स्टील विनिर्माता में निवेश करेगी। हालांकि, ट्रंप ने शुरू में पिट्सबर्ग स्थित यूएस स्टील को खरीदने के लिए जापानी स्टील विनिर्माता की बोली को रोकने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह अपना रुख बदल दिया और निप्पॉन द्वारा 'आंशिक स्वामित्व' के लिए एक समझौते की घोषणा की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उनके प्रशासन द्वारा मध्यस्थता में किया गया सौदा अंतिम रूप ले चुका है या नहीं, या स्वामित्व किस तरह का होगा। यूएस स्टील के एक गोदाम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ट्रंप ने कहा, हम आज यहां एक ब्लॉकबस्टर समझौते का जश्न मनाने के लिए आए हैं, जो यह सुनिश्चित करेगा कि यह प्रतिष्ठित अमेरिकी कंपनी एक अमेरिकी कंपनी बनी रहे।

उन्होंने कहा, आप एक अमेरिकी कंपनी बने रहेंगे, आप यह जानते हैं, है न? शुल्क के बारे में, ट्रंप ने कहा कि आयातित इस्पात पर शुल्क दोगुना करने से 'अमेरिका में इस्पात उद्योग और भी सुरक्षित हो जाएगा। लेकिन इतनी नाटकीय वृद्धि कीमतों को और भी अधिक बढ़ा सकती है। सरकार के उत्पादक मूल्य सूचकांक के अनुसार, जनवरी के मध्य में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से इस्पात की कीमतों में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### स्टील, एल्युमीनियम पर ऊंचे शुल्क से भारतीय निर्यातक चिंतित

नई दिल्ली, एजेंसी

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने अमेरिकी में स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की हाल की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से भारतीय स्टील निर्यात की सुरक्षा के लिए अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह किया है। निर्यातकों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी कार्रवाई से भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और वाहनों के कल पुर्जों का निर्यात प्रभावित होगा भारत के निर्यातकों के शीर्ष मंच फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील पाइप, स्ट्रक्चरल स्टील कंपोनेंट और ऑटोमोटिव स्टील पार्ट्स जैसी अर्ध-तैयार और तैयार इस्पात उत्पादों के निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा। ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा हैं, और उच्च शुल्क अमेरिकी बाजार में हमारी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकते हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को लगभग 6.2 अरब डॉलर मूल्य के स्टील और तैयार स्टील उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियर्ड और फैब्रिकेटेड स्टील घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला और लगभग 86 करोड़ डॉलर के एल्युमीनियम और उसके उत्पाद शामिल हैं।

**सरकार से निर्यात की सुरक्षा के लिए कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह**

# कच्चे खाद्य तेल पर सीमा शुल्क में 10% की कमी

● शुल्क बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना

नई दिल्ली, एजेंसी



खाद्य तेल की कीमतों को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत से कम करके 10 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि रिफाइंड ऑयल पर शुद्ध सीमा शुल्क अभी 35.25 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय द्वारा कल देर रात जारी अधिसूचना के अनुसार यह कमी शुक्रवार से प्रभावी हो गया है। इसके बाद कच्चे खाद्य तेल पर शुद्ध सीमा शुल्क 16.5 प्रतिशत हो गया है।

शुल्क में बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना है।सरकार ने यह कदम खाद्य तेल कीमतों में उछाल के बीच उठाया है। भारत में इस साल सरसों की बंपर फसल के प्रभाव को नकारते हुए खाद्य तेलों की कीमतें वैश्विक स्तर पर बढ़ गई हैं।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरसों तेल की कीमतें औसतन 25 प्रतिशत बढ़कर 170 रुपये प्रति लीटर से अधिक हो गई हैं। एक साल पहले की तुलना में 28 मई को पाम ऑयल की औसत खुदरा कीमत 34 प्रतिशत बढ़कर 134 रुपये प्रति लीटर हो गई जबकि सूरजमुखी की कीमतें 30 प्रतिशत अधिक थीं। सोया तेल में सबसे कम 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई और घरेलू बाजार में इसकी कीमत करीब 147 रुपये प्रति लीटर है।

# नैतिक तरीकों से अर्जित लाभ से राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन: सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उद्यमियों को संपत्ति सृजनकर्ता कहती है। उन्होंने कहा कि नैतिक तरीकों से उनके द्वारा अर्जित लाभ विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करते हैं।

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद व्याख्यान के 60 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्मारक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा, "भारत में संपत्ति सृजन कभी भी वर्जित नहीं रहा है। हमने संपत्ति सृजन को बढ़ावा दिया है। हम संपत्ति सृजन चाहते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में उद्यमियों को हम संपत्ति सृजनकर्ता कहते हैं। वे चोर नहीं हैं। पंडित उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। यह पार्टी ही अप्रैल 1980 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रूप में सामने आई। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि वास्तविक नैतिक प्रथाओं द्वारा लाभ अर्जित किया जाए। इससे ही राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन होगा। एक बार जब आपके पास संपत्ति होगी, तो आप श्रम को गरिमा देंगे, आप शिक्षा देंगे, आप कौशल देंगे, और आप राष्ट्र की गति और भावना को बढ़ावा देंगे। भारत के लिए दीनदयाल उपाध्याय के विचार को याद करते हुए, सीतारमण ने कहा कि योजना बनाते समय, हमें व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर मौजूद व्यक्ति को ध्यान में रखना चाहिए ताकि उसकी गरिमा को बरकरार रखते हुए उसका उत्थान किया जा सके।

# 8,450 करोड़ की तीन संपत्तियां इनविट फंड में स्थानांतरण को मंजूर

**नई दिल्ली।** देश के पहले सूचीबद्ध अवसंरचना निवेश ट्रस्ट आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने अपनी तीन राजमार्ग संपत्तियों को आईआरबी इनविट फंड में स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

इन संपत्तियों का कुल उद्यम मूल्य लगभग 8,450 करोड़ रुपये के करीब है। आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स की सहायक कंपनियों के बीच शेयर खरीद समझौता शुक्रवार को हुआ। यह लेन-देन वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है।

# जीएसटी पंजीकरण में देरी के सोशल मीडिया के दावे खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआईसी ने शनिवार को जीएसटी पंजीकरण देने में देरी और भ्रष्टाचार के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक दावे को खारिज करते हुए कहा कि आवेदक ने अभी तक दिल्ली राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा मांगे गए विवरण पेश नहीं किए हैं।

एक व्यक्ति ने पेशेवरों के लिए सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर बताया कि कैसे 20 दिन पहले आवेदन करने के बाद भी उसे जीएसटी पंजीकरण नहीं दिया गया है। इस पोस्ट को 'एक्स' पर एक अन्य उपयोगकर्ता ने साझा किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि जीएसटी पंजीकरण देने में भ्रष्टाचार है।

एक्स पर ही सीबीआईसी ने मामले के तथ्य दिए और कहा कि आवेदन इस सप्ताह 26 मई, 2025 को दायर किया गया था, जिसे दिल्ली राज्य जीएसटी को सौंपा गया था। सीबीआईसी ने कहा कि इस मामले में केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों की कोई भूमिका नहीं थी। मामले को तुरंत संसाधित किया गया था और कंपनी की ओर से किराया समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का पदनाम नहीं होने के बारे में सवाल किया गया था।

### खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कटौती से रिफाइनरों को संरक्षण मिलेगा: उद्योग निकाय

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल उद्योग निकाय एसईए और आईवीपीए ने कच्चे तेलों पर मूल सीमा शुल्क को घटाकर 10 प्रतिशत करने के सरकार के फैसले की सराहना करते हुए कहा है कि इस कदम से तैयार उत्पादों के आयात को हतोत्साहित किया जाएगा और घरेलू तेल परिशोधक कंपनियों (रिफाइनरों) के हितों की रक्षा होगी। इन तीनों उत्पादों पर प्रभावी आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क और अन्य शुल्क सहित) अब 16.5 प्रतिशत होगा, जबकि पहले यह 27.5 प्रतिशत था। पिछले छह महीनों में रिफाइंड पामोलीन के आयात में तेज वृद्धि होने के बाद, दोनों उद्योग निकाय, सरकार से कच्चे खाद्य तेलों और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच शुल्क अंतर को बढ़ाने का आग्रह करते आ रहे हैं। सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा, शुल्क अंतर को 8.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 19.25 प्रतिशत करने का सरकार का निर्णय एक साहसिक और समय पर उठाया गया कदम है।






## आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
मुंबई इंडियंस
शाम 7:30 बजे




**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



759 रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



25 विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 673 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 35 छक्के |
| 4. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 31 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

# आईपीएल फाइनल की दूसरी टीम का फैसला आज

## पंजाब किंग्स के सामने होगी मुंबई इंडियंस की कड़ी चुनौती


हार्दिक पंड्या

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अपने पहले खिताब की कवायद में लगी पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में रविवार को यहां पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। जिससे निश्चित तौर पर उसका आत्मविश्वास डिग गया होगा।


पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है, तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच सेमीफाइनल जैसा है। मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटंस को हराकर छठे खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाया। इस जीत से मुंबई का निश्चित तौर पर आत्मविश्वास बढ़ा होगा।

आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने हालांकि अभी तक यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। पिछले सत्र में सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।


**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवोन जैकब्स, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), कृष्णन श्रीजीत, नमन धीर, राज बावा, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन, चैरिथ असलंका।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस, हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर, प्रवीण दुबे।

**मौसम का हाल :** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान अहमदाबाद में बारिश की संभावना न के बराबर है। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से लेकर 33 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।


अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अभ्यास करते पंजाब किंग्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

पंजाब किंग्स में कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी के लिए चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके खिलाड़ी पिछले मैच में मिली करारी हार को भूल जाएं और अपनी ऊर्जा को उन चुनौतियों से लड़ने में लगाएं। जो विशेषकर गेंदबाजी विभाग में कुछ खिलाड़ियों के बाहर हो जाने से सामने आई हैं। इससे उसके मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है। मार्को यानसन की अनुपस्थिति और आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल की अनुपलब्धता टीम के लिए परेशानी का सबब बन गई है क्योंकि उसने इन खिलाड़ियों की जगह पर जो विकल्प आजमाए वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके।


श्रेयस अय्यर

### किंग्स के बल्लेबाजों को सुधार करना होगा

पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। टीम प्रबंधन अब अच्छी तरह से जानता है कि किसी भी विभाग में गलती करने का बड़ा खामियाजा भुगतना होगा। जहां तक मुंबई इंडियंस का सवाल है तो अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने शुरू में मिले दो जीवनदान का फायदा उठाकर गुजरात टाइटंस के खिलाफ बड़ी पारी खेली।

### रोहित लौटे लय में, अंकुश लगाना आसान नहीं

रोहित फिर से लय में लौट आए हैं और पंजाब किंग्स के गेंदबाजों के लिए उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। अगर समग्र तौर पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम में कोई कमी नजर नहीं आ रही है क्योंकि उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। फाइनल में पहुंचने के लिए उसकी टीम काफी हद तक रोहित, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या पर निर्भर रहेगी।


# काउंटी क्रिकेट ने मुझे 'बेसिक्स' की याद दिलाई: सुदर्शन

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

भारत के उदीयमान बल्लेबाज साई सुदर्शन को काउंटी क्रिकेट में कुछ मैच खेलने के बाद यकीन हो गया कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों पर ध्यान देना) सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे इंग्लैंड के अपने पहले टेस्ट दौरे से पहले उन्हें काफी आत्मविश्वास मिला है।

सुदर्शन ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस के लिए 54.21 की औसत से 759 रन बनाए। उनकी टीम के शुक्रवार की रात को एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद उनका ध्यान लाल गेंद की क्रिकेट पर केंद्रित हो गया है। पिछले कुछ सत्र

● **आईपीएल में 54.21 की औसत से सर्वाधिक 759 रन बनाए हैं साई ने**



में सरे के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के छह जून से नॉर्थम्पटन में भारत ए और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे मैच में खेलने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें यकीन नहीं है कि ऐसा संभव है। टेस्ट टीम छह जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी।

सुदर्शन ने कहा मैंने काउंटी क्रिकेट में सात मैच खेले हैं, इसलिए ईमानदारी से कहूं तो इससे मुझे बहुत अच्छा अनुभव हासिल हुआ। इससे मेरी बल्लेबाजी में तकनीक और बुनियादी बातों के मामले में कई गुना सुधार हुआ। इससे मुझे पता चला कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' सबसे महत्वपूर्ण चीज हैं। उन्होंने पीटीआई के सवाल के जवाब में कहा इसलिए, मुझे लगता है कि इससे मुझे मदद मिलेगी और मैंने जो सीखा है उस पर अधिक ध्यान दूंगा। में सीरीज से पहले खुद को जागरूक करने और जागरूकता पैदा करने पर ध्यान दूंगा। सुदर्शन ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से सीमित ओवरों की क्रिकेट में खेल रहे हैं और सफेद गेंद से खेलने की आदत तुरंत छोड़ना मुश्किल होगा लेकिन पहला टेस्ट मैच 20 जून से शुरू होगा और उनके पास लंबी अवधि के प्रारूप में खेलने के लिए सामंजस्य बिठाने के लिए पर्याप्त समय है।

उन्होंने कहा निश्चित रूप से, सफेद गेंद के टूर्नामेंट के तीन महीने के लंबे समय के बाद आपकी बल्लेबाजी में कुछ चीजें बदल गई होंगी। मुझे लगता है कि 'बेसिक्स' पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और उन्हें लाल गेंद के क्रिकेट में लागू करने में कुछ समय लगेगा, लेकिन सीरीज शुरू होने से पहले तैयारी करने के लिए हमारे पास कुछ अच्छा समय होगा। सुदर्शन से पूछा गया कि क्या आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारत की टी20 टीम में चुने जाने की उम्मीद है, उन्होंने कहा देश के लिए खेलना हर किसी का सपना होता है।

## भारत की युवा टीम इंग्लैंड में कुछ खास हासिल करने में सक्षम : डिविलियर्स

**मुंबई :** दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के युवा खिलाड़ियों में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में कुछ खास हासिल करने की क्षमता है, बशर्ते वे खुद पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नई पीढ़ी आगे आए। 25 वर्षीय शुभमन गिल की अगुवाई में भारत अगले महीने इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों के दौरे के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का नया चक्र शुरू करेगा। भारत को रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलेंगी। इन दोनों ने हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। भारत को ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की भी कमी खलेगी, जिन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान संन्यास ले लिया था। इसके अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भी कमी खलेगी, जो टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हैं। डिविलियर्स ने यहां एनजीओ प्रोजेक्ट मुंबई कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा हां, अब समय आ गया है कि युवा खिलाड़ी आगे आएं। शुभमन गिल जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा भारत में बहुत प्रतिभा है और इसका श्रेय काफी हद तक आईपीएल को जाता है, क्योंकि यह बहुत कम उम्र में ही कुछ युवाओं को अच्छा प्रदर्शन का मौका दे रहा है। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक बेहतरीन मंच है।



## वर्षों से बनी जीत की संस्कृति बड़े मैचों में मदद करती है: माहेला

**मुल्लापुर :** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने का मानना है कि उनकी टीम ने अपने मुख्य खिलाड़ियों के साथ वर्षों से जो जीत की संस्कृति बनाई है, उससे उन्हें दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम ने शुक्रवार को यहां आईपीएल के एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराकर दूसरे क्वालीफायर में प्रवेश किया जहां उसका सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा। जयवर्धने ने बड़े मैचों में टीम के अच्छे प्रदर्शन के संदर्भ में कहा कि जीत की संस्कृति बनाए रखने से उन्हें काफी मदद मिलती है। जयवर्धने ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह सहित टीम के मुख्य खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा इसलिए, हमारी बातचीत, रणनीति और सब कुछ इस बारे में है कि हम कैसे बेहतर हो सकते हैं, हम कैसे आगे बढ़ सकते हैं। ये खिलाड़ी वर्षों से टीम के विजयी अभियान का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी जीत के बारे में सब कुछ जानते हैं।

## खेल डायरी

### जय शाह ने म्यूनिख में यूईएफए अध्यक्ष सेफरिन से मुलाकात की



**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने इंटर मिलान और पेरिस सेंट जर्मन के बीच एलियांज एरिना में खेले जाने वाले चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन से मुलाकात की। बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह ने शुक्रवार को सेफरिन से मुलाकात की। शाह ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने और यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन के साथ चर्चा करने का सम्मान मिला। हमारे खेल को विश्व स्तर पर पहुंचाने के लिए अन्य खेलों के प्रमुखों से मुलाकात करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। शाह ने इस वर्ष की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के पूर्व अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की थी। लॉस एंजिलिस में 2028 होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी होगी।

### ललित ने आईबीबीएफ विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण जीते

**अहमदाबाद :** गुजरात के ललित पटेल ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित आईबीबीएफ विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते। मास्टर टू श्रेणी (83-93 किग्रा) में चुनौती पेश करने वाले पटेल ने 10 से 12 मई के बीच आयोजित प्रतियोगिता में बेंच प्रेस डेडलिफ्ट और 'स्क्वाट' स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### सात्विक-चिराग का सफर सिंगापुर ओपन में खत्म

**सिंगापुर :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी का सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार सफर पुरुष युगल के सेमीफाइनल में शनिवार को यहां मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक के खिलाफ हार के साथ खत्म हो गया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले गेम की बढ़त को भुनाने में नाकाम रही और 64 मिनट तक चले मुकाबले को 21-19, 10-21, 18-21 से गंवा बैठी।

# अल्काराज और होल्गर रूण फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस, एजेंसी :** गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने चार सेट तक चले संघर्ष पूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके होल्गर रूण के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया।

अल्काराज ने रात के सत्र में खेले गए मैच में बोस्निया के 33 वर्षीय खिलाड़ी दामिर दजुमुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। यह पहला अवसर था जबकि स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज बोस्निया के खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि इस मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं था। अल्काराज ने कहा आज मुझे काफी परेशानी हुई। पहले दो सेट में मैंने नियंत्रण बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उसने आक्रामक होकर खेलना शुरू कर दिया। यह मेरे लिए वास्तव में मुश्किल था। चौथे दौर में उनका सामना बेन शेल्टन से होगा। इस बीच डेनमार्क के 10वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रूण ने फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस को पांच सेट तक चले मैच में 4-6, 6-2, 5-7, 7-5, 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। रूण ने इस दौरान एक दर्शक को बाहर करने की अपील भी की जो लगातार उन पर चिल्ला रहा था। चौथे दौर में उनका मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।


बोस्निया के दामिर दजुमुर को हराने के बाद जश्न मनाते स्पेन के कार्लोस अल्काराज़।

## नायर के दोहरे शतक से भारत ए के 557 रन, चाय तक लायंस के एक विकेट पर 75 रन

**कैंटरबरी (इंग्लैंड) :** करुण नायर के शानदार दोहरे शतक से भारत ए ने शनिवार को यहां चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 557 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके बाद इंग्लैंड लायंस ने चाय तक एक विकेट गंवाकर 75 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज बेन मैकिनी (16) के जल्दी आउट होने के बाद एमिलियो गे 28 रन और टॉम हेन्स 25 रन बनाकर क्रीज पर थे। लायंस अभी 482 रन से पीछे हैं।

अंशुल कंबोज ने मैकिनी का विकेट झटका और अपनी सटीक और स्विंग गेंदबाजी से प्रभावित किया। इससे पहले नायर के दोहरे शतक से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस पर दबदबा बनाया जिन्होंने 281 गेंद का सामना करते हुए 26 चौके और एक छक्का जड़कर 204 रन बनाए। भारत ए की टीम सुबह तीन विकेट पर 409 रन से खेलने उतरी। नायर ने 186 रन से आगे खेलना शुरू किया और तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद पर कवर के ऊपर से चौका लगाकर 272 गेंद में 200 रन पूरे किए। भारत ए ने ध्रुव जुरेल (94) और नीतिश कुमार रेड्डी (07) के रूप में दो विकेट जल्दी गंवा दिए थे। नायर और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए 195 रन जोड़े।

# भारत 24 पदक के साथ एशियाई एथलेटिक्स में दूसरे स्थान पर

**गुमी (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, कई व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और अंतिम दिन छह पदकों के साथ कुल 24 पदकों के साथ अपना अभियान खत्म किया।

भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के आखिरी दिन शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन से तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक हासिल किए। पारुल चौधरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा रजत पदक जीता और भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी दूसरे स्थान पर रहे जबकि धावक अनिमेष कुजूर ने राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। विथ्या रामराज और पूजा ने भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। अभिनया राजराजन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43.86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा। भारत का अभियान इस तरह आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदकों के साथ खत्म हुआ। भारतीय दल पिछले सत्र में 27 पदक जीते थे। भारत के कुल पदकों की संख्या पिछली बार से तीन कम है लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार दो स्वर्ण पदक अधिक जीते हैं। भारत पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। चीन ने 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत का यह 2017 में भुवनेश्वर में हुए इन खेलों के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भुवनेश्वर में भारत 29 पदक (10 स्वर्ण, छह रजत और 13 कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर था। जापान पांच स्वर्ण, 11 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। पारुल महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15.33 सेकंड (15:15.33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था।




● **सचिन, पारुल और महिला रिले टीम ने रजत पदक जीता**


सचिन यादव। ● एजेंसी

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास किए। उभरते सितारे 25 वर्षीय यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। सचिन यहा विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन मार्क 85.50 मीटर को मामूली अंतर से चूक गये। उन्होंने अपने टखने और कंधे की चोट का जिक्र करते हुए कहा कि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ठ नहीं है। उत्तर प्रदेश में बागपत के निकट खेकड़ा गांव के एक किसान परिवार में जन्में यादव का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.39 मीटर था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी यशवीर सिंह ने भी प्रभावित किया तथा 82.57 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। कुजूर ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य जीता।

## जान बचाने की जद्दोजहद



मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में मूसलधार बारिश के बाद जलजमाव की स्थिति बन गई है। इस दौरान पानी से घिरे इलाकों में फंसे लोगों की मदद के लिए रस्सी के सहारे कमर तक भरे कीचड़युक्त पानी में बचावकर्मी संघर्ष कर रहे। मणिपुर में लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जबकि राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बारिश के कारण ऊपरी इलाके लोग घरों में कैद हो गए है और नीचले क्षेत्र में पानी भर जाने से तबाही सा मंजर बना हुआ है। एजेंसी

# भारतीय रुपया विदेश में कितना ताकतवर

रुपया (आईएनआर) भारत की आधिकारिक मुद्रा है, लेकिन इसकी स्वीकार्यता सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। भारत के कुछ पड़ोसी देशों और अन्य देशों में भी यह मुद्रा या तो अनौपचारिक रूप से उपयोग की जाती है या कानूनी मान्यता प्राप्त है। भारत का आर्थिक प्रभाव, पर्यटकों की संख्या, और पड़ोसी देशों के साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध इसके प्रमुख कारण हैं। कुछ देशों में भारतीय मुद्रा को सीमित सीमा तक स्थानीय दुकानों या बाजारों में स्वीकार किया जाता है, जबकि जिंबाब्वे जैसे देश में इसे कानूनी मुद्रा के रूप में मान्यता प्राप्त है। हालांकि, विदेश यात्रा करते समय भारतीय रुपये की सीमित मात्रा ले जाने की अनुमति होती है, और हर देश की अपनी विनिमय नीतिया होती हैं।

### रुपया कहां-कहां मान्य

**भारतीय रुपया मुख्यत:** भारत की मुद्रा है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुछ देशों में यह मुद्रा स्वीकार की जाती है। इन देशों में इसका उपयोग दो श्रेणियों में होता है- अनौपचारिक रूप से स्वीकार किया गया और कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त।

### अनौपचारिक रूप से स्वीकार करने वाले देश

**नेपाल में रुपया की मान्यता :** भारत और नेपाल के बीच सामाजिक संबंध हैं। भारतीयों की संख्या अधिक होने से 100 रुपये तक के नोट स्वीकार हैं।

**भूटान में रुपये की उपयोगिता :** भूटान की मुद्रा नगुलत्रुम भारतीय रुपये के बराबर है। भारत और भूटान के बीच आर्थिक साझेदारी से 100 रुपये तक के नोट उपयोग हैं। भूटान में रुपया पर्यटन और व्यापार में सहायक है।

**बांग्लादेश में रुपये का सीमित प्रयोग :** भारत से सटे बांग्लादेशी सीमावर्ती इलाकों में व्यापार और चिकित्सा कारणों से भारतीय मुद्रा का अनौपचारिक प्रयोग होता है। स्थानीय दुकानों में 50 और 100 रुपये के नोटों को स्वीकार किया जा सकता है।



### मालदीव में पर्यटक करते हैं उपयोग

मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या बहुत अधिक है। होटल, रिसॉर्ट और कुछ स्थानीय दुकानों में भारतीय रुपया स्वीकार किया जाता है, लेकिन यह पूरी तरह कानूनी नहीं है। विदेशी मुद्रा में भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

संबंधित देश की मुद्रा नीति की जानकारी लें।

आईबीआई की वेबसाइट या वित्तीय सलाहकार से मार्गदर्शन लें।

कुछ देशों में केवल छोटे मूल्य के नोट ही मान्य होते हैं।

मुद्रा विनिमय दरों की जांच करें।

### कितनी राशि ले जाने की अनुमति

भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार, नेपाल और भूटान को छोड़कर आप विदेश यात्रा में अधिकतम 25,000 रुपये ही साथ ले जा सकते हैं। इससे अधिक राशि ले जाना अवैध माना जाता है। वहीं नेपाल में अब 4.25 लाख रुपये लेकर भारतीय पर्यटक जा सकते हैं। नेपाल सरकार ने अपने आर्थिक बजट में इसे शामिल किया है। नेपाल के अर्थ मंत्री विष्णु प्रसाद पौडेल ने यह प्रावधान रखा, जिसमें अब भारतीय पर्यटक 4.25 लाख नकद लेकर नेपाल में प्रवेश कर सकेंगे।

### रुपया यहां कानूनी मुद्रा

जिंबाब्वे में 2009 से अपनी अस्थिर मुद्रा के स्थान पर कई विदेशी मुद्राओं को कानूनी दर्जा दिया गया। अमेरिकी डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड के साथ भारतीय रुपया भी कानूनी रूप से मान्य है। इसका उपयोग व्यापार और रोजमर्रा की खरीदारी में होता है।

## एक नजर

### सेना प्रमुख ने सीमा पर की तैयारियों की समीक्षा

**जम्मू।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू के परगवाल सेक्टर के दौरे के दौरान परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और ऑपरेशन सिंदूर में पूर्व सैनिकों की भूमिका की सराहना की। जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा, सीओएएस जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के परगवाल सेक्टर में परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और टाइगर डिवीजन का दौरा किया, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सैनिकों की सराहना की।

### इंडोनेशिया में खदान ढहने से अब तक 14 की मौत

**सिरेबोन (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में शुक्रवार को खदान के धंस जाने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। सिरेबोन जिले में गुनुंग कुडा खदान ढहने से दो दर्जन से अधिक लोग मलबे में फंस गए थे। शुरुआत में बचावकर्मियों ने तलाश अभियान के दौरान मलबे से एक दर्जन घायल लोगों और 10 शवों को निकाला था।

### दिल्ली समेत 15 शहरों में एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए की कई टीमों ने शनिवार को 8 राज्यों के दिल्ली, चंडीगढ़ और कोलकाता समेत 15 शहरों में छापेमारी की। इससे कुछ दिन पहले ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) मोतीराम जाट को पाकिस्तान में खुफिया अधिकारियों के साथ भारत की खुफिया जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मोतीराम ने एनआईए को अहम जानकारी दी थी, जिसके कारण इस मामले की जांच कर रही एनआईए ने दिल्ली, चंडीगढ़ और कोलकाता समेत 15 जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की।

### विदेशी जहाज से अस्वस्थ कैप्टन को निकाला

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने समुद्र में बहामास ध्वज वाले जहाज से अस्वस्थ कैप्टन को निकाला। तटरक्षक बल (आईसीजी) ने एक्स पर कुछ तस्वीरें शनिवार को साझा कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि आधी रात को बचाव अभियान में भारतीय तटरक्षक बल स्टेशन (काकीनाडा) ने जीवन रक्षक चिकित्सा निकासी अभियान का समन्वय किया। आईसीजीएस ने रात में बहामास ध्वज वाले जहाज से अस्वस्थ कैप्टन को निकाला, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा था। मरीज को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

# हिंद-प्रशांत के सहयोगियों को चीन से बचाएगा अमेरिका

## रक्षा मंत्री ने कहा- चीन के बढ़ते दबाव को झेल रहे देशों को अकेला नहीं छोड़ेंगे

- **पीट हेगसेथ बोले- अमेरिका के सहयोगी देशों को भी बढ़ाना चाहिए अपना रक्षा खर्च**
- **अमेरिका सुरक्षा व्यवस्था करेगा मजबूत ताकि ताइवान के प्रति चीन के रुख का कर सके मुकाबला**

सिंगापुर, एजेंसी

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों से शनिवार को कहा कि उनका देश चीन की ओर से बढ़ते सैन्य और आर्थिक दबाव का सामना करने के लिए उन्हें अकेला नहीं छोड़ेगा, लेकिन इन देशों को भी अपना रक्षा खर्च बढ़ाना चाहिए।

हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका देश के बाहर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा ताकि वह चीन की ओर से तेजी से बढ़ रहे खतरों, विशेष रूप से ताइवान के प्रति उसके आक्रामक रुख का मुकाबला कर सके। चीन ने यह परीक्षण करने के लिए कई (सैन्य) अभ्यास किए हैं कि स्वशासित द्वीप ताइवान की नाकाबंदी कैसी की जा सकती है। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और अमेरिका ने इसकी रक्षा करने का संकल्प जताया है।

सिंगापुर में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा कि चीन की सेना किसी बड़ी घटना की तैयारी के लिए अभ्यास कर रही है। हम चिकनी चुपड़ी बात नहीं करेंगे। चीन द्वारा उत्पन्न खतरा वास्तविक है और यह निकट भविष्य में सामने आ सकता है।




### वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में हेगसेथ ने रखे विचार

हेगसेथ ने 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सिक्योरिटी स्टडीज' की ओर से आयोजित वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में कहा कि चीन अब ताइवान पर कब्जा करने के लिए न केवल अपने सैन्य बलों को मजबूत कर रहा है बल्कि वह ''इसके लिए हर दिन सक्रिय रूप से प्रशिक्षण आयोजित भी कर रहा है।'' हेगसेथ ने लैटिन अमेरिका में चीन की महत्वाकांक्षाओं, विशेषकर पनामा नहर पर प्रभाव बढ़ाने के उसके प्रयासों की भी आलोचना की। उन्होंने क्षेत्र के देशों से आग्रह किया कि वे रक्षा व्यय को अपने सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत के बराबर स्तर तक बढ़ाएं।

### सभी को देना होगा योगदान, अमेरिका अकेले आगे बढ़ने की रूचि नहीं रखाता

हेगसेथ ने कहा कि हम सभी को अपना योगदान देना होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कुछ महीने पहले पैट्रियट मिसाइल रक्षा बटालियन को पश्चिम एशिया में भेजने के लिए इसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र से हटा दिया। हेगसेथ ने गया कि अगर हिंद-प्रशांत अमेरिका के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र है तो अमेरिका ने उन संसाधनों को वहां से क्यों हटाया। हेगसेथ ने इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया लेकिन कहा कि यमन से किए गए हूती मिसाइल हमलों से बचाव और अमेरिका में अवैध आव्रजन के खिलाफ सुरक्षा को मजबूत करने के लिए संसाधनों का स्थानांतरण आवश्यक था। उन्होंने अमेरिकी सहयोगियों और साझेदारों द्वारा अपने रक्षा खर्च और तैयारियों को बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अमेरिका अकेले आगे बढ़ने में रुचि नहीं रखता।

# थरूर की नाराजगी के बाद बदला कोलंबिया का सुर

- **ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में हुई क्षति पर व्यक्त की थी संवेदना**

बोगोटा, एजेंसी

कोलंबिया ने पहलगाम हमले के जवाब में भारत के सैन्य हमलों के बाद हुए जान-माल के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाला अपना बयान वापस ले लिया है। भारत के प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन देने की बात कोलंबिया के सामने रखी जिसके बाद कोलंबिया ने अपना बयान वापस ले लिया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेंशियो से मुलाकात के बाद बोगोटा द्वारा विवादास्पद बयान वापस लेने की पुष्टि की। थरूर सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के दृष्टिकोण से अवगत कराने के लिए कोलंबिया की यात्रा पर गए हैं। कोलंबिया से प्रतिनिधिमंडल ब्राजील जाएगा। यह पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में अमेरिका जाएगा।



बोगोटा में कोलंबिया की विदेश उप मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेन्सियो के साथ शशि थरूर और प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

### डेनमार्क-मलेशिया को चुनौतियों से कराया अवगत

**कोपेनहेगन/कुआलालंपुर।** भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को डेनमार्क और मलेशिया के नेताओं को सीमा पार आतंकवाद की चुनौतियों से अवगत कराया। रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल डेनमार्क की राजधानी में है। वहीं दूसरी ओर संजय झा के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मलेशिया पहुंचा और मलेशियाई मंत्रियों और सांसदों से मुलाकात की। उन्हें आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के भारत के संकल्प से अवगत कराएगा।

### लातविया-इथेपिया ने आतंकवाद के प्रति विरोध जताया

रीगा/अदीस अबाबा। लातविया के शहर रीगा पहुंचे भारतीय दल ने विदेश मंत्री एंडजेज विलम्सन से मुलाकात की। विलम्सन ने आतंकवाद के सभी प्रकारों के प्रति लातविया के स्पष्ट विरोध को दोहराया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। सांसद कनिमोई करुणानिधि प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। वहीं इथोपिया की राजधानी अदीस अबाबा गए प्रतिनिधिमंडल ने उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की। फराह ने आतंकवाद से निपटने में भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सुप्रिया सुले का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को अदीस अबाबा पहुंचा था।

# परमाणु के लिए यूरेनियम के भंडार में वृद्धि कर रहा ईरान

- **आईएईए ने ईरान से अपने रुख में बदलाव और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा**

वियना, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने शनिवार को एक गोपनीय रिपोर्ट में खुलासा किया कि ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्द्धन भंडार को हथियार स्तर तक बढ़ा दिया है। आईएईए ने ईरान से तत्काल अपने रुख में बदलाव करने और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा गया है।

आईएईए की यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है, जब ईरान और अमेरिका संभावित परमाणु समझौते को लेकर कई दौर की वार्ता कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मामले में किसी समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। वियना स्थित आईएईए की इस रिपोर्ट का एसोसिएटेड प्रेस ने अवलोकन किया है। 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम 408.6 किलोग्राम था, जो फरवरी की पिछली रिपोर्ट से 133.8 किलोग्राम अधिक है। यह हथियार बनाने के लिए जरूरी 90 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम से एक कदम पीछे है। फरवरी में एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का भंडार 274.8 किलोग्राम है।

## युद्ध विराम वार्ता अधर में, रूसी हमले में बच्ची सहित दो की मौत

**कीव।** यूक्रेन में रूसी ड्रोन व मिसाइल हमले में शनिवार को नौ वर्षीय लड़की सहित दो लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के अधिकारी ने यह जानकारी दी। रूस द्वारा अगले सप्ताह की शुरुआत में इस्तांबुल में प्रस्तावित शांति वार्ता के लिए नए सिरे से बैठक में यूक्रेन के राजनयिकों के भाग लेने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूसी सैनिकों ने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात यूक्रेन में 109 ड्रोन और पांच मिसाइलें दागीं। सेना ने बताया कि वायु रक्षा प्रणाली ने तीन मिसाइलों और 42 ड्रोन को नष्ट कर दिया गया जबकि 30 अन्य ड्रोन बिना नुकसान पहुंचाए अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहे। जापोरिज्जिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि जापोरिज्जिया क्षेत्र के डोलिंका में अग्रिम पंक्ति के एक गांव पर हमले में नौ वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई और 16 वर्षीय एक नाबालिग घायल हुआ है। फेडोरोव ने 'टेलीग्राम' ऐप पर लिखा कि एक घर नष्ट हो गया। विस्फोट से उत्पन्न कंपन ने कई अन्य घरों, कारों और बाहरी इमारतों को भी नुकसान पहुंचाया।

# हार्वर्ड आने वाले आवेदकों की जांच करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी संघीय अधिकारी हार्वर्ड विवि में पढ़ने, काम करने या वहां जाने की योजना बनाने वाले वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया खातों की जांच करेंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं उनका रुख यहूदी विरोधी तो नहीं है।

शुक्रवार को भेजे गए विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा हस्ताक्षरित संदेश में विश्वविद्यालय पर हिंसा और परिसर में यहूदी विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया गया है। यह पत्र 'एसोसिएटेड प्रेस' के पास उपलब्ध है। इसमें कहा गया है कि इस कदम से वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को उन आवेदनों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनका रिकॉर्ड संबंधित अपराधों में संलिप्त होने का रहा हो और अमेरिकी आव्रजन कानून के तहत उनकी वीजा पात्रता पर उचित विचार किया जा सकेगा। यह जांच तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है और अमेरिकी दूतावासों एवं वाणिज्य दूतावासों को पत्र भेज दिया गया है।

गोपनीय पत्र के अनुसार, इसे प्रायोगिक व्यवस्था के रूप में लागू किया जाएगा जिसे और अधिक व्यापक रूप से विस्तारित किया जा सकता है। इस पर हार्वर्ड की प्रतिक्रिया के लिए ईमेल किया गया लेकिन फिलहाल कोई जवाब नहीं आया है।



### कर्मियों को नौकरी से निकालने के ट्रंप के आदेश पर रोक कायम

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका की अपीलीय अदालत ने कैलिफोर्निया के न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को मना कर दिया, जिसमें संघीय कार्यबल में कटौती के राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के आदेश पर रोक लगी थी। इसका मलतब है कि सरकार दक्षता विभाग (डीओजीई) की सिफारिश वाली श्रमबल कटौती फिलहाल स्थगित रहेगी। रिपब्लिकन प्रशासन ने सैन फ्रांसिस्को और शिकागो सहित कई शहरों एवं श्रमिक संघों द्वारा दायर मुकदमे में सैन फ्रांसिस्को के न्यायाधीश सुसान इलस्टन द्वारा जारी आदेश पर तुरंत रोक लगाने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने अपने आदेश में सवाल उठाया कि क्या ट्रंप प्रशासन द्वारा संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का प्रयास वैधानिक रूप से सही है।

# भारत-पाकिस्तान में परमाणु युद्ध को व्यापार से रोकना गर्व की बात : ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जिस 'सौदे' पर उन्हें सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध को गोलियों के बजाय व्यापार से रोकने में सफल रहे। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान से कहा कि अगर वे संघर्ष नहीं रोकेंगे तो अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापार बंद कर देगा।

भारत ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय और अमेरिकी नेताओं में व्यापार पर कोई चर्चा नहीं हुई। भारत ने अमेरिका के इस दावे को खारिज किया कि व्यापार संबंधी उसके प्रस्ताव से संघर्ष रोकने पर सहमति बनी। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि मुझे लगता है कि जिस सौदे पर मुझे सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि हम भारत के साथ काम कर रहे हैं, हम पाकिस्तान के साथ काम कर रहे हैं और हम गोलियों के बजाय व्यापार के माध्यम से संभावित परमाणु युद्ध को रोकने में सफल रहे।



- **भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को किया है खारिज**

ट्रंप ने कहा कि आमतौर पर वे गोलियों के माध्यम से ऐसा करते हैं। हम व्यापार के माध्यम से ऐसा करते हैं, इसलिए मुझे इस पर बहुत गर्व है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता है, लेकिन पाकिस्तान और भारत के बीच एक बहुत ही भयानक संभावित युद्ध हो रहा था। अब यदि आप देखें तो वे सही दिशा में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह बहुत बुरा होता जा रहा था। यह बहुत खराब होता जा रहा था। वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। पाकिस्तानी प्रतिनिधि अगले सप्ताह अमेरिका आ रहे हैं। ट्रंप ने 'एयर फोर्स वन' से निकलने के बाद 'जॉइंट बेस एंड्रयूज' में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हम भारत के साथ सौदा करने के बहुत करीब हैं। अगर वे एक-दूसरे के साथ युद्ध करते हैं तो मुझे उनमें से किसी के साथ सौदा करने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी। मैं ऐसा नहीं करूंगा और मैं उन्हें बता दूंगा। यह एक दिन में दूसरी बार है जब ट्रंप ने अपना यह दावा दोहराया है।

**अंतरिक्ष की यात्रा** | गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष में जाएंगे भारतीय, नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर

# चांद के साथ अंतरिक्ष में मानव भेजने की तैयारी में इसरो

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब चांद पर मिशन के साथ ही अंतरिक्ष में मानव भेजने की भी तैयारी कर रहा है। गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे। वहीं, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है।

इसरो चंद्रयान, गगनयान और भारत-अमेरिका निसार मिशन सहित कई सफल प्रक्षेपण के साथ ही एक्सिओम-4 मिशन पर देश के पहले अंतरिक्ष यात्री को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर भेजने के लिए प्रतिबद्ध है। इसरो ने अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए यह नवीनतम जानकारी साझा की। एजेंसी ने कहा कि श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से पांच प्रक्षेपण सफल रहे हैं जिनमें आठ भारतीय अंतरिक्ष यान, एक विदेशी उपग्रह और पीओईएम 3 और 4 सहित छह रॉकेट निकायों का सटीक प्रक्षेपण है। इनमें पीएसएलवी-सी58/एक्सपोसैट, पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3, पीएसएलवी-सी60/एसपीएडेक्स डॉकिंग प्रायोगिक मिशन, जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस और एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन शामिल थे। इन सभी ने अपनी कक्षा में पेलोड को प्रक्षेपित किया। अपनी उपलब्धियों को दर्शाते हुए इसरो ने बताया कि संगठन के जीसैट-20 को स्पेसएक्स के फाल्कन-9 ब्लॉक 5 द्वारा केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया। टीएसएटी-1 ए को भी फाल्कन-9 द्वारा ही लॉन्च किया गया जिसके परिणामस्वरूप कुल आठ भारतीय उपग्रहों, एक विदेशी उपग्रह, और छह रॉकेट निकाय (पोयम -3 और पोयम - 4 सहित) को उनकी इच्छित कक्षाओं में प्रक्षेपित किया गया। वेबसाइट के मुताबिक पिछले साल 31 दिसंबर तक निजी आपरेटरों/शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 36 भारतीय अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किये गये। भारत सरकार के स्वामित्व वाले परिचालन उपग्रहों की संख्या लियो (निम्न पृथ्वी कक्षा) में 22 और जियो (भू-समकालिक पृथ्वी कक्षा) में 31 है। भारतीय अंतरिक्ष मिशन -अर्थात् चंद्रयान-2 ऑर्बिटर (सीएच 20) और सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु पर आदित्य-एल1 भी सक्रिय थे। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान के प्रणोदन मॉड्यूल ने चंद्र कक्षा से स्थानांतरित होने के बाद उच्च पृथ्वी की कक्षा में काम करना जारी रखा।




### पीएसएलवी - सी 3 का मलबा अभी भी कक्षा में है मौजूद

इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने इसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंट द्वारा संकलित भारतीय अंतरिक्ष स्थिति आकलन रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पीएसएलवी -सी 3 का ऊपरी चरण 2001 में टूट गया था, जिससे 371 टुकड़े हुए थे और वायुमंडल में प्रवेश कर गए हैं। 2024 के अंत तक पीएसएलवी - सी 3 का मलबा कक्षा में ही है। 34 रॉकेट निकायों ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश किया और उस समय ऐसे पांच पुनः प्रवेश हुए। इसरो की वेबसाइट के मुताबिक सभी एलवीएम 3 रॉकेट निकाय क्षय हो चुके हैं और केवल एलवीएम 3 एम 2 वन वेब इंडिया- मिशन से एक ही राकेट कक्षा में बचा हुआ है। जीएसएलवी रॉकेट निकायों में से केवल जीएसएलवी -एफ 12 और जीएसएलवी- एफ 14 रॉकेट निकाय कक्षा में हैं। वर्ष 2024 के अंत तक कुल 31 भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर चुके हैं। वर्ष 2024 में नौ भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर चुके हैं।